@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 7 जून 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 199 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## देश को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं: पीयूष गोयल

नई दिल्ली, 6 जून। भारत के अर्थव्यवस्था की उपलब्धि साधारण उपलब्धि नहीं है। पूरा विश्व इसे गंभीरता से देख रहा है और समझ रहा है। भारत का विकास पीएम मोदी के नेतृत्व में होने जा रहा है। एक बार फिर मोदी सरकार बन रही है इस बात से राहुल गांधी बहुत परेशान नजर आ रहे हैं। ऐसे में वे अपने बयान से निवेशकों को हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। इक्विटी मार्केट में चुनाव के हिसाब से अलग अलग तरीके से बदलाव होते रहते हैं। ये बातें भाजपा नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के शेयर बाजार में घोटालों के आरोपों के पलटवार में कही है। गोयल ने यह भी कहा कि देश की जनता को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं है। गोयल ने कहा, दुनिया भर में इस तरह से इक्विटी मार्केट चलती है। देखना यह है कि लंबे अरसे में इक्विटी मार्केट में क्या हुआ है। देश के निवेशक जानते हैं कि पिछले दस वर्ष के सफलतापूर्वक मोदी सरकार के कार्यकाल में हमारा मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ का कीर्तिमान हासिल किया है। पीएसयू का मार्केट कैप भी चार गुना मोदी सरकार के कार्यकाल में बढ़ा है। यूपीए काल में भारत का मार्केट कैप मात्र 67 लाख करोड़ रुपये था। आज यह बढ़कर 415 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह 348 लाख करोड़ रुपये की बढ़त पिछले दस वर्षों में हुई है। गोयल ने कहा, पिछले 60 वर्षों में भारतीय बाजार ने जो मार्केट कैप हासिल किया उससे पांच गुना मोदी सरकार के कार्यकाल में हासिल किया गया।

# दिल्ली में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी आप

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 6 जून। दिल्ली में विधायकों के साथ बैठक के बाद आम आदमी पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने बयान जारी कर कहा, आप दिल्ली में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था। बता दें कि आज (गुरुवार) को पार्टी ने अपने सभी विधायकों को मुख्यमंत्री आवास पर मीटिंग के लिए बुलाया था। मौजूदा समय में 70 विधानसभा सीटों पर आप के 62 विधायक हैं। आम आदमी पार्टी ने भाजपा अध्यक्ष के बयान पर निशाना साधा। आप नेताओं का कहना है कि पार्टी जाति या धर्म में निहित किसी भी राजनीति की कड़ी निंदा करती है। हम समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे सभी को लाभ हो। केंद्र सरकार गरीब विरोधी है। लोकसभा चुनाव के परिणाम ने भाजपा की विफलता को उजागर किया है। भाजपा सरकार ने गरीबों की संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया। हम इस देश के लोगों के आभारी हैं कि उन्होंने भाजपा को करारा जवाब दिया। भाजपा अब आरक्षण को खत्म करने के लिए संविधान में संशोधन नहीं कर सकेगी। वहीं दिल्ली में लोकसभा चुनाव की बात करें तो आप का वोट शेयर 2014 और 2019 के चुनावों की तुलना में काफी बढ़ा है। दिल्ली के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में जहां केंद्र सरकार के कर्मचारी रहते हैं, उन्होंने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में आप के पक्ष में और भाजपा के खिलाफ भारी मतदान किया है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के मजबूत प्रदर्शन के बावजूद भाजपा 2015 के विधानसभा चुनावों में सिर्फ तीन सीटों पर सिमट गए और 2020 में 8 सीटों पर सिमट गए। इस बार लोकसभा में आप का वोट शेयर बढ़ा है। ऐसे में इस बार विधानसभा चुनावों में भाजपा का सफाया हो जाएगा। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़े। कुल सात सीटों में से जहां चार पर आप तो वहीं तीन सीटों पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा। गठबंधन के उम्मीदवार आप के 44 विधायकों के क्षेत्रों में धराशायी हो गए। आप के चार उम्मीदवारों में से तीन वर्तमान में विधायक हैं, लेकिन इन तीनों में से दो अपने ही विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार से हार गए हैं। दिल्ली की कुल 70 विधानसभा क्षेत्रों में सिर्फ 18 क्षेत्रों पर ही गठबंधन के उम्मीदवारों को भाजपा उम्मीदवार से जीत मिली है। कुलदीप कुमार कोंडली से विधायक हैं। यहां पर उन्हें 57985 मत मिले हैं। वहीं भाजपा उम्मीदवार हर्ष




मल्होत्रा को 59551 मत मिले। वहीं मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती को अपनी सीट पर 39700 मत मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज को 43623 वोट मिले। सिर्फ तुगलकाबाद विधानसभा से विधायक और लोकसभा उम्मीदवार सही राम पहलवान भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी से लगभग 5000 मतों से आगे रहे। इसी तरह पश्चिमी दिल्ली से आप उम्मीदवार महाबल मिश्रा अपने बेटे और आप विधायक विनय मिश्रा की विधानसभा सीट द्वारका में भाजपा की उम्मीदवार कमलजीत सहरावत से 15000 मतों से पीछे रह गए। पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से आप के कुलदीप कुमार चुनाव मैदान में थे। यहां की 10 सीटों में से सात पर आप के विधायक हैं, जबकि तीन पर भाजपा का कब्जा है। आप के कई बड़े नेता यहां से विधायक है। लेकिन उन सीटों पर कुलदीप पिछड़ गए। पटपड़गंज से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया विधायक हैं लेकिन यहां कुलदीप भाजपा उम्मीदवार से 29199 मतों से पीछे रहे। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल की सीट शाहदरा में भी कुलदीप भाजपा से 19610 मतों से पीछे रह गए। उन्हें सिर्फ ओखला और जंगपुरा से ही भाजपा उम्मीदवार से बढ़त मिली है। इसमें ओखला में सबसे अधिक 73818 मतों से वह भाजपा उम्मीदवार से आगे रहे। वहीं जंगपुरा में वह 2491 मतों से आगे रहे।

## कंगना के समर्थन में विक्रमादित्य सिंह, घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

शिमला, 6 जून। हिमाचल प्रदेश की मंडी की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को गुरुवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर एक सीआईएसएफ की महिला जवान ने थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए महिला को सस्पेंड कर दिया है। वहीं इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह का बयान सामने आया है। कंगना रनौत को सीआईएसएफ की एक महिला कांस्टेबल द्वारा थप्पड़ मारे जाने पर हिमाचल सरकार के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा किसी के साथ नहीं होना चाहिए, खासकर एक महिला के साथ जो अब संसद की सदस्य है। उन्होंने आगे कहा कि किसान आंदोलन को लेकर सीआईएसएफ कांस्टेबल की कुछ शिकायतें थीं, लेकिन किसी पर इस तरह से हमला करना दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इसकी निंदा करते हैं और सरकार को इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। एक्स पर



वीडियो जारी करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मैं सभी को बताना चाहती हूं की मैं पूरी तरह से सुरक्षित हूं। इस घटना के बाद से ही मेरे पास तमाम शुभचिंतकों के फोन आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज चंडीगढ़ में जो हादसा हुआ वो सुरक्षा जांच के बाद हुआ। जांच के बाद जैसे ही मैं वहां से निकली, वैसे ही दूसरी केबिन से एक महिला सिपाही ने आकर मेरे चेहरे पर हमला किया और गालियां देने लगीं। सूत्रों के अनुसार, कंगना रनौत चंडीगढ़ से मुंबई के लिए शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जब चैकिंग कर रही थीं तो वहां उपस्थित सीआईएसएफ में तैनात महिला सुरक्षा कर्मी ने जब उनसे पूछा कि मैडम आप भाजपा से जीती हैं। आपकी पार्टी किसानों के लिए कुछ क्यों नहीं कर रही। इसको लेकर बहस हो गई। इसके बाद आरोप लग रहे है कि सीआईएसएफ की महिला कर्मी ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। हालांकि एयरपोर्ट से सीईओ की ओर से जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही मामले में महिला जवान को निलंबित कर दिया गया है।

## कंगना को थप्पड़ मारने के मामले में महिला जवान निलंबित

चंडीगढ़, 6 जून। हिमाचल प्रदेश की मंडी की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को गुरुवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर एक सीआईएसएफ जवान महिला ने थप्पड़ मार दिया। वाक्य उसे समय हुआ जब कंगना चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही थीं। बताया जा रहा है कि किसानों पर कंगना के दिए बयान को लेकर महिला सिपाही नाराज थी। सूत्रों के अनुसार कंगना रनौत चंडीगढ़ से मुंबई के लिए शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जब चैकिंग कर रही थीं तो वहां उपस्थित सीआईएसएफ में तैनात महिला सुरक्षा कर्मी ने जब उनसे पूछा कि मैडम आप बीजेपी से जीती हैं। आपकी पार्टी किसानों के लिए कुछ क्यों नहीं कर रही। इसको लेकर बहस हो गई। इसके बाद आरोप लग रहे है कि सीआईएसएफ की महिला कर्मी ने उन्हें थप्पड़ लगा दिया। हालांकि एयरपोर्ट से सीईओ की ओर से जानकारी जुटाई जा रही है। चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर तलाशी के दौरान कथित तौर पर एक कांस्टेबल रैंक के अधिकारी ने कंगना को थप्पड़ मारा। आगे की जांच के लिए वरिष्ठ ष्ट्रढ्ढस्स्न अधिकारियों की एक जांच समिति गठित की गई है- लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट पर भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड क्वीन कंगना रणौत के सिर जीत का ताज सजा है। कंगना ने मंडी की बाजी मार ली, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को हार का सामना करना पड़ा है। संसदीय क्षेत्र मंडी के चुनावी रण में 10 प्रत्याशी उतरे थे। मंडी सीट पर देशभर की नजरें लगी हुई थीं। मुख्य मुकाबला कंगना और विक्रमादित्य सिंह के बीच ही रहा। कंगना ने कुल 5,37,022 वोट हासिल किए। कंगना ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि नमस्ते दोस्तों, मुझे बहुत सारे फोन आ रहे हैं, मीडिया के भी और मेरे शुभचिंतकों के भी।

## प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में जुटेंगे दुनियाभर के नेता

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 6 जून। कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस हफ्ते के आखिर में प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। साल 2014 की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में दुनियाभर के नेता जुटेंगे। इनमें श्रीलंका, नेपाल, मॉरिशस आदि के राष्ट्र प्रमुख शामिल हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण भी स्वीकार कर लिया है। श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमासिंघे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने नरेंद्र मोदी को बुधवार को लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए की जीत की बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा गया कि इस जीत से पता चलता है कि भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तरक्की और समृद्धि में विश्वास जताया है। सबसे करीबी पड़ोसी होने के नाते श्रीलंका की सरकार भारत



के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ करने की तरफ देख रही है। श्रीलंकाई राष्ट्रपति के मीडिया विभाग ने एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि दोनों देशों के नेताओं के बीच बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति विक्रमासिंघे को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया, जिसे राष्ट्रपति विक्रमासिंघे ने स्वीकार कर लिया। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की दिल्ली यात्रा का कार्यक्रम बनाने में व्यस्त है, जहां वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। हालांकि मंत्रालय ने बताया कि अभी तक दौरे की पुष्टि होनी बाकी है। जैसे ही तारीख तय हो जाएगी तो औपचारिक एलान कर दिया जाएगा।

### लोको पायलट ने कबूला झपकी से हुआ हादसा

अंबाला (हरियाणा), 6 जून। मालगाड़ी के लोको पायलट ने कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) के समक्ष बयान दर्ज करवाए हैं कि नींद की झपकी के कारण वो सिग्नल को नहीं देख पाए और हादसा हो गया। लगभग 20 से 22 कर्मचारियों के बयान दर्ज करने के बाद सीआएस की टीम वापिस लौट गई है। अब तथ्यों और प्राप्त बयानों के आधार पर दुर्घटना का आकलन किया जाएगा जिससे दोबारा से ऐसी कोई नौबत न आए। वहीं, दुर्घटना से सबक लेते हुए डीएफसीसीआईएल कॉरिडोर के अधिकारी भी दोबारा से लोको पायलटों का मनोबल बढ़ाने में जुट गए हैं। इस दौरान यह भी जानकारी सामने आई है कि जितने भी पहले रेलवे हादसे हुए हैं वो सुबह तीन और चार बजे के बीच हुए हैं क्योंकि इस दौरान नींद बहुत आती है। ऐसे ही कुछ मामलों में लोको पायलट ने पूर्व भी अपने बयान दर्ज करवाए हैं।


## चुनाव आयोग ने जारी किया आचार संहिता खत्म होने का नोटिफिकेशन

नई दिल्ली, 6 जून। बृहस्पतिवार को चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए देश में लगाई आचार संहिता को खत्म कर दिया है। लेकिन जिस प्रदेशों में अभी विधान परिषद के चुनाव होना हैं, वहां आचार संहिता लागू रहेगी। देश में लोकसभा चुनाव सात चरणों में हुए। मंगलवार को लोकसभा चुनाव का परिणाम चुनाव आयोग ने घोषित किया। लोकसभा चुनाव के दौरान देशभर में चुनाव आयोग ने आचार संहिता लागू की थी। जिसे बृहस्पतिवार को हटा दिया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि अब लोकसभा चुनाव के परिणाम जारी हो चुके हैं, जो कि आप सबके सामने हैं। ईवीएम को कुछ दिन अब आराम करने देते हैं। अगले चुनाव में उसको फिर से निकालेंगे, वो फिर अपने काम पर लगेगी। उन्होंने ईवीएम पर उठने वाले सवालों पर कहा कि ईवीएम को हर चुनाव में कोसा जाता है। शायद उसका अविष्कार उसी मुहूर्त में हुआ है कि उसको हर बार संदेह का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में द्विवार्षिक/उपचुनावों के कारण आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव लंबित है। उन्होंने कहा कि हम 12 मार्च को वहां गए थे, हमने संकेत दिया था कि सही समय पर चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हम वहां के लोगों को जल्द से जल्द अपनी सरकार बनाने और अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने का मौका देंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के तहत भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक प्रति राष्ट्रपति को सौंपी।

# आपको संदेह क्यों? मुझे नहीं मालूम: चंद्रबाबू नायडू

**सौरभ शर्मा**


नई दिल्ली, 6 जून। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए 292 सीटों के साथ बहुमत को पार करने में कामयाब रही। इस चुनाव में भले ही भाजपा का प्रदर्शन संतोषजनक न रहा हो, लेकिन आंध्र प्रदेश में भाजपा की गठबंधन पार्टी तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) ने शानदार प्रदर्शन किया। टीडीपी कुल 16 सीटें जीतने के साथ एनडीए में सबसे बड़ी पार्टी बन गई। इसी के साथ अटकलें लगाई जाने लगीं कि टीडीपी और जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) से विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दल बात करेंगे और अपने साथ आने के लिए मनाएंगे। हालांकि, इन अटकलों पर टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि वह एनडीए में ही रहेंगे। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर एनडीए की बैठक हुई। इस बैठक में चंद्रबाबू नायडू भी मौजूद थे। बैठक खत्म होने के बाद चंद्रबाबू नायडू ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, यह एक अच्छी बैठक रही। टीडीपी प्रमुख ने आगे कहा, अगर हम एनडीए का



हिस्सा नहीं हैं तो हम चुनाव कैसे लड़ सकते हैं? हमने इससे सामूहिक रूप से लड़ाई लड़ी। आपको यह संदेह क्यों हुआ, मुझे नहीं मालूम। ऐसा कहा जा रहा कि विपक्षी नेता उनसे संपर्क कर सकते हैं, इन अटकलों के बीच उन्होंने लिखित में पीएम मोदी को समर्थन करने का आश्वासन भी दिया। चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के अलावा बुधवार को पीएम मोदी के आवास पर हुई बैठक में एकनाथ शिंदे, एचडी कुमारस्वामी, पवन कल्याण, चिराग पासवान, और प्रफुल्ल पटेल भी मौजूद थे। बता दें कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) भी 300 के आंकड़े से चूक गया। टीडीपी के अलावा जनता दल यूनाईटेड ने भी इस लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदरेशन किया। एनडीए गठबंधन में 19 सांसदों के साथ तेलुगू देशम पार्टी के साथ सबसे बड़ी पार्टी और 12 सांसदों के साथ जनता दल दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा के नेतृत्व वाली नई सरकार इन दो पार्टियों पर निर्भर है।

## आपका नेतृत्व भारत को विश्वगुरु बनाएगा: जयशंकर

नई दिल्ली, 6 जून। एनडीए के बहुमत पाने पर विदेश मंत्री एस जय शंकर ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि आपका नेतृत्व भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए फिर से आगे बढ़ाएगा।' एस जय शंकर ने आगे कहा कि



प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार में देश के लोगों का जीवन बेहतर हुआ है। इसके साथ ही भारत का कद भी दुनिया में काफी बढ़ा है। एस जय शंकर ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'प्रधानमंत्री मोदी को बहुमत के साथ एनडीए का नेता चुने जाने पर बहुत बधाई। आपके नेतृत्व में देश के लोगों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है और पूरी दुनिया में भारत का सम्मान भी बढ़ा है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर होगा।' लगातार तीसरी बार एनडीए को लोकसभा चुनाव में जीत के बाद दुनियाभर से प्रधानमंत्री मोदी को बधाई मिल रही है। मालदीव सहित कई पड़ोसी देशों के अलावा इस्राइल, यूक्रेन और इटली से भी प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं मिली हैं। एक दिन पहले ही एनडीए ने सर्वसम्मिति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता मान लिया है। नई दिल्ली में बुधवार को हुई बैठक में एनडीए के 21 नेताओं ने एक पत्र पर हस्ताक्षर करके मोदी को अपना नेता स्वीकृत किया है। जिससे नरेंद्र मोदी के एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। बैठक में सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पिछले 10 सालों में उनके कार्यकाल और देश में विकास कार्यों के लिए उन्हें बधाई भी दी है। भारत निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को लोकसभा 2024 के चुनाव परिणाम को घोषित किया। जिसमें भाजपा को सबसे ज्यादा 240 सीटें और इसके बाद 99 सीटों के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। हालांकि पिछली बार की अपेक्षा इस बार के चुनाव में भाजपा को 32 सीटों का नुकसान हुआ है। 2014 के बाद ऐसा पहली बार हुआ जब भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिली है।

# प्रधानमंत्री और शाह पर फोड़ा शेयर घोटाले का बम: राहुल गांधी

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 6 जून। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जनादेश 2024 में ताकत मिलने का दम दिखाया। राहुल ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह से पहले ही शेयर बाजार में घोटाले का आरोप लगा दिया। सच्चाई सामने लाए जाने की मांग की और इसका ठीकरा सीधे पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर फोड़ दिया। राहुल ने इसे बड़ा घोटाला और खुदरा निवेशकों के साथ विश्वासघात बताते हुए संसद की संयुक्त समिति यानी जेपीसी से जांच कराए जाने मांग की है। राहुल गांधी ने जेपीसी की मांग ऐसे समय में की है, जब तीन दिन में नरेंद्र मोदी शपथ लेने की तैयारी कर रहे हैं। एनडीए के घटक दल के नेता समर्थन देकर अपने राज्य में लौट चुके हैं। अभी 18वीं लोकसभा का गठन नहीं हुआ है। याद कीजिए भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष नितिन गडकरी के पहले कार्यकाल के अंतिम दौर को। गडकरी को भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर दूसरे कार्यकाल की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन तत्कालीन यूपीए सरकार के समय



पूर्ति घोटाले के आरोप ने ऐसा नहीं होने दिया था। गडकरी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दुलारे नेताओं में गिने जाते हैं, लेकिन उन्हें दूसरा कार्यकाल नहीं मिल सका था। भ्रष्टाचार के आरोप ने वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह को फिर भाजपा का अध्यक्ष बनने का अवसर दे दिया था। कहते हैं कि इतिहास खुद को दोहराता है। राहुल गांधी द्वारा गुरुवार को लगाए गए आरोप को प्रधानमंत्री और गृह मंत्री पर दबाव बनाने के साथ-साथ इसी नजरिए से देखा जा रहा है। राहुल गांधी ने अमित शाह पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह गृह मंत्री थे। उन्होंने देश के निवेशकों से शेयर खरीदने के लिए क्यों कहा? राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री और शाह को नतीजों के बारे में जानकारी थी, फिर उन्होंने टिप्पणी क्यों की। शेयर बाजार पर टिप्पणी क्यों की? मीडिया ने क्यों झूठे एग्जिट पोल दिखाए? राहुल गांधी ने इसमें शेयर बाजार के बड़े घोटाले के षड्यंत्र का आरोप लगाया। राहुल ने कहा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की टिप्पणी से देश के खुदरा निवेशकों के करीब 30 लाख करोड़ डूब गए। यह उनके साथ विश्वासघात है। बड़ा भ्रष्टाचार है। राहुल गांधी ने जेपीसी की मांग से जुड़े सवाल पर कहा कि जनादेश 2024 के बाद विपक्ष के पास बड़ी ताकत आ गई है। उनका इशारा लोकसभा में कांग्रेस के 99 सांसद और विपक्ष के नेता के रुतबे के साथ-साथ इंडिया गठबंधन की तरफ था। उन्होंने कहा कि हम इसे ऐसे नहीं जाने देंगे। इस मुद्दे को लेकर सरकार पर दबाव बनाएंगे। जांच की मांग करेंगे।

# फ्रांस के दौरे पर आएंगे अर्जेंटीना माइली

**एजेंसी**
**पेरिस।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली फ्रांस की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे और 19 जून को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन से मुलाकात करेंगे। ले पेरिसियन अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मुलाकात के दौरान दोनों देशों के राष्ट्रपति यूक्रेन की स्थिति, यूरोपीय संघ और मर्कोसुर के बीच मुक्त व्यापार समझौते के भविष्य पर चर्चा कर सकते हैं। वे आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) में सदस्यता के लिए अर्जेंटीना की उम्मीदवारी पर भी चर्चा करेंगे।



# इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत में आम चुनाव में भाजपा की जीत पर अपने समकक्ष नरेन्द्र मोदी को बधाई दी और उम्मीद जताई कि भारत-इजराइल संबंध ''नई ऊंचाई'' पर पहुंचेंगे। लोकसभा चुनाव के परिणामों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 543 सीट में से 240 सीट जीतीं और कांग्रेस ने 99 सीट पर जीत दर्ज की। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 543 सदस्यीय लोकसभा में 272 के बहुमत के आंकड़े को आसानी से हासिल कर लिया है।

नेतन्याहू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनावों में सफलता मिलने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा, ''भारत और इजराइल के बीच दोस्ती नई ऊंचाई की ओर बढ़ती रहे, यही कामना है। बधाई हो।'' दोनों देशों के बीच 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से मोदी इजरायल की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री थे। उन्होंने जुलाई 2017 में इजराइल की यात्रा की थी। बाद में उन्होंने वेस्ट बैंक की भी यात्रा की थी और फलस्तीन के साथ भारत के संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया था।

# श्रीलंका में लगातार खराब मौसम के कारण, मरने वालों की संख्या बढ़कर 30 हुई

**कोलंबो।** श्रीलंका में 15 मई से जारी भीषण बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। रक्षा राज्य मंत्री प्रेमिता बंडारा टेन्नाकून ने संसद में यह जानकारी दी। टेन्नाकून ने कहा भारी मानसूनी बारिश ने 71 घरों को नष्ट कर दिया है जबकि 9,300 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। टेन्नाकून ने बताया कि 63 बुनियादी ढांचा व्यवस्था के साथ-साथ 825 छोटे और मध्यम स्तर के उद्योगों को भी नुकसान पहुंचा है। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो सहित 10 जिलों में मूसलाधार बारिश होने के कारण अचानक बाढ़ आ गई, पेड़ गिर गए, तेज हवाएं चलीं, बिजली गिरी और धरती खिसक गई।



# तंजानिया में सड़क हादसे में 13 की मौत, 18 घायल

**मबेया।** तंजानिया के मबेया क्षेत्र में एक ट्रक नेकई कारों और मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिसके कारण 13 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। द सिटिजन तंजानिया ने प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में




कहा गया है कि दुर्घटना मबेम्बेला क्षेत्र में सिमिके ढलान पर हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी घायलों को उपचार के लिए मबेया क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से आठ लोगों की हालत गंभीर है। पुलिस कमांडर बेंजामिनी कुजागा ने हताहतों की पुष्टि की और कहा कि ब्रेक न लगाने के बाद ट्रक चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और यह दुर्घटना घटित हुयी।

# गाजा में इजरायली हमला, 38 फिलिस्तीनियों की मौत



**एजेंसी**
**गाजा।** मध्य गाजा में इजरायल की सेना के हमले में कम से कम 38 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी। अल जज़ीरा ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में आठ फिलिस्तीनी पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इन पुलिसकर्मियों की देर अल-बलाह में उनकी कार पर हुए इजरायली हमले में मौत हो गयी। इजरायली सेना ने कहा था उनकी जमीनी सेना मध्य गाजा पट्टी के ब्यूरिज इलाके में काम कर रही थी, जबकि लड़ाकू विमानों ने हवा से हमास के ठिकानों पर हमला किया।

# अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन, 12 से ज्यादा लोग गिरफ्तार

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने पर 12 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस्राइल-गाजा पर संघर्ष को लेकर फलस्तीन समर्थक छात्रों ने जबरन विश्वविद्यालय अध्यक्ष के कार्यालय में खुद को बंद कर लिया था। जिसके बाद छात्रों और अधिकारियों के बीच झड़प हो गई।

**सुबह साढ़े 5 बजे छात्रों ने धावा बोला**

स्टैनफोर्ड डेली अखबार के मुताबिक करीब 10 छात्रों ने सुबह साढ़े 5 बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय की बिल्डिंग में दाखिल हुए थे और हथियारों से लैस करीब 50 छात्रों ने बिल्डिंग को चारों और से घेर लिया। इसके बाद सभी छात्र 'फलस्तीन को आजाद करो' के नारे लगाने लगे।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिब्रेट स्टैनफोर्ड ग्रुप ने लिखा, 'छात्रों के एक समूह ने विश्वविद्यालय अध्यक्ष के कार्यालय को घेर लिया और छात्रों ने इस्राइल-गाजा युद्ध से जुड़ी कंपनियों



को स्कूल से अलग करने सहित अन्य मांगें की।

**पुलिस को इमारत के अंदर दाखिल होने में 2 घंटे लग गए**

स्टैनफोर्ड के मुताबिक छात्रों के प्रदर्शन शुरू होने के बाद पुलिस को बिल्डिंग में अंदर घुसने के लिए लगभग दो घंटे लग गए। जिसके बाद बल पूर्वक 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया, इस दौरान एक अधिकारी को चोट लग गई। जबकि इमारत को काफी क्षति हुई है।

**स्कूल प्रशासन बोला- छात्रों के कृत्य से काफी दुख है**

सैलर स्कूल के प्रोवोस्ट जैनी मार्टिनेज ने बयान देते हुए कहा कि छात्रों के इस कृत्य से मैं काफी दुखी और चिंतित हूं। जिन आरोपी छात्रों को गिरफ्तार किया गया है उन्हें निलंबित किया जाएगा और साथ ही कई सीनियर छात्रों को अब स्कूल में डिग्री पूरी नहीं करने दी जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से फलस्तीन समर्थक शिविर और हमास के हमले से पीड़ितों के लिए इस्राइल के समर्थन में प्रदर्शन कारियों को परिसर से हटा दिया गया है।

# डॉनल्ड ट्रम्प और जो बाइडेन ने कुछ राज्यों में जीता अपनी पार्टी का प्राइमरी चुनाव

**एजेंसी**
**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ राज्यों में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से प्राइमरी चुनाव जीत लिया। 'पॉर्न स्टार' स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद पहली बार चुनाव में उतरे ट्रंप ने न्यू मेक्सिको, मोंटाना और न्यू जर्सी में प्राइमरी चुनाव जीता।

बाइडेन ने न्यू मेक्सिको, साउथ डकोटा, न्यू जर्सी, मोंटाना और वाशिंगटन डीसी में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से प्राइमरी चुनाव जीता। ट्रंप और बाइडेन दोनों को मंगलवार को हुए मुकाबलों में आसानी से जीत हासिल करने की उम्मीद थी। लेकिन कई अमेरिकियों का कहना है कि वे 2020 के चुनाव को दोहराना नहीं चाहते हैं। रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव में ट्रंप के वर्चस्व को पहले संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने चुनौती दी थी लेकिन बाद में उन्होंने मार्च में राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ से बाहर होने की



घोषणा की। हेली ने दो सप्ताह पहले कहा था कि वह नवंबर में ट्रंप के लिए वोट करेंगी। हालांकि, न्यू मेक्सिको में वह प्राइमरी चुनाव की दौड़ में शामिल थीं जहां कई मतदाताओं ने हेली के पक्ष में वोट किया लेकिन मंगलवार देर रात तक उनका वोट प्रतिशत 10 फीसदी से कम था। बाइडन को हमास के साथ इजराइल के युद्ध से निपटने को लेकर डेमोक्रेटिक मतदाताओं की नाखुशी के कारण हाल में हुए मुकाबलों में विरोध का सामना करना पड़ा था।

लेकिन इसके बावजूद उन्होंने प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की। इस बीच, मतदाताओं ने मंगलवार को इन राज्यों में संघीय, राज्य और स्थानीय कार्यालय के लिए प्राइमरी चुनाव में भी वोट डाला।

# उत्तर कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने हवाई अभ्यास किए

**एजेंसी**
**सियोल।** अमेरिका ने सात वर्ष में पहली बार दक्षिण कोरिया में अपने बमबारी अभ्यास के लिए कोरियाई प्रायद्वीप पर लंबी दूरी के बी-1बी बमवर्षक विमान उड़ाए। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका के बी-1बी बमवर्षक विमान ने अमेरिका के अन्य और दक्षिण कोरिया के लड़ाकू विमानों के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किए।

उन्होंने बताया कि बी-1बी बम वर्षक विमान ने प्रशिक्षण के दौरान दक्षिण कोरिया के विमानों के सुरक्षा घेरे में रहते हुए 'ज्वाइंट डायरेक्ट एटैक म्यूनिशंस' (जेडीएएम) गिराए। यह 2017 के बाद से ऐसा पहला बमबारी अभ्यास है। जेडीएएम बमों में ''बंकर-बस्टर'' भी शामिल हैं। जेडीएएम एक मार्गदर्शन प्रणाली है जो बिना निर्देशित, पारंपरिक बमों को अधिक सटीक, जीपीएस-निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है। अमेरिका के सभी लड़ाकू विमान, बमवर्षक विमान और ड्रोन



जेडीएएम इस्तेमाल कर सकते हैं और इसकी युद्ध सामग्री उन हथियार प्रणालियों में शामिल है जिसे अमेरिका रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए उपलब्ध कराता रहा है। इस अभ्यास को उत्तर कोरिया के हाल में बढ़ते परीक्षणों को लेकर पैदा तनाव के बीच उसके खिलाफ ताकत के प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है।

# सुनीता विलियम्स ने उड़ान भरने से पहले कैलिप्सो कैप्सूल से कह दी ऐसी बात, अब हो रही वायरल

**एजेंसी**
**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने इतिहास रचा। उन्होंने एक बार फिर अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी। हालांकि, उड़ान से पहले उन्होंने कैलिप्सो से कहा कि हमें अंतरिक्ष ले चलो और वापस भी ले आओ।

बता दें, भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स तीसरी बार अपने सहयोगी बैरी बुच विलियम्स के साथ अंतरिक्ष के लिए रवाना हुई हैं। दोनों ने बोइंग कंपनी के स्टारलाइनर यान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर उड़ान भरी।

**अब संदेश हो रहा वायरल**

सुनीता ने उड़ान भरने से पहले मिशन कंट्रोल को संदेश भेजकर कहा था- 'चलो चलते हैं, कैलिप्सो। हमें अंतरिक्ष ले चलो और वापस ले आओ।%' सुनीता की मां बोनी पांड्या ने एक मीडिया चैनल को बताया कि उड़ान भरने से कुछ घंटे पहले उनकी बेटी काफी सकारात्मक थी और अंतरिक्ष में उड़ान भरने को लेकर बहुत ही खुश थी। वहीं, नासा ने आज नया अपडेट देते हुए कहा



कि सुनीता और बुच विलमोर दोनों कक्षा में स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर शुरुआती परीक्षण करने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। पहले छह घंटे बहुत ही दिलचस्प रहे हैं।

**5 जून को शुरू हुआ सुनीता का अंतरिक्ष अभियान**

सुनीता विलियम्स का स्टारलाइनर अभियान पांच जून को केप कैनावेरल अंतिक्ष स्टेशन से शुरू हुआ। भारतीय समयानुसार यह अभियान रात आठ बजकर 22 मिनट पर शुरू हुआ। यह यान अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में छह जून रात 9 बजकर 45 मिनट पर पहुंचेगा। इस अभियान में विलियम्स के साथ उनके सहयोगी बुच विल्मोर भी गए हैं।

**ऐसा करने वाली दुनिया की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं**

बताया गया है कि बोइंग स्टारलाइनर यान की उड़ान में कई बार, कई वजहों से दरी हुई। आखिरकार, फ्लोरिडा के केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से इस यान की रवानगी हुई। इस तरह के मिशन पर जाने वाली सुनीता विलियम्स दुनिया की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बन गई हैं।

मई 1987 में सुनीते ने अमेरिका की नौसेना अकादमी से प्रशिक्षण लिया था। इसके बाद वे अमेरिका की नौसेना से जुड़ीं थीं। 1998 में उन्हें नासा द्वारा अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया था। इससे पहले वर्ष 2006 और वर्ष 2012 में सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष अभियानों का हिस्सा बन चुकीं हैं।

# पारडुबिस में यात्री और कार्गो ट्रेन की टक्कर में चार की मौत, पीएम फियाला ने शोक जताया




**एजेंसी**
**गाजा।** चेक गणराज्य पारडुबिस में एक यात्री ट्रेन और कार्गो ट्रेन की टक्कर में चार यात्रियों की मौत हो गई। इस हादसे 26 लोग घायल भी हुए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर ने इस घटना की जानकारी दी। घटना के बाद बचावदल कर्मी मौके पर पहुंचे। इस घटना पर चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने शोक व्यक्त करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम फियाला ने कहा, 'पारडुबिस में दो ट्रेनों की टक्कर एक बड़ा दुर्भाग्य है। हम सभी पीड़ितों और घायलों के बारे में सोच रहे हैं।'

यात्री ट्रेन के विवरण को साझा करते हुए पारडुबिस के गवर्नर मार्टिन नेटोलिकी ने कहा कि इसका संचालन रेल कंपनी रेजियोजेट द्वारा किया जाता था। उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए कहा, 'रेजियोजेट ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की टक्कर में कई लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए।' समाचार एजेंसियों ने इस घटना का फुटेज जारी किया। इस फुटेज के अनुसार, एक गाड़ी ट्रैक से हटती हुई दिखाई दे रही है। पुसिल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए आपातकालीन सेवा वाहनों की लाइन और हेलीकॉप्टर दिखाया। रेलवे विभाग के अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हैं।

# अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलीवन भारत की यात्रा पर जाएंगे : व्हाइट हाउस

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ लेने की तैयारी के बीच अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन अमेरिका-भारत साझा प्राथमिकताओं पर नयी सरकार के साथ चर्चा करने के लिए नई दिल्ली जाएंगे।

व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से चुने जाने पर बधाई देने के लिए फोन किया और इसी दौरान दोनों नेताओं के बीच सुलीवन की यात्रा पर चर्चा की गई। व्हाइट हाउस ने कहा, ''राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और उन्हें तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को भारत के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी।'' बाइडन ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में 65 करोड़ भारतीयों के हिस्सा लेने पर उनकी सराहना की। व्हाइट हाउस ने कहा, ''दोनों नेताओं ने



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन की नई दिल्ली की आगामी यात्रा पर भी चर्चा की। इस यात्रा के दौरान नयी सरकार के साथ विश्वसनीय, रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी सहित अमेरिकी-भारत प्राथमिकताओं पर बातचीत की जाएगी।'' सुलीवन की भारत यात्रा की तारीख की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है लेकिन उम्मीद है कि यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के तीसरी कार्यकाल के लिए शपथ लेने के कुछ दिनों के भीतर होगी।

# रिपोर्ट में बड़ा दावा- कैंसर से जूझ रहीं केट मिडलटन नहीं लौटेंगी शाही कामकाज पर; जानें क्यों लिया यह फैसला

**एजेंसी**
**लंदन।** ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस विलियम की पत्नी प्रिंसेस ऑफ वेल्स केट मिडलटन कैंसर से जूझ रही हैं और फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। उम्मीद जताई जा रही थी कि कुछ दिनों में वह वापस शाही कामकाजों को देखने लगेंगी, लेकिन शायद अब ऐसा नहीं होगा। अमेरिकी मीडिया की मुताबिक मिडलटन शायद कभी अपने शाही कर्तव्यों पर वापस नहीं आएंगी।

**कार्यक्रमों में रहती थीं सबसे आगे**

एक रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि वह शायद कभी उस भूमिका में वापस नहीं आएंगी, जिसमें लोगों ने उन्हें पहले देखा था। एक समय था जब वेल्स की राजकुमारी अपने पति प्रिंस विलियम के साथ शाही कार्यक्रमों में सबसे आगे रहती थीं। अब अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि केट ने हाल ही में कीमोथेरेपी करवाई है। इसलिए वह वर्तमान में इस बात पर ध्यान दे रही हैं कि जब वह वापस आएंगी तो क्या कर पाएंगी। यहां तक कि शाही विशेषज्ञ रिचर्ड फिट्जविलियम्स का



कहना है कि अगर केट अपने शाही कर्तव्यों पर वापस आती हैं, तो यह फैसला पूरी तरह से डॉक्टरों की सलाह पर लिया जाएगा।

पिछले महीने की शुरुआत में, एक सूत्र ने बताया था कि केट मिडलटन इस साल कोई शाही कामकाज में शामिल नहीं होंगी। सूत्र ने कहा था कि केट के लिए कोई प्लान नहीं है। वह शायद इस साल सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दे सकती है। इस दावे के कुछ हफ्तों बाद अब एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि 42 साल की मिडलटन सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं देंगी।

**मार्च में कैंसर होने का लगा पता**

दरअसल, केट मिडलटन पेट की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी, लेकिन सर्जरी के दौरान ही उन्हें कैंसर से पीड़ित होने का पता चला। मार्च में केट मिडलटन ने सार्वजनिक बयान जारी कर कहा कि वह कैंसर का इलाज करा रही हैं और जब तक उनकी तबीयत ठीक नहीं हो जाती, वे सार्वजनिक जिम्मेदारियों से दूर रहेंगी।

**राजकुमारी को मिला जनता का अभूतपूर्व समर्थन**

केट मिडलटन ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा था, मैं ठीक हूं और हर दिन मजबूत हो रही हूं। केट ने कहा था कि सर्जरी से उबरने के दौरान आपके समर्थन और शुभकामना संदेशों के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद कहना चाहती हूं। ये दो महीने हमारे पूरे परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से कठिनाई भरे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरे पास एक शानदार मेडिकल टीम है, जिसने मेरी बहुत देखभाल की है। इसके लिए मैं मेडिकल टीम की बहुत आभारी हूं। केट मिडलटन अपने बच्चों को भी इस बारे में बता चुकी हैं कि वह कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने कहा था कि हमें अपने बच्चों जॉर्ज, शार्लेट और लुइस को सब कुछ समझाने में काफी समय लगा। हमें बच्चों इस तरह बताना था कि उन पर इसका असर न पड़े। केट ने अपने बच्चों को भरोसा दिलाया है कि वे जल्दी ठीक हो जाएंगी।

# रूस के केमेरोवो में सड़क हादसा, 30 लोग घायल

**एजेंसी**
**मास्को।** रूस के केमेरोवो में दो ट्रामों की टक्कर के कारण लगभग 30 लोग घायल हुए हैं। रूसी जांच समिति की क्षेत्रीय शाखा के प्रेस कार्यालय ने



गुरुवार को यह जानकारी दी। कार्यालय ने बताया कि यात्रियों को ले जा रहे दो ट्रामों की टक्कर की रिपोर्ट गुरुवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 07:30 बजे मिली। कार्यालय ने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना के कारण लगभग 30 लोग घायल हुए हैं। घायलों को चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है।÷ कार्यालय ने कहा कि यातायात सुरक्षा में आपराधिक कार्रवाई शुरू की गई है। कार्यालय ने कहा कि जांचकर्ताओं का एक समूह घटना की परिस्थितियों का पता लगाने और तत्काल कार्रवाई करने के लिए घटनास्थल पर गया है।

# घटती जन्म दर से परेशान जापान का फैसला, डेटिंग एप लॉन्च करने की तैयारी; मस्क बोले- मैं बहुत खुश

**एजेंसी**
**टोक्यो।** आपको जानकर हैरानी होगी कि तेजी से बढ़ती आबादी के बावजूद दुनिया के कई ऐसे देश हैं, जहां जन्मदर घटती जा रही है। ऐसे में इन देशों की सरकार ज्यादा बच्चे पैदा करने पर जोर दे रही है। इसके लिए नए-नए पैतरे आजमाए जा रहे हैं। अब जापान में टोक्यो प्रशासन देश की घटती जन्म दर से निपटने के लिए एक कदम उठाने जा रहा है। यहां सरकार जल्द ही एक डेटिंग एप लॉन्च करने वाली है। इस कदम की स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने तारीफ की है। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जा रहा है।

**मस्क के इतने बच्चे**

बता दें, एक्स के मालिक मस्क हमेशा ही लोगों से ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए आग्रह करते हैं। उनके खुद के 11 बच्चे हैं। साल 2021 में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा था कि अगर लोग अधिक बच्चे पैदा नहीं करेंगे तो सभ्यता खत्म हो जाएगी। उस समय उनके छह बच्चे थे।

**जापान की तारीफ की**

एलन मस्क ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर लिखा, 'मुझे खुशी है कि जापान सरकार इस मामले की अहमियत को पहचानती है। अगर ऐसे कदम नहीं उठाए जाएंगे तो जापान और कई अन्य देश गायब हो जाएंगे। एक्स के मालिक ने पिछले साल इटली में एक राजनीतिक कार्यक्रम में एक बार फिर घटती जन्मदर का मुद्दा उठाया था। उन्होंने दावा किया था अधिक बच्चे पैदा करना जनसंख्या में आ रही गिरावट को रोकने का एकमात्र तरीका है, जिससे विश्व की कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं को खतरा है।

**ऐसे लोग उठा पाएंगे एप का लाभः** एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, टोक्यो राष्ट्रीय जन्म दर को बढ़ावा देने के लिए इस गर्मी की शुरुआत में अपना खुद का डेटिंग एप लॉन्च करेगा। इसकी जानकारी एक अधिकारी ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि उपयोगकर्ताओं को यह साबित करने के लिए दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता होगी कि वे कानूनी रूप से सिंगल हैं। एक पत्र पर हस्ताक्षर भी करना होगा, जिसमें लिखा होगा कि वह शादी करने के लिए तैयार हैं। जबकि नागरिकों के लिए जापानी डेटिंग एप्स पर अपनी आय बताना अनिवार्य होगा। लोगों को अपना वार्षिक वेतन साबित करने के लिए कर प्रमाणपत्र भी जमा कराना होगा। वैसे किसी सरकार द्वारा डेटिंग एप्स तैयार करना खुद में ही खास बात है। टोक्यो प्रशासन ने कथित तौर पर एप्स और अन्य परियोजनाओं के माध्यम से विवाह को बढ़ावा देने के लिए अपने 2023 के बजट में 20 करोड़ येन और अपने 2024 के वित्तीय बजट के लिए 30 करोड़ येन आवंटित किए हैं। फरवरी में जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जापान की जन्म दर लगातार आठवें साल गिरकर 2023 में नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। जन्मों की संख्या एक साल पहले की तुलना में 5.1 प्रतिशत घटकर 758,631 हो गई, जबकि शादियों की संख्या 5.9 प्रतिशत घटकर 489,281 हो गई। 90 वर्षों में पहली बार यह संख्या 500,000 से नीचे आ गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में जापान में नए शिशुओं की तुलना में दोगुनी से अधिक मौतें दर्ज की गईं।

## सशस्त्र बलों के लिए समर्पित टेली मानस प्रकोष्ठ स्थापित होगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय ने पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज में दो साल की अवधि के लिए प्रायोगिक परियोजना तौर पर एक टेली मानस प्रकोष्ठ स्थापित करने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यहां बताया कि रक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय टेलीमेंटल स्वास्थ्य हेल्पलाइन के एक विशेष प्रकोष्ठ के संचालन में दोनों मंत्रालयों के बीच सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है। समझौता ज्ञापन पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अवर सचिव आराधना पटनायक और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने हस्ताक्षर किए।

## हमारा लक्ष्य भाजपा को रोकना था, जिसे हासिल किया: आप

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लोकसभा की एक भी सीट हासिल करने में विफल रही आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि उसने पिछले आम चुनाव की मुकाबले काफी बेहतर प्रदर्शन किया है और पंजाब और चंडीगढ़ में मजबूत पकड़ के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बहुमत की ओर बढ़ने से रोकने के लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही है। आप नेता संदीप पाठक ने संवाददाताओं से कहा, 'लोकसभा चुनाव के परिणामों से देश की जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी तरह की तानाशाही और गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेगी।'

## छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ पर चित्रकला प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के अवसर पर इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) और नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट (एनजीएमए) ने 'छत्रपति शिवाजी महाराज' शीर्षक से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन (आईएएस) 6 जून, गुरुवार को करेंगे। इस अवसर पर आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी और एनजीएमए के महानिदेशक डॉ. संजीव गौतम भी उपस्थित रहेंगे। यह प्रदर्शनी एनजीएमए (जयपुर हाउस, इंडिया गेट हेक्सागन) में 21 जून तक चलेगी।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।



## दिल्ली से टोरंटो जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से टोरंटो (कनाडा) जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस के मुताबिक एयर कनाडा फ्लाइट एसी43 को बम की धमकी वाला ई मेल मिला है। यह धमकी मंगलवार रात दिल्ली से रवाना होने से ठीक पहले ई मेल के माध्यम से दी गई। सुरक्षा उपायों के लिए विमान को आइसोलेशन बे में भेज दिया गया है और स्क्रीनिंग प्रक्रिया चल रही है।पुलिस के अनुसार बीती रात 10.50 बजे, आईजीआई एयरपोर्ट स्थित दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) कार्यालय में एक ई मेल प्राप्त हुई, जिसमें एयर कनाडा की उड़ान के अंदर बम होने की धमकी दी गई थी, जो टोरंटो के लिए प्रस्थान करने वाली थी। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विमान का गहन निरीक्षण किया गया और कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि 31 मई को दिल्ली से 177 यात्रियों को लेकर श्रीनगर जा रही विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके-611 को बम की धमकी मिली थी। कॉल पर धमकी मिलने के बाद एयरलाइन और सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई कर फ्लाइट को श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षित तरीके से उतारा था।



## दिल्ली के 162 में से 148 उम्मीदवारों की जमानत जब्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में उतरे कुल 162 उम्मीदवारों में से केवल 14 लोगों को ही जनता से स्वीकार किया। ऐसे में इनके अलावा बचे 148 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। दरअसल, दिल्ली में सबसे अधिक 62.89फीसदी मतदान पूर्वी दिल्ली सीट पर हुआ और नई दिल्ली सीट पर सबसे कम 55.43फीसदी। नई दिल्ली लोकसभा सीट पर जमानत बचाने के लिए प्रत्याशियों को 1,40,891 वोट चाहिए थे। जबकि पूर्वी दिल्ली सीट पर 2,58,180 वोट जरूरी थे। चुनाव में प्रत्याशियों को जमानत बचाने के लिए कुल मतदान का 1/6 हिस्सा चाहिए होता है। मतदान के दिन दिल्ली के 1,52,01,936 मतदाताओं में से केवल 58.69त्न यानी 89,23,536 लोगों ने ही अपने मत का इस्तेमाल किया। सातों सीटों में से नई दिल्ली में सबसे कम 8.45 लाख मतदाताओं ने वोट दिया। यहां जमानत बचाने के लिए नियम के तहत 1,40,891 लाख वोट प्रत्याशी को चाहिए थे। नई दिल्ली लोकसभा सीट पर 17 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला था।

## तेज हवाओं के साथ दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम, कुछ इलाकों में बारिश...कहीं बूंदाबांदी से राहत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली और नोएडा-गाजियाबाद में शाम को अचानक मौसम बदला। तेज हवाओं के साथ दिल्ली एनसीआर के कुछ इलाकों में बारिश हुई, कहीं बूंदाबांदी हुई। इससे गर्मी से जूझ रहे लोगों को कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज दिन में भी दिल्ली और उससे सटे कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार जताए हैं। साथ ही कहा है कि इस दौरान आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। इससे तापमान में कमी आएगी। मौसम विभाग ने बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।दिल्ली में कुछ जगहों पर बूंदाबांदी देखने को मिली। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी के साथ बूंदाबांदी होने का अंदेशा जताया था। देर रात 12 बजे के बाद भी एनसीआर में तेज हवाएं चलती रहीं।



### हापुड़ के सिंभावली में आठ घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

हापुड़ के सिंभावली में लाइन में फाल्ट के चलते इलाके के खुडलिया गांव की बिजली आपूर्ति करीब आठ घंटे बाधित रही। जिससे गांव की करीब तीन हजार की आबादी समेत पशुओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि ऊर्जा निगम के अधिकारी-कर्मचारी सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं।

## तिहाड़ जेल में हुई गैंगवार, बदमाशों ने धारदार हथियार से किया कैदी पर हमला; यहीं बंद हैं केजरीवाल

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में एक बार फिर गैंगवार में गोगी गैंग के बदमाश हितेश पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया है। दोपहर दो बदमाशों ने हितेश पर हमला किया। हितेश की हालत नाजुक है और घायल कैदी का दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि हितेश पर गौरव और गुरिंदर नाम के बदमाशों ने हमला किया है, जो हत्या और हत्या के प्रयास के मामलों में जेल में बंद हैं। हितेश पर बवाना थाना में हत्या का मामला दर्ज है और वह 2019 से तिहाड़ जेल में बंद है।



पुलिस घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल करने में जुटी है।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने सत्रहवीं लोकसभा भंग की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सत्रहवीं लोकसभा भंग कर दी।

राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रपति से सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई थी। राष्ट्रपति मुर्मु ने इस सिफारिश पर अमल करते हुए संविधान के अनुच्छेद 85 के उपबंध (2) के तहत मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये।

इससे पहले दोपहर में श्री मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति मुर्मु से मुलाकात की और उन्हें अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा सौंपा था। राष्ट्रपति ने उनका और मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद उन्हें नयी सरकार के गठन तक कार्यभार संभालने का अनुरोध किया है। सुबह श्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक हुई जिसमें 17 वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गयी। सत्रहवीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि 18वीं लोकसभा के चुनाव एक जून को संपन्न हुए थे और चार जून को हुई मतगणना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सरकार बनाने का जनादेश मिला है।



## मोदी के खिलाफ है 18वीं लोकसभा का जनादेश: खडगे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि 18वीं लोकसभा का जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है और यह उनकी राजनीतिक ही नहीं, नैतिक हार भी है। श्री खडगे ने यहां अपने आवास पर इंडिया समूह के नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि गठबंधन की सभी नेता पूरी ताकत से लड़े हैं और अपना संदेश जनता तक पहुंचने में सफल रहे हैं और उसी का परिणाम है कि जनमत पूरी तरह से श्री मोदी के खिलाफ आया है। गठबंधन के नेताओं का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा, मैं इंडिया गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूँ। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताक़त से लड़े। आप सबको बधाई।

उन्होंने कहा कि चुनाव श्री मोदी के नाम और चेहरे पर लड़ा गया था। उन्होंने कहा, 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ख़िलाफ़ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत ना देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ़ संदेश दिया है। व्यक्तिगत रूप से श्री मोदी जी के लिए यह न सिर्फ़ राजनैतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है, लेकिन हम सब उनकी आदतों से वाक़िफ़ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हर संभव कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, हम यहाँ से यह भी संदेश देते हैं कि इंडिया गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान के प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते है और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों से प्रतिबद्ध है।



## राजग शुक्रवार को नयी सरकार बनाने का दावा पेश करेगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संसदीय दल का नेता चुना जाएगा और उसी दिन शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष वह नयी सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार 07 जून को दोपहर दो बजे संविधान सभा (पुराने संसद भवन) के केन्द्रीय कक्ष में भाजपा सहित 15 दलों के सांसदों की बैठक में श्री मोदी को नेता चुना जाएगा। इसके बाद श्री मोदी भाजपा के अध्यक्ष और राजग में शामिल अन्य दलों के नेताओं के साथ राष्ट्रपति भवन जाएंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष नयी सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। सूत्रों के अनुसार श्री मोदी के शनिवार 08 जून की शाम को प्रधानमंत्री पद की पुनः शपथ लेने की संभावना है। इससे पहले लोकसभा चुनावों के पूरे परिणाम प्राप्त होने के बाद श्री मोदी ने आज दोपहर में कैबिनेट की बैठक बुलाई और इसके बाद राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति को अपना एवं मंत्रिपरिषद का त्यागपत्र सौंप दिया और 17वीं लोकसभा भंग करने की सिफारिश की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने नयी सरकार के गठन तक प्रधानमंत्री पद का दायित्व निभाने का अनुरोध किया। शाम को 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास में राजग के नेताओं की एक बैठक हुई जिसमें 15 दलों के 21 नेताओं ने शिरकत की। इस बैठक में तेलुगु देशम पार्टी के नेता एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल यूनाइटेड के नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान शामिल थे। राजग नेताओं ने बीते 10 वर्ष के कार्यकाल के कामकाज की सराहना की और एक प्रस्ताव पारित करके श्री मोदी को अपना नेता चुना और उनके नेतृत्व में नयी सरकार के गठन का समर्थन किया।

## नोएडा में AC से फिर लगी आग: सोसायटी की 17वीं मंजिल पर फ्लैट जला, लोगों की थमी सांसें

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर 117 स्थित एल्डिगो सोसायटी में देर रात एक फ्लैट में एसी से शार्ट सर्किट होने पर आग लग गई। बालकनी में लगी आग पूरे फ्लैट में फैल गई। इस बीच फ्लैट में मौजूद लोग टावर परिसर में निकल आए। सूचना पर पहुंची फायर की एक गाड़ी ने 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया।

### 20 मिनट में पाया काबू

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि बुधवार देर रात आग लगी थी। गार्ड और अन्य लोगों ने इसकी सूचना दी। मौके पर एक गाड़ी भेजी गई। करीब 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। एसी में शॉट सर्किट के बाद आग लगी। बालकनी के बाद आग कमरे की तरफ बढ़ गई। फायर ने पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया। इससे कोई जनहानि नहीं हुई है। हालांकि बालकनी और कमरे में रखा थोड़ा सामान जलकर राख हुआ है। किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं है।

### एसी की सर्विस जरूरी

सीएफओ ने बताया कि इन दिनों तेज गर्मी पड़ने से बिजली फॉल्ट ज्यादा हो रहा है। इसी चक्कर में एसी में शार्ट सर्किट या फिर वह ब्लास्ट हो रहे हैं। इसके अलावा एसी का सही रखरखाव न होना भी आग लगने का कारण हो सकता है।

**PUBLIC NOTICE**

I, Shivam S/o Shri Niranjan R/o House No. G-02, Gali No. 7, Pappu Colony, Sahibabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh- 201005 has embraced Sikhisam and renounced Hinduism on 04.10.2023. In future my name will be considered as SHIVAM SINGH and not SHIVAM.

**PUBLIC NOTICE**

**To Whom so ever it may concern**

Mrs. Sharanjeet Kaur w/o Amarjeet Singh is absolute owner of Entire Ground Floor (without roof/terrace rights), Built on Property bearing Municipal No. 748, Ward No. XVI, Block-BD, Street No. 23, area measuring 55 Sqyds part of Khasra No. 361/35-36-37, situated at Joshi Road Karol Bagh, New Delhi-110005 and Lost Original Sale deed vide Document No. 7279, in Book No. 1, Volume No. 10875, Page No. 47 to 54 dated 29.10.2003 and FIR for same has been Done vide FIR No. 1781725/2024, dated 01/06/2024 if anybody found above mentioned deed kindly contact on-9340118309 within 7 Days

**(Advocate Deepak Malik).**
Off: -Shop no. 2, 1st First floor
Kataria complex, Near Axis Bank,
New Railway Road
Gurugram-122001
Ph: 9540419009

**COURT NOTICE**

**PROCLAIMATION REQUIRED ATTENDENCE OF DELENDANTS (Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**

**IN THE COURT OF MS. CHARU GUPTA JUDGE/MACT S/E SAKET NEW DELHI**

SUIT NO. 212021

**RAJENDRI....................Petitioner/s**

**VS**

**NIA..........................Respondent/s**

To
**SONU**
SADHAULI JHABERA HARIDWAR UK-247665

Whereas (Petitioner) RAJENDRI has presented the petition under the Motor Vehicles Act for grant of compensation on account of injuries/loss suffered in a motor vehicle accident, and whereas you are respondent No.03 in the said case proceedings and whereas despite reasonable efforts and attempts for service, your presence could not be secured, as you are intentionally evading service of summons, it is hereby notified that the next date of hearing in the said proceedings is 19.07.2024. You are required to appear in the said proceedings in person, or through your representative, and in case of failure/default in appearance in the said proceedings on 19.07.2024, the matter be proceeded ex- parte against you.

**CHARU GUPTA**
PO-MACT-01/SOUTH-EAST
SAKET, NEW DELHI

**NAME CHANGE**

I, SHARANJIT KAUR wife of NO-3407269Y Rank-L HAV Name-SARBARINDER SINGH R/O VPO-CHETANPUR, TEH-AJNALA, DIST-AMRITSAR, PUNJAB-143606 have changed my name from SHARANJIT KAUR to SHARANDEEP KAUR for all future purposes vide affidavit dated 06/06/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, hitherto Known as SUNITA DEVI alias SUMITRA DEVI W/o PREM DASS residing at 697, Gali No. 09, Sandeep Enclave, Akbarpur, Bahrampur, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201009 have changed my name and shall hereafter be known as SUMITRA DEVI.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, SHAKEELUN NISA W/o MOHD IZZATULLAH R/o B-395, New Seemapuri, PO Jhilmil, Dist: East, Delhi- 110095 declare that name of my Husband has been wrongly written as IZZATULLAH SIDDIQUI in my Passport No. T1525729. The actual name of my Husband is MOHD IZZATULLAH respectively, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

MY CLIENT, MRS. SAKILA @ SUKILA @ SHAKILA W/O MD. MATIN, R/O E-3050, BLOCK-E, JJ COLONY, BAWANA, NORTH WEST DELHI-110039, IS A REGISTERED OWNER OF PLOT NO-3050 BLOCK-E BAWANA DELHI AND SAME ALLOTTED BY DDA IN HER FAVOUR. WHEREAS BY VIRTUE OF THIS PUBLICATION MY CLIEN WANTS TO INFORM TO GENERAL PUBLIC THAT FIRSTLY SHE HAD MARRIED WITH MR. SURESH IN THE YEAR OF YEAR 1999 AND IN YEAR 2004 SHE GOT SEPERATED WITH MR. SURESH AND LATERON IN YEAR 2011, SHE FURTHER MARRIED WITH MR. MOHD. MATIN AND SHE RESIDING WITH HIM SINCE 2011 ON ABOVE SAID PLOT AND NOW MY CLIENT WANTS TO MORTGAGE WITH SAID PROPERTY WITH FUSION MICRO FINANCE LTD. ANY PERSON/BANK/FINANCIAL INSTITUTION HAVING ANY CLAIM/RIGHT, LIEN ANY OBJECTION WHATSOEVER IN REGARD TO ABOVE PROPERTY, SHOULD NOTIFIED TO THE UNDERSIGNED/ADV. ADITYA VERMA, DDA SCO NO. 17, C-2 MARKET, YAMUNA VIHAR, DELHI-110053 ALONG WITH DOCUMENTARY EVIDENCE UNDER ADDRESS THROUGH REGISTERED A/D WITHIN 3 DAYS FROM THE DATE OF PUBLICATION OF THIS NOTICE FAILING WHICH ANY CLAIM, LIEN OR OBJECTION SHALL BE DEEMED TO HAVE BEEN WAIVED.

**ADITYA VERMA, ADV.**
DDA SCO No. 17, C-2 Market,
Yamuna Vihar, Delhi-110053
MOBILE NO. 9999042521.

**NAME CHANGE**

I, GURDEEP KAUR w/o GURMUKH SINGH resident of WZ-94, B/1, GALI NO. 1, GURU NANAK NAGAR, TILAK NAGAR, WEST DELHI-110018 have my changed name from GURCHARAN KAUR to GURDEEP KAUR for future purposes.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as RAM ASRE MAURYA alias RAM ASRE KUSHVAHA S/o SHANKAR LAL, R/o 2816, Karhera-5 Mohan Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201007, have changed my name and shall hereafter be known as RAM ASRE KUSHVAHA.

**NAME CHANGE**

I, Bhavleen Kaur, mother of Prisha Khurana, Add. Flat no 8b Tower 1 hibiscus society ,sector-50 Gurgaon ,Pin Code : 122018.I declare that I have changed her name to Prabhmehar Kaur for all future purposes

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as MOHD. IZZATULLAH SIDDIQUI alias MOHAMMAD IZZATULLAH SIDDIQUI alias MOHD IZZATULLAH S/o MOHD NEMATULLAH residing at B-395, New Seema Puri, Jhilmil, East Delhi, Delhi - 110095 have changed my name and shall hereafter be known as MOHD IZZATULLAH.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी मुवक्किला श्रीमती सायरा बानो पत्नी श्री मोहम्मद इरशाद सलमानी निवासी मकान नंबर डी -98 गली नंबर 1. चांद बाग करावल नगर दिल्ली-110094 ने अपने पुत्र दिलखुश उम्र 27 वर्ष वह उसकी पत्नी श्रीमती अनम फातमा से उनके गलत आचरण के कारण अपने सारे संबंध-विच्छेद कर लिए हैं। व उन्हें अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है।भविष्य में उनके द्वारा किए गए कार्य के लिए मेरी मुवक्किला सायरा बानो जिम्मेदार नहीं होंगे यदि कोई व्यक्ति उनसे किसी प्रकार का लेन-देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**HEENA advocate**
Ch.No.F-714 KKD COURT
Delhi-110032,

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल एकता डल यूनाइटेड (दल का नाम) के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है जिसका कार्यालय - ग्राम- महपतिया, डाकघर- महपतिया वाया मधेपुर, महपतिया, जिला-मधुबनी, निकट- प्राथमिक मकतब, बिहार- 847408 पर स्थित है

इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है। पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैं: अध्यक्षः चिंकी कुमारी, निवासी- 68, शिकरिया, शिकरिया, रामचन्द्र, मधेपुर, मधुबनी, बिहार- 847408 **महासचिवः** - विवेक कुमार गोपी, निवासी- 30, अहमदगंज, बखड्डा, शेबपुर कमाल, बेगुसराय, बिहार- 851217। **कोषाध्यक्ष** : राधे श्याम शर्मा, निवासी- नगर/ग्राम- सनाहा, आंचल- साहेबपुर कमाल, जिला-बेगूसराय- 851217। यदि किसी को एकता दल यूनाइटेड (प्रस्तावित पार्टी का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति और इसके कारण सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**NAME CHANGE**

I,Gopalakrishnan Lakshmanan S/o Gopalakrishnnan Nadoolmadam Venkateshpur Iyer R/o Sobha City C2-184, Sector -108,Gurgaon , Haryana-122017, Have Changed My Name To Lakshmanan Gopala krishnan For All Purpose.

**D.O.B. CHANGE**

I, NAVITA W/O SH.HARIOM R/O 130, B?LMIK MOHALLA, BHARTHAL VILLAGE, DISTT.SOUTH WEST DELHI, DELAI- 110077 have changed my date of birth from 01.01.1968 (as par my Passport No.19054628) to 01/01/1963 (as par Aadhar card and PAN CARD) for all future purpose

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I SHIVAM KOUL S/O VIJAY KOUL,R/O -D1/804, Saviour Park, Near Katori Mill, Mohan Nagar, PO:Mohan Nagar, DIST:Ghaziabad, UTTAR PRADESH-201007 declare that name of mine, my mother and my father has been wrongly written as SHIVAM KAUL,SUNITA KAUL and VIJAY KAUL in my 10th,12th class educational documents and PAN CARD NO- KKGPK1128H.The actual name of mine, my mother and my father are SHIVAM KOUL,SUNITA KOUL AND VIJAY KOUL respectively which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, BABER GHAYASUDDIN S/o MOHD IZZATULLAH, R/o B-395 New Seemapuri, PO Jhilmil, Dist: Shahdara, Delhi - 110095, do hereby declare that the name of my Father has been wrongly written as IZZATULLAH SIDDIQUI in my all Educational Documents, Passport No. T1530398, and PAN Card No. BWOPG8705R, and name of my Father has been wrongly written as IZZAT ULLAH SIDDIQUI in my Driving License No. DL0520130226634. The actual name of my Father is MOHD IZZATULLAH which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, ASHOK KUMAR S/o KAPOOR SINGH, R/o House No-64, Near Kharanti Adda Gorawar, Rohtak-124111, Haryana declare that name of mine has been wrongly written as ASHOK KUMAR BALHARA in my service record. The actual name of mine is ASHOK KUMAR, which may be amended accordingly

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल श्री जमील पुत्र श्री स्वर्गीय कलुवा निवासी मकान नंबर-946, मोहल्ला नूरगंज मुराद नगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश- 201206 ने अपने पुत्र सलमान उम्र 35 वर्ष वह उसकी पत्नी श्रीमती रजिया परवीन तथा उनके दो बच्चे इजवा व बेटा समद से उनके गलत आचरण के कारण अपने संबंध-विच्छेद कर लिए हैं व उन्हें अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है।भविष्य में उनके द्वारा किए गए कार्य के लिए मेरे मुवक्किल जमील जिम्मेदार नहीं होंगे यदि कोई व्यक्ति उनसे किसी प्रकार का लेन-देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**HEENA advocate**
Ch.No.F-714 KKD COURT
Delhi-110032,

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण-II, दिल्ली**
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं के बकाया ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के साथ पठित ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया नियमावली, 1993) के नियम 12 एवं 13 के तहत नोटिस

टी.ए. सं. 423/2023 दिनांक **20-05-2024**

**पंजाब नैशनल बैंक** आवेदक
विरुद्ध
**शक्ति होम एप्लायंसेज** प्रत्यार्थी

सेवा में,
प्रतिवादी
**शक्ति होम एप्लायंसेज प्रोप. द्वारा श्री रमेश कुमार जैन, जी और जेयू 110ए, पीतमपुरा, नई दिल्ली-34**

जबकि उपरोक्त आवेदक ने आपके विरुद्ध रुपये **40,83,571.35** (रूपये चालीस लाख तिरासी हजार पाँच सौ इकहत्तर और पैसे पैंतीस मात्र) की वसूली हेतु एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषजनक रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको **दिनांक 05-08-2024 को पूर्वा. 11.00 बजे** माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

सभी मामलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और भौतिक के माध्यम से लिया जाएगा और उस उद्देश्य के लिए:-

(i) सभी अधिवक्ता/वादी सिस्को वेबेक्स एप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे;

(ii) माननीय पीठासीन अधिकारी/ रजिस्ट्रार द्वारा प्राप्त की जाने वाली सुनवाई के मामलों की अगली तारीख के लिए "मीटिंग आईडी" और "पासवर्ड" DRT के ऑफिशियल पोर्टल अर्थात **"drt.gov.in"** की दैनिक वाद की सूची में प्रदर्शित किया जाएगा।

(iii) किसी भी जानकारी हेतु, एडवोकेट्स/लिटिगेंट्स संबंधित अधिकारी से फोन **23748478** पर संपर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायधिकरण की मोहर के तहत **20 मई, 2024** को दिया गया।

प्राधिकरण के आदेशानुसार,
अनुभाग अधिकारी, डीआरटी-II, दिल्ली

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

**COURT NOTICE**

**PROCLAIMATION REQUIRED ATTENDENCE OF DEFENDANTS (Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**

**IN THE COURT OF MS. CHARU GUPTA JUDGE/MACT S/E SAKET NEW DELHI**

SUIT NO. 315/2021

**SABIR............................ Petitioner/s**

**Vs.**

**SOPALI....................Respondent/s**

To
**1) SOPALI**
Address: 18, RAJAPIR, PS RAJAPURA DISTT. SAMBHAL 202421
**2) RAKESH KUMAR**
NAGAR AREA SHIVPURI KAIL, BABRALA GUNNAUR DISTT. VILL SAHPUR CHAUDHARY HAPUR, U.P.

Whereas (Petitioner) SABIR has presented the petition under the Motor Vehicles Act for grant of compensation on account of injuries/loss suffered in a motor vehicle accident, and whereas you are respondent No.01& 02 in the said case proceedings and whereas despite reasonable efforts and attempts for service, your presence could not be secured, as you are intentionally evading service of summons, it is hereby notified that the next date of hearing in the said proceedings is 10.07.2024. You are required to appear in the said proceedings in person, or through your representative, and in case of failure/default in appearance in the said proceedings on 10.07.2024, the matter be proceeded ex- parte against you.

**CHARU GUPTA**
**PO-MACT-01, SOUTH-EAST SAKET, NEW DELHI**

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I SUNITA KAPADIA D/O BHIKA RAM W/O ABHISHEK KUMAR SRIVASTAVA R/O 52/4F STREET NO 16, NAI BASTI VTC ANAND PARBAT, P O Karol Bagh Sub District New Delhi District Central Delhi- 110005 declare that name of mine has been wrongly written as SUNITA in my 10th, 12th and Graduation educational document ,The actual name of mine is SUNITA KAPADIA ,respectively which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, Vansh S/o-Vijay Nangru R/O Roop nagar Hansi,Hansi, Hisar Haryana -125033 have changed my name from Vansh to Vansh Nangru for all future purposes.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, SANJIVANI D/O SH. SATPAL SINGH EX. WIFE OF ANSUL KUMAR R/O D-441, GALI NO. 60, MAHAVIR ENCLAVE PART-3, WEST DELHI-110059 declare that I got divorced from my husband SH. ANSUL KUMAR vide Court Decree HMA No. 423/2023 dated 16.02.2023. Further I have changed the name of my minor son SHUBH aged 04 years and he shall hereafter be known as SHUBH RAJPUT.

**PUBLIC NOTICE**

BE IT KNOW TO ALL CONCERNED THAT MY CLIENT MRS. MAHINDER KAUR W/O LATE MR. JARNAIL SINGH RESIDENT OF C-47B, TILAK VIHAR, TILAK NAGAR, WEST DELHI, DELHI-110018 HEREBY DECLARE THAT SHE HAVE EXPELLED, DISOWNED AND DIS-INHERITED HER SON NAMELY MR. GURMEET SINGH @ GHOLU & HER DAUGHTER-IN-LAW NAMELY MRS. SARVJEET KAUR WIFE OF MR. GURMEET SINGH @GHOLU AND HER GRANDSON NAMELY NANAK SINGH S/O MR. GURMEET SINGH @GHOLU & MRS. SARVJEET KAUR & HER GRANDDAUGHTER NAMELY NANKI KAUR D/O MR. GURMEET SINGH @ GHOLU & MRS. SARVJEET KAUR DUE TO THEIR MISBEHAVIOUR, FROM HER ALL MOVABLE, IMMOVABLE PROPERTIES WHATSOEVER / WHEREVER SITUATED & BANK DEPOSITS ETC. SHE HAVE ALSO RELEASED ALL HER RELATIONS WITH HER ABOVE MENTIONED SON, DAUGHTER-IN- LAW, GRANDSON & GRANDDAUGHTER FOR ALL INTENTS AND PURPOSES. MY SAID CLIENT ALSO HEREBY DECLARE THAT SHE SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY OF ACTS AND OMISSIONS OF HER ABOVE MENTIONED SON, DAUGHTER-IN- LAW, GRANDSON & GRANDDAUGHTER FROM HERETO. ANYBODY DEALING WITH HER ABOVE MENTIONED SON, DAUGHTER-IN-LAW, GRANDSON GRANDDAUGHTER SHALL DO SO AT HIS/HER/ THEIR OWN PERIL.

**GULSHAN CHANANA ADVOCATE**
11/80, Ground Floor, Subhash Nagar,
New Delhi-110027

## औद्योगिक क्षेत्र फिरोजपुर बांगर में उद्यमियों ने मांगी पर्याप्त बिजली

एजेंसी

**सोनीपत।** खरखौदा औद्योगिक क्षेत्र फिरोजपुर बांगर के उद्यमियों ने मांग की है कि फैक्ट्रियों के निर्बाध संचालन के लिए 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए। इसके अलावा यहां के लाइनमैन की बदली भी की जाए। फिरोजपुर बांगर उद्यमी एसोसिएशन के सदस्यों अखिल जैन, विकास जैन, दिव्यांग जिंदल, उदेश यादव, कुणाल जैन, सुनील सिंहल, अतुल शर्मा, सूरज यादव, शरद राय, विनय रामकुमार आदि ने जिला मुख्यालय पर विद्युत निगम के अधीक्षक अभियंता कार्यालय को इस आशय का मांग पत्र सौंपा है। उद्योगपतियों का कहना है कि फैक्ट्रियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जरूरत है। जबकि उन्हें बमुश्किल 8 से 10 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। उक्त मांग को लेकर उन्होंने एसडीओ से भी संपर्क साधा था। लेकिन परिणाम शून्य रहा। जबकि उन्हें हर हाल में समस्या का समाधान चाहिए। फैक्ट्री मालिकों को बिजली निगम के लाइनमैन से भी शिकायत है। उद्योगपतियों की माने तो लाइनमैन द्वारा मरम्मत कार्यों की घोर उपेक्षा की जा रही है। इसलिए वे चाहते हैं कि लाइनमैन जितेंद्र को अविलंब बदला जाए।

## हरियाणा में कांग्रेस सरकार व कुमारी सैलजा का मुख्यमंत्री बनना तय : मनोज राठी

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने सिरसा सहित हरियाणा की पांच सीटों पर कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दावा किया है कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस की होगी और कुमारी सैलजा मुख्यमंत्री बनेंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सभी दस सीटें जीतने व देशभर में 400 पार का नारा देने वाली भाजपा को जनता ने साफ तौर पर संदेश दे दिया है कि घमंड का अंत अवश्य होता है और भाजपा के साथ भी ऐसा ही हुआ है।

मनोज राठी ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने पिछले चुनाव में 10 सीटें जीती थी लेकिन इस चुनाव में कांग्रेस ने जनता के सहयोग से अच्छा प्रदर्शन करते हुए भाजपा से पांच सीटें छीन ली है। सिरसा में पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा ने न केवल अच्छा प्रदर्शन किया बल्कि लाखों वोटों से जीत दर्ज करके पार्टी में अपनी मजबूती दर्ज करवाई है। इसी तरह हिसार, अंबाला, सोनीपत व रोहतक सीटें भी पार्टी ने अच्छे अंतर से जीती है। उन्होंने कांग्रेस को दिए गए अभूतपूर्व सहयोग पर जनता का आभार जताया और कहा कि जनता भाजपा की गलत व तानाशाही नीतियों से परेशान थी। कर्मचारी, किसान, मजदूर सहित हर वर्ग इस सरकार को सबक सिखाने के मूड में था और वही जनता ने कर दिखाया है।

## पति व पत्नी की तेजधार हथियार से वार कर हत्या, बेटी घायल

**जींद।** गांव बिशनपुरा में पति व पत्नी तथा उनकी बेटी की तेजधार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने पति व पत्नी को मृत घोषित कर दिया जबकि बेटी की हालत गंभीर देख पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि यह पता नही चल पाया है कि हत्या की इस वारदात को अंजाम क्यों दिया गया है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। गांव बिशनपुरा निवासी करण सिंह, उसकी पत्नी सुनीता व उसकी बेटी अंजू अपने घर पर सोए हुए थे। उसी दौरान बिरौली निवासी नवीन उर्फ मोनू उनके घर आया और तेजधार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार सुन कर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल लाया गया जहां करण सिंह व उसकी पत्नी सुनीता को चिकित्सकों मृत घोषित कर दिया जबकि अंजू की हालत गंभीर देख पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। घटना को अंजाम देकर नवीन मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घटना को गंभीरता से लेते हुए साक्ष्यों को जुटाया। सदर थाना पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है।

## अफीम तस्करी के आरोप में दो महिलाओं सहित चार को दबोचा

**हिसार।** हरियाणा राज्य नारकोटिकस कंट्रोल ब्यूरो यूनिट फतेहाबाद ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए दो महिला तस्करों सहित चार को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से 2 किलो 654 ग्राम अफीम सहित बरामद हुई है। ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख एडीजीपी ओपी सिंह के नेतृत्व में प्रदेश भर में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते डीआईजी सिमरदीप सिंह व पुलिस अधीक्षक श्रीमती नितिका गहलोत के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इंचार्ज निरीक्षक फतेह सिंह की अगुवाई में फतेहाबाद यूनिट टीम किसी मामले की जांच के लिए हिसार के नागरिक अस्पताल गई हुई थी। तभी किसी मुखबिर ने सूचना दी कि राजस्थान के मोतीसिंह की ढाणी निवासी सुनील, उसकी पत्नी ललिता देवी, मध्य प्रदेश के उज्जैन जिला निवासी कमला बाई व एक अन्य मध्य प्रदेश के ही मंदसौर निवासी राजू अफीम तस्करी का धंधा करते हैं।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी को स्पीकर ने दिलाई हरियाणा विधानसभा की सदस्यता की शपथ

## कांग्रेस पर लगाया बड़ा आरोप- झूठ बोलकर जीती लोकसभा चुनाव

एजेंसी

**चंडीगढ़।** वीरवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विधायक पद की शपथ ली. चंडीगढ़ विधानसभा सचिवालय में स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने उनको शपथ दिलाई. सीएम नायब सैनी ने करनाल उपचुनाव जीतने पर लोगों का धन्यवाद किया और दावा किया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी की सरकार बनेगी.

सीएम नायब सैनी ने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में सूबे में भ्रष्टाचार दिखाई नहीं दिया. आगे भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास किया जाएगा.

**सीएम नायब सैनी का कांग्रेस पर निशाना:**



लोकसभा चुनाव के नतीजों पर सीएम नायब सैनी ने कहा 'बीजेपी का वोट प्रतिशत कांग्रेस से ज्यादा है. कांग्रेस ने झूठ के दम पर चुनाव जीतने का काम किया. चुनाव में झूठ का सहारा लिया. उन्होंने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का सम्मान नहीं किया. उन्होंने संविधान को अपमानित करने का काम किया. इसके विपरीत बीजेपी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को सम्मान दिया. पीएम मोदी ने 10 वर्षों में गरीबी हटाने का काम किया.'

'सरकार पर को खतरा नहीं' : सीएम नायब सैनी के शपथ ग्रहण के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, विधायक लीलाराम गुर्जर, डूडाराम, सत्यप्रकाश जरावता, बिजली मंत्री रणजीत सिंह, जेजेपी विधायक देवेंद्र बबली, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक रामकुमार कश्यप भी मौजूद रहे. इसी के साथ नायब सैनी करनाल से नए विधायक बन गए हैं. इस दौरान नायब सैनी ने दावा किया कि सरकार पर कोई खतरा नहीं है।

## पलवल में अलग-अलग स्थानों पर लाखों की चोरी

**पलवल।** पलवल में चोरों ने तीन अलग-अलग मकानों को अपना निशाना बनाते हुए करीब 1.22 लाख नकद व लाखों रुपए के आभूषण व अन्य सामान को चोरी करने का मामला बुधवार को सामने आया है। पुलिस ने मकान मालिकों की शिकायतों पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी राजवीर ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि पृथला गांव निवासी लालाराम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके बेटे परमवीर ने अपना घर अलग बनाया हुआ है। 31 मई को वह अपने व अपने बेटे के मकान का ताला लगाकर अपनी ससुराल में कुआं पूजन समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। जब 4 जून को वापस लौटा तो उसने देखा कि उसके बेटे परमवीर के मकान का किसी ने ताले के पास से कुंदी को तोड़कर मकान के नीचे बने कमरे में चोरी कर ली।

## रात की बरसात से भोर हुई सुहानी, तापमान गिरा

एजेंसी

**कैथल।** जिले में देर सायं मौसम एकदम बदला और तेज आंधी के साथ बरसात हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। रात को हुई बरसात का असर सुबह पर भी पड़ा। गुरुवार की सुबह ठंडी हवाएं चलने से सुहावनी हो गई। बरसात के बाद तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग की माने तो अगले दो दिनों तक कैथल और उसके आसपास तेज हवाएं चलने और बारिश की संभावना है। रात को हुई बरसात के बाद सुबह तक जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। सड़कों पर बोर्ड और खंबे गिरे हुए दिखाई



दिए। नौतपा के बाद भी तेज लू चलने के कारण लोगों ने मौसम के इस बदले मिजाज का खूब आनंद लिया। गुरुवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहने की संभावना है। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा सुबह 6 बजे जारी बुलेटिन के अनुसार अगले 3 घंटे में हरियाणा में हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, करनाल, यमुनानगर, सोनीपत, जींद, पानीपत, कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला व पंचकुला में जिलों में तेज हवाएं चलने और हल्की बरसात की संभावना जताई है। केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल (सीएसएसआरआई) की जिला मौसम वेधशाला ने भी गुरुवार को गरज चमक के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी और हल्की बरसात की चेतावनी दी है।

## राजकीय आईटीआई में दाखिले के लिए 7 जून से 21 जुलाई तक होगा पंजीकरण

**फतेहाबाद।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के अधीन जिले में चल रहे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में सत्र 2024-25 के लिए दाखिला हेतू पंजीकरण विभागीय वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एडमिशन्स डॉट आईटीआईहरियाणा डॉट जीओवी डॉट आईएन पर 7 जून से 21 जुलाई तक किए जाने हैं। ऑनलाइन दाखिला पंजीकरण हेतू राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा में हेल्प डेस्क बनाया गया है। आवेदक दाखिले हेतू निशुल्क अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि दाखिला लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं पंजीकरण हेतू शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण व स्थाई निवासी प्रमाण-पत्र, फैमिली आईडी, मोबाइल नंबर, मेल आईडी व आधार कार्ड इत्यादि दस्तावेज साथ लेकर आयें। उपायुक्त ने बताया कि विभिन्न दाखिला चरणों में मेरिट व सीट अलाटमेंट जारी करने के कार्यक्रम के बारे में सूचना दाखिला वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों से कहा है कि वे दाखिला वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

## हरियाणा में 43.5 हजार मतदाताओं ने नोटा को दिया वोट

### हरियाणा के 168 उम्मीदवारों को नोटा से भी कम मिले वोट

एजेंसी

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के इस बार के चुनाव परिणाम राज्य में चौंकाने वाले रहे। इस बार लोकसभा चुनाव में 223 उम्मीदवार मैदान में थे। मतगणना में 75 फीसदी यानी 168 उम्मीदवारों को नोटा से भी कम वोट मिले। यही नहीं फरीदाबाद और अंबाला में मतदाताओं ने क्षेत्रीय दल जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवारों को नजरअंदाज कर नोटा को अधिक तरजीह दी। प्रदेशभर की 10 लोकसभा सीटों पर 43 हजार 539 लोगों ने नोटा का बटन दबाया। कुल 223 उम्मीदवारों में जननायक जनता पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल के ऐसे उम्मीदवार अधिक रहे, जिन्हें नोटा से भी कम वोट मिले।

प्रदेश की 10 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला रहा। कुरुक्षेत्र सीट पर गठबंधन उम्मीदवार सुशील गुप्ता के साथ इनेलो से अभय चौटाला ने जरूर दमखम दिखाया और सिरसा में इनेलो उम्मीदवार संदीप लोट के खाते में अच्छी खासी वोट आए। बाकी अन्य सीटों पर इनेलो के साथ जजपा भी चुनावी रण में पिछड़ गई। जजपा को अंबाला और फरीदाबाद में नोटा से कम वोट पड़े, इससे अंदाजा



लगाया जा सकता है कि सत्ता में सहयोगी रही जजपा की जनता के बीच कितनी पैठ है।

अंबाला में 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे, जिनमें से नौ उम्मीदवार के खाते में नोटा से कम वोट आए। इसके साथ ही सिरसा में 19 में से 12 उम्मीदवारों को नजरअंदाज करते हुए जनता की पसंद नोटा बना। वहीं हिसार में 28 में से 22, सोनीपत में 22 में से 17, रोहतक में 26 में से 21, कुरुक्षेत्र में 31 में से 22, करनाल में 19 में से 13, भिवानी में 17 में से 13, गुरुग्राम में 23 में से 19 और फरीदाबाद में 24 में से 20 उम्मीदवारों को नोटा से कम वोट मिले। 10 लोकसभा सीटों पर 43 हजार 539 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबावाया। फरीदाबाद में नोटा के खाते में 6821 वोट आए तो गुरुग्राम में 6417 वोट नोटा को पड़े। अहम पहलू यह भी है कि अंबाला में नोटा के खाते में 6452 मत आए, इनमें जजपा से उम्मीदवार किरण पूनिया को नोटा से कम 6092 वोट मिले। इसके साथ ही फरीदाबाद में नलिन हुड्डा के खाते में 5361 वोट आए, जोकि नोटा से कम हैं। राज्य में नोटा से कम वोट पाने का विवरण इस प्रकार है।

| लोकसभा | कुल उम्मीदवार | नोटा से कम वोट वाले उम्मीदवार | नोटा को मिले वोट |
|---|---|---|---|
| कुरुक्षेत्र | 31 | 22 | 2439 |
| हिसार | 28 | 22 | 3366 |
| रोहतक | 26 | 21 | 2362 |
| फरीदाबाद | 24 | 20 | 6821 |
| गुड़गांव | 23 | 19 | 6417 |
| सोनीपत | 22 | 17 | 2320 |
| करनाल | 19 | 13 | 3955 |
| सिरसा | 19 | 12 | 4123 |
| भिवानी-महेंद्रगढ़ | 17 | 13 | 5287 |
| अंबाला | 14 | 09 | 6452 |

## भाजपा ने मजबूती के साथ चुनाव लड़ाः कंवर पाल

**फतेहाबाद।**

**यमुनानगर।** लोकसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कहा की सभी विपक्षी दलों के एक



जुट होने के बाद भी हरियाणा में भाजपा का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। भाजपा ने मजबूती के साथ चुनाव लड़ा है और 5 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि हमारा लक्ष्य दस सीटों का था। जनता ने तीसरी बार भी हमें बहुत बड़ा समर्थन दिया है। वे आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कृषि मंत्री कंवर पाल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनने जा रही है, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जिन सीटों पर कुछ खामियां हैं, उस पर मंथन भी किया जाएगा और उसकी समीक्षा भी की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि आने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा जीत हासिल करेगी। विधान सभा चुनावों में अभी समय है, निश्चित तौर पर हम हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाएंगे। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होने कहा कि पूरे देश के अंदर निष्पक्ष रूप से चुनाव हुए हैं और पूर्व की सरकारों में किस प्रकार से बूथ कब्जे और हिंसा होती थी वह सबके सामने है। लेकिन मौजूदा समय में बिल्कुल निष्पक्ष रूप से चुनाव हुए हैं। लेकिन बेशर्मी के साथ फिर भी कोई आरोप लगाता है तो गलत है।

## नशीली गोलियां लेकर जा रहा युवक पकड़ा गया

**हिसार।** जिले के कस्बा नारनौंद में खांडा मोड़ के पास जींद रोड पर एंटी नारकोटिक सेल हांसी की टीम ने एक युवक के पास से 5840 नशीली गलियां बरामद की है। नारनौंद पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ स दर्ज कर लिया है। टीम ने उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एंटी नारकोटिक सैल हांसी के सब इंस्पेक्टर जयवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक युवक जींद से नारनौंद की तरफ नशीली दवाइयां लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर उन्होंने शहर के जींद रोड पर नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। कुछ देर बाद जींद की तरफ से एक युवक अपने हाथ में काले रंग का पोलिथीन लिए हुऐ पैदल आता दिखाई दिया। आरोपित युवक पुलिस को देखकर वापस जाने लगा तो पुलिस कर्मचारियों ने उसको दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान गांव पेटवाड़ निवासी मोनु उर्फ बंटी के रूप में हुई। उसके सामान की तलाश लेने पर उसमें से थर्माडोल हाइड्रोक्लोरिड की 3500 गोलियां और लोराजेपम की 2340 गोलियां बरामद हुई।

## सांसद बनने के बाद नवीन जिंदल ने मतदाताओं का जताया आभार

### सबका विकास-सबका विश्वास मंत्र के साथ करेंगे संसदीय क्षेत्र का विकासः नवीन जिन्दल

एजेंसी

**कैथल।** कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का तीसरी बार चुनाव जीतने के बाद नवीन जिंदल कैथल पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। लोग नवीन जिंदल को बधाई देने के लिए कैथल के जिंदल हाउस में पहुंचे। 10 साल बाद जिंदल हाउस में फिर से रौनकलौटने लगी है। बैठक में जिंदल ने कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि वे सबका विकास-सबका विश्वास मंत्र के साथ पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का विकास करेंगे। वे पूरे हलके के सांसद हैं चाहे किसी ने उन्हें वोट दिया या ना दिया हो, लेकिन वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार भी।

उन्होंने कहा कि वे सभी के साथ मिलजुल कर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को विकसित और खुशहाल बनाएंगे। वे पिछले 10 साल के कार्यकाल के मुकाबले 10 गुना कार्य करेंगे, क्योंकि क्षेत्रवासियों की सेवा की विरासत उन्हें अपने पिता ओपी जिंदल से मिली है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व सांसद जनरल (रि.) डीपी वत्स,पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक, पूर्व विधायक चौ. तेजवीर सिंह, सुरेश गर्ग, नौच, ब्रजेंद्र सिंह, नवनीत गोयल, अमरजीत छाबड़ा, सुरेश सैनी,कृष्ण नंदन, शैली मुंजाल, राजेश बिट्ठु, रामस्वरूप जिन्दल, जसबीर सिंहसरपंच, रणधीर सिंह बाता, मुकेश जैन, अशोक भारती मौजूद रहे।

## हिसार में जेल लोक अदालत का आयोजन, चार बंदियों को किया रिहा

एजेंसी

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में केंद्रीय जेल 2, हिसार में जेल लोक अदालत का



आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने जेल लोक अदालत की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न अदालतों में लंबित छः मामलों में से पांच केसों का निपटारा किया। इन 5 मामलों में 4 बंदियों को सजा मुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि जेल लोक अदालत हर महीने लगाई जाती है, जिसमें केसों का निपटारा मौके पर ही जिला कारागार में ही किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम गायत्री ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण भी किया। उन्होंने विचाराधीन महिला कैदियों के बारे में जेल प्रशासन से पूछताछ की। उन्होंने विचाराधीन महिला कैदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी भी ली। कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत करवाते हुए सीजेएम गायत्री ने बताया कि यदि उनके पास अपने केस को डिफेंस करने के लिए वकील नहीं है, तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मुफ्त वकील ले सकते हैं ताकि वह कोर्ट में उनके केस की पैरवी कर सके। सीजेएम ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01667-231174 व टोल फ्री नंबर 1800-180-2057 पर सुबह 9.30 बजे से 5 बजे तक किसी भी कार्य दिवस को फोन द्वारा हर प्रकार की कानूनी सहायता व जानकारी ली जा सकती है।

## भाजपा की फिर से सरकार बनाने जा रही है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं : अनिल विज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तीसरी बार भाजपा की फिर से सरकार बनाने जा रही है और तीसरी बार मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है क्योंकि दो बार जो सरकार रह जाती है उनकी बहुत सी कमियां जनता के बीच होती है लेकिन भाजपा की ऐसी कोई भी कमियां नहीं रही और इसीलिए तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

**कांग्रेस झूठ फैलाने की राजनीति करती है और भाजपा की सच बताने की राजनीति करती है :पूर्व मंत्री अनिल विज**

भाजपा की अपेक्षा से कम सीट आने पर कांग्रेसियों ने इसको लेकर भाजपा पर निशाना साधा जिसके बाद अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह 400 पार कहे या 800 पर कहें कांग्रेसियों को इससे क्या लेना देना भाजपा ने चुनाव जीता है और बात जीत हो हार की होती है वह अपने कार्यकर्ताओं को



तैयार करने के लिए क्या कहते हैं कैसे करते हैं इससे कांग्रेस को क्या लेना क्या मतलब कांग्रेस ने जो झूठ फैलाया है कांग्रेस को वह नहीं नजर आता कांग्रेस झूठ फैलाने की राजनीति करती है और भाजपा की सच बताने की राजनीति करती है और उन्होंने जनता को सच बताया है जिसके बाद जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मौका दिया है। वहीं एक सवाल पर उन्होंने कहा कि जनता की अदालत है और जनता का फैसला सर्वोपरि होता है इसमें कोई किंतु परंतु नहीं होता और इस फैसला को मनाना चाहिए।

**आम आदमी पार्टी को जनता ने पूरी तरह से उखाड़ कर फेंक दिया है :**

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, RAGHUBIR SINGH S/o PHAKIRIYA RAM, R/o Makan No. 295, Deohra, Deohe, PO: Keorak, Dist : Kaithal, Haryana - 136027, declare that name of mine has been wrongly written as RAGHUBIR CHAND in my service record. The actual name of mine is RAGHUBIR SINGH respectively, which may be amended accordingly.

## 400 पार के लिए काम करना होता है, कांग्रेस की परफॉर्मेंस बेहतर : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

एजेंसी

**रोहतक ।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एक तरफ सरकार बनाने की कवायद तेज हो चुकी है तो वहीं दूसरी तरफ सियासी बयानबाजियों की भी भरमार है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा को निशाने पर लिया। भाजपा के चार सौ पार के नारे पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कहने से पार नहीं होता, इसके लिए काम करना होता है और लोगों का मन जीतना होता है। हरियाणा में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की परफॉर्मेंस बेहतर रही है और कांग्रेस का मत प्रतिशत बढा है। लोग कांग्रेस को समर्थन देने का मन बना चुके हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी। मतदाताओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा है कि इस बात के लिए वह उनकी तारीफ करते हैं कि वह भाजपा के चाल में न फंसें।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच था। इशारों-इशारों में इनेलो और जेजेपी को वोट कटवा बताते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग वोट कटवा थे और इनका मुकाबला नोटा से था। बोगस पोलिंग पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हार के बाद ऐसे आरोप लगाए जाते हैं। सरकार और प्रशासन दोनों भाजपा का था। अगर ऐसी बात थी तो चुनाव आयोग से शिकायत क्यों नहीं की। हरियाणा के लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में दिल खोलकर वोट दिया है। यही कारण है कि कांग्रेस जीरो से पांच पर पहुंची है और भाजपा 10 से 5 पर आ गई है। बता दें कि हरियाणा लोकसभा की 10 में से पांच सीट पर भाजपा और पांच सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। अंबाला, हिसार, रोहतक, सिरसा और सोनीपत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार की जीत हुई है, वहीं, भिवानी-महेंद्रगढ़, फरीदाबाद, गुरुग्राम, करनाल और कुरुक्षेत्र सीट से भाजपा उम्मीदवार की जीत हुई है।

## कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 78 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इस हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 77.52 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी लुढ़ककर 73.22 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स ने टेकेडा के साथ किया समझौता

**अहमदाबाद।** टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने देश में वोनोप्राजन की बिक्री के लिए टेकेडा फार्मास्यूटिकल्स के साथ एक गैर-विशिष्ट पेटेंट लाइसेंसिंग समझौता किया है।

टोरेंट के निदेशक अमन मेहता ने यहां जारी अपने बयान में बताया कि टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने आज घोषणा की है कि कंपनी ने भारत में वोनोप्राज़न की बिक्री के लिए टेकेडा के साथ एक गैर-विशिष्ट पेटेंट लाइसेंसिंग समझौता किया है। वोनोप्राज़न एक नवीन पोटेशियम-कॉम्पिटिटिव एसिड ब्लोकर (पी-सीएबी) है जिसका उपयोग एसिड से संबंधित विकारों गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी) के इलाज के लिए किया जाता है। समझौते के अंतर्गत, टोरेंट वोनोप्राज़न की अपने ट्रेडमार्क काबवी (केएबीवीआईई) के तहत बिक्री करेगी।

## डीओटी की एमएसएमई और स्टार्टअप का समर्थन के लिए पहल

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) उद्योग की उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने के माध्यम से संगठनों और स्टार्टअप की सहायता करने के उद्देश्य से एक नई पहल की योजना बना रहा है।

डीओटी ने आज यहां कहा कि एमएसएमई के बीच 'उद्योग 4.0 एक बेस लाइन सर्वेक्षण' के प्रस्ताव का आह्वान किया गया है जो डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने और 5जी और 6जी प्रौद्योगिकियों के आगमन के लिए उद्योगों को तैयार करने के व्यापक विजन के साथ संरेखित करता है।

## अरुण-3 जलविद्युत परियोजना की 'हेड रेस टनल' का प्रचंड ने किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली/काठमांडू।** प्रधानमंत्री पुष्प कम दहल (प्रचंड) ने नेपाल में अरुण-3 जलविद्युत परियोजना की 'हेड रेस टनल' का उद्घाटन किया। इस परियोजना से देश में बिजली उत्पादन अगले साल शुरू होने की उम्मीद है। बिजली मंत्रालय की जारी एक विज्ञपति के अनुसार प्रधानमंत्री प्रचंड ने नेपाल के संखुवासभा जिले में 900 मेगावाट अरुण-3 जलविद्युत परियोजना की 11.8 किलोमीटर लंबी हेड रेस टनल के लिए उत्खनन के पूरा होने के उपलक्ष्य में अंतिम विस्फोट कर सुरंग का उद्घाटन किया।

## राजग की जीत से नीतिगत स्थिरता का उम्मीद, सीट घटने से सुधार धीमा पड़ सकता है: मूडीज

**नयी दिल्ली।** वैश्विक वित्तीय साख प्रमाणन एजेंसी मूडीज का कहना है कि श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी सरकार बनने से देश की आर्थिक नीतियों में निरंतरता बनी रहने की उम्मीद है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन का बहुमत इस बार हल्का होने से सुधारों की गति पर असर पड़ सकता है।मूडीज ने लोकसभा के मंगलवार को जारी नतीजों पर निवेशकों के लिए जारी एक सामान्य परचे में कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का बहुमत पहले से हल्का होने के दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों को लागू करने में देरी हो सकती है। नोट में कहा गया है कि सुधारों में देरी से राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने के सरकार की योजना की प्रगति बाधित हो सकती है।




## एनएसई ने एक दिन में 1,971 करोड़ ट्रांजैक्शन करके बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** जेडीयू और टीडीपी के एनडीए में बने रहने का ऐलान करने के कारण घरेलू शेयर बाजार ने आज 3 साल बाद एक दिन में 3 प्रतिशत से अधिक उछलने में कामयाबी हासिल की। इस तेजी के साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने आज 1,971 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए, जो दुनिया भर के किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में एक कारोबारी दिन में हुए ट्रांजैक्शन का सर्वोच्च रिकॉर्ड है। इसके पहले दुनिया भर के किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में एक दिन में इतने ट्रांजैक्शन कभी नहीं हुए। इस रिकॉर्ड की जानकारी एनएसई के सीईओ आशीष चौहान ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए दी। उन्होंने लिखा कि एनएसई ने आज 5 जून को सुबह 9:15 बजे से लेकर दोपहर 3:30 बजे तक 6:15 घंटे के कारोबार में 1 दिन में अब तक का सबसे अधिक ट्रांजैक्शन संभाला, जो एक नया विश्व रिकॉर्ड है। एनएसई ने दिन में 1,971 करोड़ ऑर्डर और 28.55 करोड़ ट्रेड को संभाला। इससे पहले मंगलवार को मतगणना के नतीजों में भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिलने पर शेयर बाजार में मार्च, 2020 के बाद पहली बार 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ गई थी। केंद्र में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने की संभावना बन जाने की वजह से खरीदारों ने आज चौतरफा खरीदारी की। इस वजह से शेयर बाजार ने कल की गिरावट को भूल कर आज जोरदार वापसी की। बाजार में बने उत्साह के माहौल की वजह से निफ्टी 3.36 प्रतिशत उछल कर 22,620.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। फरवरी, 2021 के बाद निफ्टी में एक दिन में आई ये सबसे अधिक तेजी है। 1 फरवरी, 2021 को बजट पेश करने के बाद निफ्टी करीब 5 प्रतिशत उछल गया था। शेयर बाजार के जानकारों का मानना है कि अगर केंद्र में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनती है, तो केंद्र सरकार की नीतियों में बड़े बदलाव होने की आशंका नहीं होगी। ऐसी स्थिति में आने वाले दिनों में शेयर बाजार में और भी तेजी आ सकती है।




## दूरसंचार विभाग ने एमएसएमई और स्टार्टअप का समर्थन देने के लिए पहल शुरू करेगा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डॉट) उद्योग जगत की उभरती तकनीकों को अपनाकर संगठनों और स्टार्टअप्स की सहायता करने के उद्देश्य से एक नई पहल की योजना बना रहा है।

संचार मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि डॉट चौथे चरण के उद्योग परिवर्तन में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए एक नई पहल शुरू की है। इसमें आधार सर्वेक्षण के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं। यह डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने एवं 5जी और 6जी प्रौद्योगिकी के लिए उद्योगों को तैयार करने की व्यापक रूपरेखा होगी। मंत्रालय के मुताबिक सर्वेक्षण का लक्ष्य एमएसएमई द्वारा उद्योग के चौथे चरण (4.0) को अपनाने और उन्नत तकनीकों का उपयोग करने में आने वाली चुनौतियों को समझना होगा। सर्वेक्षण का उद्देश्य एआई, आईओटी, क्लाउड कंप्यूटिंग और 5जी और 6जी नेटवर्क के एकीकरण द्वारा पेश की जाने वाली क्षमताओं का लाभ उठाने में सक्षम एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आधार तैयार करना होगा। इसमें कम से कम 10 क्षेत्रों में क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं की पहचान करना, एमएसएमई के विविध परिदृश्य को पहचानना और नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए लक्षित समर्थन प्रदान करना शामिल होगा।

## सर्राफा बाजार में तेजी लौटने से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में जारी गिरावट पर आज रोक लगी है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी की कीमत में आज इजाफा हुआ है। सोने की कीमत में आज 700 रुपये से 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। सर्राफा बाजार में आज आई इस उछाल के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,880 रुपये से लेकर 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,810 रुपये से लेक्र 67,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज मजबूती दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 94,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।



इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,930 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,930 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## एयर इंडिया के 100 से अधिक विमानों में किया जाएगा सुधार : कैम्पबेल विल्सन




**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया 100 से अधिक विमानों में बदलाव करेगी, जिनमें 40 बड़े आकार के विमान शामिल हैं। विमानों में नवीनीकरण के लिए करीब 25 हजार सीट का ठेका भी दिया गया है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने 'सीएपीए इंडिया एविएशन समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि एयर इंडिया अपने 100 से ज्यादा विमानों में सुधार करेगी। कंपनी के सीईओ ने एयरलाइन उद्योग की लागत के बारे में कहा कि हवाई किराया समग्र मुद्रास्फीति की तुलना में कम ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया में परिवर्तन के हिस्से के रूप में बहुत सी चीजें चल रही हैं। विल्सन ने कहा कि एकीकरण, विकास, अनुकूलन और ग्राहक अनुभव पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। टाटा समूह अपने विमानन कारोबार को मजबूत करने के लिए एआईएस कनेक्ट (पूर्व नाम एयरएशिया इंडिया) का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ और विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय कर रही है।

## आरबीआई की तीन दिवसीय एमपीसी बैठक शुरू, रेपो रेट यथावत रहने की संभावना

**एजेंसी**
**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में एनडीए को मिले बहुतम के बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की द्वमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक बुधवार, 5 जून को यहां शुरू हो गई। आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक इस बार भी नीतिगत रेपो रेट में बदलाव की संभावना नहीं है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 7 जून इस बैठक के फैसले का ऐलान करेंगे।

आर्थिक मामलों के जानकारों ने बताया कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक 7 जून तक चलेगी। ये चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी मौद्रिक समीक्षा बैठक है। जानकारों का मानना है कि इस बार भी बैठक में प्रमुख नीतिगत रेपो रेट में बदलाव की उम्मीद नहीं है। फिलहाल रेपो रेट 6.50 फीसदी पर बनी हुई है।




आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक प्रत्येक दो महीने में एक बार होती है। रिजर्व बैंक ने इससे पहले अप्रैल, 2024 में हुई एमपीसी की बैठक में ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2022-23 की फरवरी में आखिरी एमपीसी की बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो रेट को 6.25 फीसदी से बढ़ाकर 6.50 फीसदी कर दिया था।

## कोल इंडिया ने सरकार को दिए 9,560 करोड़ रुपये, पिछले वर्ष की तुलना में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों यानी अप्रैल और मई के दौरान सरकारी खजाने में 9,560.28 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। इसमें पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 2.2 प्रतिशत की गिरावट रही है। कोल इंडिया लिमिटेड के घरेलू कोयला उत्पादन में करीब 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

कोयला मंत्रालय के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-मई 2023 के दौरान कोल इंडिया ने सरकारी खजाने में 9,777.64 करोड़ रुपयये का योगदान दिया था। मई में कंपनी ने 4,763.20 करोड़ रुपये का योगदान दिया है जो पिछले वर्ष समान अवधि में 4,716.5 करोड़ रुपये था।कंपनी की ओर से सरकार को यह भुगतान केंद्र और राज्य सरकारों की रॉयल्टी, जीएसटी,



सेस और अन्य शुल्कों के मद में किया जाता है। कोयला उत्पादन से राज्य सरकारों को भी राजस्व मिलता है।वित्त वर्ष 24 के पहले दो महीनों में सरकारी खजाने में भुगतान की गई कुल राशि में से, झारखंड राज्य सरकार को अधिकतम 2,122.39 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इसके बाद ओडिशा को 2,116.15 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ को 1,933.59 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 1,496.80 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र को 1,048.44 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

राज्य सरकारें कोयले के विक्रय मूल्य पर रॉयल्टी का 14 प्रतिशत तथा प्रस्तावित जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के लिए रॉयल्टी का 30 प्रतिशत अंशदान प्राप्त करने की हकदार हैं - जिसका उद्देश्य विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित लोगों की सहायता करना है - तथा कोयला कम्पनियों तथा निजी क्षेत्र द्वारा उत्पादित शुष्क ईंधन से एनएमईटी का दो प्रतिशत प्राप्त करने की हकदार हैं।

## जीएचएफएल ने पेंट प्रोटेक्शन फिल्म एप्लीकेशन स्टूडियो किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** स्पेशलिटी फिल्म उद्योग क्षेत्र की कंपनी गरवारे हाई-टेक फिल्म्स लिमिटेड (जीएचएफएल) ने नोएडा में अपने अत्याधुनिक पेंट प्रोटेक्शन फिल्म एप्लीकेशन स्टूडियो के उद्घाटन की घोषणा की है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह बेहतर वाहन सुरक्षा समाधान प्रदान करने की जीएचएफएल की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतीक है, जो नवाचार में इसके नेतृत्व को और मजबूत करता है।

नोएडा स्टूडियो के उद्घाटन में जीएचएफएल के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कपूर, जीएचएफएल के महाप्रबंधक अर्जुन कपूर सूरी, जीएचएफएल के विपणन प्रमुख प्रवीण पिल्लई उपस्थित थे।

उसने कहा कि 90 वर्षों की विरासत के साथ, गरवारे हाई-टेक भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में उत्कृष्टता का पर्याय बन गया है। दुनिया की नंबर 1 फुल्ली ईन्टीग्रेटेड चीप टु फिल्म टेक्नोलोजी के तौर पे, जीऐचऐफऐल तकनीकी प्रगति के ओर बढते हुऐ, उच्च प्रदर्शन वाली फिल्मे बना रही है जो भारत और विश्व के बाजार में सेवायें प्रदान करती है। कंपनी के उत्पाद 100 से अधिक देशों में निर्यात किए जाते हैं, जो इसकी अंतरराष्ट्रीय प्रशंसा और गुणवत्ता के प्रति समर्पण को रेखांकित करता है।

नए पेंट प्रोटेक्शन फिल्म स्टूडियो में जीएचएफएल की नवीनतम उत्पाद पेशकशें होंगी, जो ऑटोमोटिव उद्योग की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। ये हाई-टेक फिल्में अद्वितीय सुरक्षा प्रदान करती हैं, बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करते हुए वाहनों के स्थायित्व और सौंदर्यशास्त्र को बढ़ाती हैं। अपनी महत्वाकांक्षी



विकास रणनीति के हिस्से के रूप में, जीएचएफएल ने अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने और भारत में अपनी बाजार उपस्थिति को मजबूत करने की योजना बनाई है। नोएडा स्टूडियो उन्नत पेंट सुरक्षा समाधानों को ग्राहकों के करीब लाने के लिए एक रणनीतिक कदम है, जो उन्हें सर्वोत्तम श्रेणी की सेवाएं और उत्पाद प्रदान करता है।

## शेयर बाजार की जोरदार वापसी, एनडीए सरकार की उम्मीद में उछले सेंसेक्स-निफ्टी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** मतगणना के नतीजे की वजह से लगे झटकों के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज जोरदार वापसी की। केंद्र में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने की संभावना से शेयर बाजार 3 प्रतिशत से भी अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में 2,655 अंक और निफ्टी ने 875 अंक से अधिक की छलांग लगाई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 3.20 प्रतिशत और निफ्टी 3.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई और निफ्टी के सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। बैंक, ऑटोमोबाइल, मेटल, मीडिया, एफएमसीजी और टेलीकॉम इंडेक्स में आज 4 से 6 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। इसी तरह रियल्टी, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और कंज्यूमर गुड्स सेक्टर के शेयरों में भी जोरदार खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 4.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.93 प्रतिशत उछल कर आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आए उछाल के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 13 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 407.79 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 394.83 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 12.96 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,918 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,599 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,221 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। 98 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज2,299



शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,778 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 521 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। आज सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सभी 30 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इसी तरह निफ्टी में शामिल शेयरों में से सभी 50 शेयर हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 948.83 अंक की उछाल के साथ 73,027.88 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनता नजर आया, जिसकी वजह से ये सूचकांक 199.61 अंक की कमजोरी के साथ 71,879.44 अंक तक गिर गया। इसके बाद बाजार में तेजड़ियों ने अपना जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक ने थोड़ी ही देर में हरे निशान में वापसी कर ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सूचकांक निचले स्तर से 2,655 अंक से भी अधिक की छलांग लगा कर 2,455.77 अंक की मजबूती के साथ 74,534.82 अंक के स्तर पर पहुंच गया। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 2,303.19 अंक की तेजी के साथ 74,382.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 243.85 अंक उछल कर 22,128.35 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के कारण ये सूचकांक भी अपनी सारी बढ़त गंवा कर 92.55 अंक की कमजोरी के साथ 21,791.95 अंक तक लुढ़क गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 878.45 अंक की रिकवरी करके 785.90 अंक की मजबूती के साथ दिन के सर्वोच्च स्तर 22,670.40 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 735.85 अंक की बढ़त के साथ 22,620.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी पोर्ट्स 8.46 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 7.87 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 7.12 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प 6.55 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा 6.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

## मारुति सुजुकी ने मानेसर संयंत्र में 450 करोड़ रुपये के निवेश से पायलट बायोगैस संयंत्र खोला

**एजेंसी**
**दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने मानेसर संयंत्र में एक पायलट बायोगैस संयंत्र शुरू किया है, जो अपने संयंत्र में संसाधनों के रूप में इन-हाउस खाद्य अपशिष्ट और नेपियर घास की अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करेगा । यह पहल MSIL के सतत और अभिनव अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं के हिस्से के रूप में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के 'अपशिष्ट से ऊर्जा'कार्यक्रम के अनुरूप है। FY24 में, कंपनी ने सौर ऊर्जा और बायोगैस जैसी नवीकरणीय ऊर्जा पहलों को चालू करने के लिए INR 120.8 करोड़ का निवेश किया। इसने 2024-25 से शुरू होने वाले तीन वर्षों में निवेश को लगभग चार गुना बढ़ाकर INR 450 करोड़ करने का संकल्प लिया है। कंपनी ने कहा कि इससे MSIL की पर्यावरणीय स्थिरता पहलों को काफी बढ़ावा मिलेगा।

पायलट प्लांट को प्रतिदिन 0.2 टन बायोगैस का उत्पादन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में अनुमानित उत्पादन लगभग 1 लाख मानक क्यूबिक मीटर बायोगैस है। यह प्रति वर्ष लगभग 190 टन $CO_2$ की भरपाई करेगा। पायलट बायोगैस प्लांट कंपनी की मानेसर सुविधा की विनिर्माण प्रक्रियाओं के लिए ऊर्जा प्रदान करेगा। कंपनी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि अवशिष्ट जैविक खाद का उपयोग बागवानी में प्रभावी रूप से किया जाएगा, जिससे यह एक शून्य-निर्वहन मॉडल बन जाएगा। MSIL के प्रबंध निदेशक और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने कहा , 'ऊर्जा विनिर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण इनपुट में से एक है। जैसा कि हम 2030-31 तक अपनी उत्पादन क्षमता को लगभग 2 मिलियन से बढ़ाकर 4 मिलियन कर रहे हैं, हम अपने कार्यों में टिकाऊ और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की हिस्सेदारी बढ़ाने के अपने प्रयासों में भी तेजी ला रहे हैं मानेसर में बायोगैस प्लांट एमएसआईएल और पूरे उद्योग में स्वच्छ और अधिक टिकाऊ ऊर्जा परिदृश्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम है। जिस तरह हम अपने उत्पादों में कई तकनीकें ला रहे हैं, उसी तरह हम अपने परिचालन को हरित बनाने के लिए कई नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा, हम अपनी मौजूदा और आने वाली सुविधाओं में रणनीतिक रूप से निवेश करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऊर्जा की खपत को अनुकूलित करके, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को एकीकृत करके, कुशल अपशिष्ट प्रबंधन प्रोटोकॉल को लागू करके और जल संसाधनों को संरक्षित करके वे पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ हों। इस पायलट से मिली सीख को हमारी आने वाली विश्व स्तरीय विनिर्माण सुविधाओं में लागू किया जाएगा। मानेसर, खरखौदा में सौर क्षमताः मारुति सुजुकी अपने मानेसर और खरखौदा सुविधाओं में हरित विनिर्माण प्रथाओं को सक्रिय रूप से अपना रही है।

## सिंघाड़े के आटे से बनने वाली ये रेसिपीज हैं वट सावित्री व्रत भोग में चढ़ाने के साथ शरीर के लिए भी फायदेमंद



**शादीशुदा महिलाओं के लिए वट सावित्री का व्रत बहुत ही खास महत्व रखता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए पूरे श्रद्धा-भाव से व्रत रखती हैं। इस साल 6 जून को ये व्रत रखा जाएगा। इस दिन बरगद के पेड़ की परिक्रमा कर पूजा की जाती है और व्रत का पारण करने के लिए कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं।**

हिंदू धर्म में वट सावित्री का व्रत बहुत ही महत्वपूर्ण होता है, जो इस बार 6 जून, गुरुवार को रखा जाएगा। इस व्रत को सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए रखती हैं। मान्यता है कि इस दिन पूरी विधि से पूजा करने से पति की लंबी आयु का आशीर्वाद मिलता है। इस दिन बरगद के पेड़ की परिक्रमा कर पूजा की जाती है। बिना इसके व्रत अूरा माना जाता है। महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं।

वट सावित्री व्रत में भोग में चढ़ाने और पारण के लिए कई तरह के पकवान बनाए जाते हैं। अगर आप भी रख रही हैं ये व्रत, तो सिंघाड़े के आटे से बनने वाली रेसिपीज को करें इसमें शामिल, जो टेस्टी तो हैं ही, साथ ही व्रत के दौरान या बाद में सिंघाड़े के आटे से बनी डिशेज हर तरह के फायदेमंद भी होती हैं।

व्रत में सिंघाड़े का आटा खाने के फायदे

सिंघाड़े को सुखाकर और फिर इसे पीसकर आटा तैयार किया जाता है। इस आटे को खासतौर से व्रत में इस्तेमाल किया जाता है। इसकी वजह है कि इस आटे से बनी चीजों को खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है। बार-बार भूख नहीं लगती, साथ ही वजन भी कंट्रोल में रहता है। उससे भी जरूरी कि व्रत के दौरान यह शरीर की एनर्जी को भी बरकरार रखता है।

सिंघाड़े का आटा एंटीऑक्सीडेंट्स से भी भरपूर होता है, जो कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव में मदद करता है।

ध्यान दें

सिंघाड़े का आटे वैसे तो फायदेमंद है, लेकिन बहुत ज्यादा मात्रा में इसे खाने के नुकसान भी हो सकते हैं।

सिंघाड़े का शीरा

सिंघाड़े का शीरा बनाने के लिए कढ़ाई में 3 से 4 चम्मच घी गर्म करें।इसके बाद इसमें 1 कप के बराबर सिंघाड़े का आटा डालकर सुनहरा होने तक भून लें। फिर इसमें 1 कप गर्म दूध धीरे-धीरे डालें जिससे शीरे में कोई गांठ न बनें।अब बारी है इसमें चीनी मिलाने की। घी के पूरी तरह से पिघलने तक शीरे को लगातार चलाते रहें।

जब शीरे में से घी अलग हो जाए, तो इसमें कटे हुए ड्राई फ्रूट्स मिक्स कर दें।

तैयार है सिंघाड़े का शीरा।

मीठे पुए की रेसिपी

विधि


मीठे पुए बनाने के लिए एक कप के बराबर सिंघाड़े का आटे लेकर उसे छान लें। 1/2 कप समा के चावल को भी पीसकर उसका पाउडर बना लें। सिंघाड़े के आटे में समा चावल का आटा को मिला लें।इसके बाद इसमें 1/2 कप गुड़ को पिघलाकर डालें। इस मिश्रण में 1 पका केला मैश करके डालें। सारी चीजों को अच्छी तरह मिक्स कर लें।इसके बाद इसमें 1 कप दूध डालते हुए गाढ़ा घोल तैयार करें।

10 मिनट के लिए ढककर छोड़ दें, फिर इसमें तिल को हल्का ड्राई रोस्ट करके डाल दें।

# मोदी के राजनैतिक मॉडल को बड़े पैमाने पर नकारा जनता ने

अपने %कांग्रेस मुक्त भारत% व बाद में %विपक्ष मुक्त भारत% के सपने को पूरा करने के लिये मोदी-शाह की जोड़ी ने देश भर के उन सभी राज्यों में %ऑपरेशन लोटस% चलाया जिसके अंतर्गत विरोधी दलों की सरकारों को गिराया गया। इस दशक भर में 400 से अधिक विपक्षी विधायकों, सांसदों व नेताओं को खरीदकर या डरा-धमकाकर भाजपा में शामिल कराया गया।निर्वाचन आयोग की सुस्ती के चलते मंगलवार की शाम तक लोकसभा चुनाव की सारी सीटों के नतीजे तो नहीं आ पाए, लेकिन जितने परिणाम आ सके और धुंधली सी ही भावी लोकसभा की जैसी तस्वीर बनती नज़र आ रही है वह यह तो अब तक नहीं बता पाई है कि किसकी सरकार बनने जा रही है, लेकिन एक बात जो स्पष्ट हो गयी है वह यह कि देश की जनता ने निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नकारात्मकता एवं उनके द्वारा पिछले एक दशक में लागू राजनैतिक मॉडल को पूर्णतः अस्वीकृत कर दिया है। शाम तक भाजपा प्रणीत एनडीए व कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन की बराबरी की टक्कर जारी थी। कभी किसी के आंकड़े ऊपर जा रहे थे तो कभी किसी के। हो सकता है कि जोड़-तोड़ में माहिर भारतीय जनता पार्टी सरकार बना ले और मोदी तीसरी बार पीएम बनने का अपना सपना भी पूरा कर लें, लेकिन यह निश्चित है कि मोदी बेहद कमजोर प्रधानमंत्री के तौर पर काम कर सकेंगे। उनके पास पहले दो कार्यकालों जैसा न तो रौब-दाब होगा और न ही वे सरकार व पार्टी के भीतर एकछत्र राज कर पायेंगे। इस लिहाज़ से कहा जा सकता है कि आने वाली राजनीति उन दुर्गुणों से मुक्त हो सकती है जो मोदी लेकर आये थे।

उल्लेखनीय है कि दोनों प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों के शाम तक आये आंकड़े बहुमत के ईर्द-गिर्द थे। इसका अर्थ यह है कि जिसकी भी सरकार बनेगी वह घटक दलों पर बहुत ज्यादा आश्रित रहेगी। मोदी को अपनी सियासत का वह स्वरूप छोड़ना होगा जो उन्होंने बड़े बहुमत के बल पर गढ़ा था। उनकी व्यक्तिवादी राजनीति भाजपा पर भारी पड़ती नज़र आई है। इस लिहाज से कहें तो पार्टी भी उनके बारे में सोच सकती है कि क्या वह उन्हीं के नेतृत्व में सरकार बनाये या कोई नया चेहरा तलाश किया जाये। खैर, यह भाजपा व उसके सहयोगी दलों के सोचने की बात है परन्तु उन बिन्दुओं पर विचार किया जाना ज़रूरी है जो मोदी निर्मित राजनीति के हिस्से हैं। उनमें पहला तो है निरंकुशता का। याद हो कि 2014 में आये मोदी ने सारी शक्तियां अपने हाथों में ले ली हैं। संसद हो या कार्यपालिका अथवा कोई भी संवैधानिक संस्थाएं-



सारी की सारी मोदी ने अपनी मुट्ठियों में कैद कर रखी थीं। जितने भी निर्णय लिये गये, वे सारे मोदी द्वारा या गिने-चुने लोगों के साथ मिलकर लिये गये। जीएसटी से लेकर नोटबन्दी व बुलेट ट्रेन से लेकर सेंट्रल विस्टा तक के फैसले अकेले मोदी ने लिये। संसद को कभी भरोसे में नहीं लिया गया। मंत्रिपरिषद नाममात्र की थी। फोकस मोदी पर ही रहा। समारोहों एवं विज्ञापनों में केवल मोदी ही होते थे। किसे चुनावी टिकट देने हैं और किन्हें नहीं- यह फैसला भी मोदी व उनके खासमखास केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह लेते रहे। पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मुहर मात्र हैं।

अपने कांग्रेस मुक्त भारत व बाद में विपक्ष मुक्त भारत के सपने को पूरा करने के लिये मोदी-शाह की जोड़ी ने देश भर के उन सभी राज्यों में ऑपरेशन लोटस चलाया जिसके अंतर्गत विरोधी दलों की सरकारों को गिराया गया। इस दशक भर में 400 से अधिक विपक्षी विधायकों, सांसदों व नेताओं को खरीदकर या डरा-धमकाकर भाजपा में शामिल कराया गया। राजनैतिक विरोधियों ही नहीं बल्कि वैचारिक रूप से उनके खिलाफ सभी लोगों को उन्होंने प्रताड़ित किया है। बड़ी संख्या में लेखकों, पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार व सामाजिक कार्यकर्ताओं को इस दौरान जेल का रास्ता दिखाया गया। संसद के भीतर विरोधी पार्टियों के सदस्यों को थोक के भाव से निकाल बाहर किया गया, उनके बयानों को कार्यवाहियों से हटाया गया। इस दौरान मोदी ने प्रेस या किसी भी तरह के उन्मुक्त संवाद से दूरी बनाये रखी। अलबत्ता ऐन चुनाव के वक्त पर उन्होंने 75 से अधिक साक्षात्कार देकर जनता को प्रभावित करने की कोशिश की।मोदी ने भारत के सामाजिक माहौल को भी खराब किया है। उनके सारे चुनावी भाषण नफरत पर आधारित और विभाजनकारी थे। हिन्दू वोटों के ध्रुवीकरण के फेर में मोदी अपने पद की गरिमा से काफी नीचे उतर गये थे। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र पर %मुस्लिम लीग की छाया% बतलाई तो वहीं यह झूठ बोला कि %कांग्रेस की सरकार आई तो वह लोगों से मंगलसूत्र छीन कर कई-कई बच्चों वालों (मुसलमानों) को दे देगी।% उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि %कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन वाले लोगों के घरों में एक्सरे के द्वारा सोना निकाल लेंगे। यहां तक कि दो भैंसें हों तो एक भैंस खोलकर ले जायेंगे।% वे विपक्ष के नेताओं, खासकर कांग्रेस के खिलाफ बहुत अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते रहे। नतीजे बताते हैं कि उनकी शब्दावली का उन्हें फायदा तो मिला नहीं, उल्टे भारी नुकसान ही हुआ है। यह भी लोगों ने पूरी तरह से अस्वीकार किया कि उनके पीएम इस कदर अशालीन भाषा का प्रयोग करें।

मोदी की राजनीति पूंजीवाद को बढ़ावा देने की रही है। 60 वर्षों के दौरान भारतीयों द्वारा कड़ी मेहनत कर बनाये गये अनेक सरकारी उपक्रमों को मोदी ने अपने मित्रों को औने-पौने भाव में बेच दिया या ऊपहारों की तरह सौंप दिया। निजीकरण को इस दौरान इस प्रकार से प्रचारित किया मानों उसी के बल पर भारतीयों के घरों में लक्ष्मी बरसेगी। हुआ इसके विपरीत। आज देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोग शासकीय राशन (5 किलो) पर जीवित हैं। मोदी ने उन्हें नागरिक से लाभार्थी बनाकर रख दिया। दरअसल यह भी उनकी राजनीति का ही हिस्सा है जिसके पीछे नागरिकों को कमजोर करने का षडयंत्र छिपा हुआ है।मोदी ने जिस ध्रुवीकरण के बल पर तीसरी बार सत्ता पानी चाही है, हो सकता है कि उन्हें फिर से सरकार बनाने में कामयाबी मिल जाये लेकिन अयोध्या जिस सीट के अंतर्गत आता है, यानी फैजाबाद, वहां से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह हार गये। इसी प्रकार से कैराना सीट, जो हिन्दू बहुल है- वहां इकरा हसन ने जीत दर्ज कर बतला दिया है कि यह एक धर्मनिरपेक्ष देश है और गंगा-जमुनी तहज़ीब ही इसकी प्रमुख पहचान है। पिछले कुछ समय से भाजपा यह बतलाने की कोशिश करती रही है कि भारत केवल हिन्दुओं का ही देश है और अल्पसंख्यक, विशेषकर मुस्लिम यहां दूसरे दर्जे के नागरिक बनकर रहेंगे। समान नागरिक संहिता, नागरिकता संशोधन कानून, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, तीन तलाक व जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति जैसे कदम भाजपा सरकार ने इसी उद्देश्य से उठाये थे। कांग्रेस तथा विरोधी दलों को हिन्दू विरोधी या पाकिस्तानपरस्त बतलाने का गंदा खेल भाजपा द्वारा खूब खेला गया और उसका नेतृत्व मोदी-शाह ने किया।भाजपा द्वारा 370 व 400 सीटें लाने का उद्देश्य क्या था, यह भी सामने आ चुका था। जो लल्लू सिंह व गोविल पराजित हुए हैं, उनके अलावा भाजपा के ही अनंत हेगड़े और ज्योति मिर्धा जैसों ने साफ किया था कि पार्टी को 400 सीटें इसलिये चाहिये क्योंकि उसे संविधान बदलना है। भाजपा की इस मंशा के खिलाफ भारत का बड़ा हिस्सा खड़ा हो गया। राहुल गांधी व कांग्रेस ने साफ किया कि वे ऐसा होने नहीं देंगे। इस प्रकार से यह चुनाव संविधान व लोकतंत्र बचाने का भी बन गया। लोगों के सामने यह भी साफ हो गया कि इतनी बड़ी संख्या में सीटें पाने के लिये भाजपा सरकार केन्द्रीय जांच एजेंसियों, निर्वाचन आयोग व ईवीएम का दुरुपयोग कर रही है। इसे भी जनता ने नकारा है।

## संपादकीय

### लोकतंत्र और संविधान की जीत

मंगलवार, 4 जून 2024 का दिन देश के लोकतंत्र और संविधान के लिए बड़ा मंगलकारी साबित हुआ है। सात चरणों में हुए चुनाव के बाद 4 जून को मतगणना हुई जो इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जारी ही है। अब तक यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हुआ है कि देश में अगली सरकार किसकी बनेगी और प्रधानमंत्री पद पर कौन बैठेगा। क्योंकि जैसा कि अनुमानित था भाजपानीत एनडीए को इंडिया गठबंधन ने जबरदस्त टक्कर दी। पिछले दो चुनावों में पूर्ण बहुमत हासिल करने वाली भाजपा की सीटें कम हुई हैं और सबसे खास बात यह है कि जिस उत्तर प्रदेश में भाजपा का मजबूत जनाधार था, वहां भाजपा को बड़ी मात मिली है।श्री मोदी के दिए नारे अबकी बार 4 सौ पार की सच्चाई तो पहले चरण के बाद ही सामने आ गई थी। लेकिन भाजपा फिर भी यह माहौल बनाए हुए थी कि इस बार भी वह आसानी से जीत हासिल कर लेगी और उसके नेतृत्व में एनडीए की सरकार ही बनेगी। सात चरणों के चुनाव पूरे होते ही जो एक्जिट पोल मुख्यधारा के मीडिया यानी तमाम समाचार चैनलों में दिखाए गए, उनमें भी एनडीए की एकतरफा जीत बताई जा रही थी। हालांकि भाजपा और टीवी चैनलों का बनाया माहौल 4 जून को पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। आलम ऐसा था कि एक समाचार चैनल में एक्जिट पोल पेश करने वाले सर्वे एजेंसी के मुखिया 4 सौ पार के अपने दावे को पूरा न होते देख फूट-फूट कर रो पड़े।इन चुनावों में देश की जनता ने सही अर्थों में लोकतंत्र और संविधान को बचाने का काम किया है। राहुल गांधी के शब्दों में कहें तो राजनैतिक विवेक का परिचय दिया है। राहुल गांधी ने इस शब्दावली को खास तौर पर उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए इस्तेमाल किया, क्योंकि भाजपा को सबसे अधिक उम्मीदें इसी राज्य से थीं। हालांकि अब उप्र समेत तमाम राज्यों में समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। दो-दो भारत जोड़ो यात्राएं निकाल कर राहुल गांधी ने देश में एक नये किस्म की राजनैतिक जागरुकता उत्पन्न की थी और उसके बाद विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने इस जागरुकता का और प्रसार किया। गठबंधन के तमाम 28 दलों और उनके नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अथक मेहनत करके देश में फिर से ऐसा माहौल बना दिया है, जिसमें जनतंत्र की धड़कनें सुनाई दे रही हैं और तानाशाही प्रवृत्ति की विदाई नजर आ रही है।

इन चुनावों ने देश को कुछ बड़े सबक दिए हैं। जिनमें सबसे अहम सबक यह है कि जनता के विवेक को कम करने की भूल किसी को भी नहीं करना चाहिए। नरेन्द्र मोदी ने पहले ही अपने तीसरे कार्यकाल का ऐलान कर दिया था, उसके बाद पूरे चुनाव प्रचार में उन्होंने दस साल की उपलब्धियों और भावी नीतियों के बारे में चर्चा न कर मंगलसूत्र, मुस्लिम लीग, भैंस चोरी और मुजरे की बात की। जनता ने इस रवैये को बिल्कुल नकार दिया। भाजपा के कई नेताओं ने संविधान बदलने के लिए 4 सौ से ज्यादा सीटों को जरूरी बताया था। लेकिन इंडिया गठबंधन ने संविधान को बचाने की जरूरत देश को समझाई और जनता ने इसे समझा भी। यही वजह है कि अयोध्या में भाजपा की हार हुई, यानी राम मंदिर बनाने का दांव काम नहीं आया। इंदौर में भाजपा प्रत्याशी ने सीट तो बचा ली, लेकिन जिस तरह नोटा को ऐतिहासिक वोट मिले, उससे भाजपा को यह संदेश भी मिल गया कि तोड़-फोड़ की राजनीति जनता को स्वीकार्य नहीं है। यह इस चुनाव का दूसरा अहम सबक था। तीसरा सबक नकारात्मक और दमनात्मक राजनीति के खिलाफ मिला। चुनाव शुरु होने से पहले ही प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग की कार्रवाईयां विपक्षी दलों और उनके नेताओं पर शुरु हुईं। कांग्रेस के खाते सीज़ किए गए, इलेक्टोरल बॉंड की जानकारी देने में आनाकानी की गई, चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सरेआम धांधली कराई गई। जिन नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर जांच चल रही थीं, उनमें से कई को भाजपा या एनडीए में शामिल कर लिया गया। इन सारी बातों से भाजपा के खिलाफ जनता में माहौल बना, जो चुनाव परिणाम में नजर आ रहा है। चुनावों का चौथा सबक भारत की ऐतिहासिक विरासत से खिलवाड़ न करने का मिला। इस देश की खासियत गंगा-जमुनी तहजीब है, जिसे पिछले दस सालों में बार-बार कमजोर करने की कोशिशें हुईं। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को परमात्मा का अंश बताने के अजीबोगरीब बयान देकर अपना ओहदा भगवान के समकक्ष करना चाहा, लेकिन इंसान और इंसानियत के महत्व को नहीं समझा। उनके समेत भाजपा के कई नेता खुल कर अल्पसंख्यकों के खिलाफ बयान देते रहे। माधवी लता जैसे प्रत्याशी ने मस्जिद की ओर तीर चलाने का सांकेतिक कृत्य किया। लेकिन जनता ने उन्हें हरा दिया। चुनावों का पांचवा सबक जनता के दुख दर्द से सरकार की दूरी बनाने के नुकसान के रूप में मिला। लॉकडाउन, मणिपुर, महिला पहलवान, किसान आंदोलन, अग्निवीर, पर्चा लीक जैसे अनेक मुद्दे देश में रहे, जिसमें आम जनता अनेक किस्म की दुश्वारियों में फंसी, लेकिन नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने इन मुद्दों पर जनता के साथ कभी संवेदनशीलता नहीं दिखाई। लिहाजा अब जनता ने अपना जवाब भाजपा को सुना दिया है।

# उत्तर प्रदेश में बीजेपी के हिन्दुत्व पर भारी पड़ी सपा की जातीय जुगलबंदी

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। यूपी में खराब परफारमेंस की वजह से बीजेपी केन्द्र में अपने दम पर बहुमत का भी आकड़ा नहीं पा कर पाई। भले ही एनडीए के तौर पर उसकी सरकार बनना तय लग है, लेकिन अबकी से उसके सामने चुनौती बड़ी होगी। बीजेपी का यह सारा खेल यूपी ने बिगाड़ा है। 2017 के विधान सभा चुनाव के बाद जिस तरह से अप्रत्याशित तरीके से बीजेपी आलकमान द्वारा योगी को यूपी का सीएम बनाया गया था, उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव और 2022 के विधान सभा चुनाव में मोदी के साथ योगी का भी सिक्का खूब चला। यहां कोई भी चुनाव होता मोदी आगे तो योगी उनके पीछे नजर आते थे। अपने बल पर शानदार प्रदर्शन करने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ का जादू अबकी लोकसभा चुनाव में क्यों नहीं चला यह यक्ष प्रश्न है। कहा यह भी जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) फार्मूला ने बीजेपी के हिन्दुत्व को हासिये पर ढकेल दिया। जबकि जमीनी हकीकत यही है कि यूपी की सियासी पिच पर भले योगी मात खा गये हों, लेकिन उनकी सरकार के कामकाज को लेकर किसी को कोई खास नाराजगी नहीं है। आज भी प्रदेश में लॉ एंड आर्डर के कारण उनकी छवि काफी बड़ी दिखती है। विकास के कार्य भी ठीकठाक चल रहे थे, ऐसे में यही कहा जा सकता है कि शायद योगी अपनी बात को मतदाताओं के सामने उतने सही तरीके से नहीं जैसा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव करने में सफल रहे। वहीं बसपा के वोटर को भी जब इस बात का अहसास हुआ कि बहनजी अबकी से रेस में नहीं है तो उसने भाजपा की जगह समाजवादी पार्टी का साथ ज्यादा पसंद किया, यह भी बीजेपी के लिये माइनस प्वाइंट रहा। इसकी वजह भी साफ है। दलित और उसके साथ पिछड़ों को भी इस बात का विश्वास हो गया था कि यदि मोदी मजबूत हुए तो उनका आरक्षण खत्म हो जायेगा।बहरहाल, योगी की भविष्य की राजनीति पर लोकसभा चुनाव के नतीजे का प्रभाव पड़ना निश्चित है। एक तरफ विपक्ष उनके खिलाफ ज्यादा हमलावर होगा तो पार्टी के भीतर से भी उनके खिलाफ आवाज उठने लगेंगी। क्योंकि अक्सर ऐसी खबरें आती थीं कि योगी राज में बीजेपी के जनप्रतिनिधियों को कोई महत्व नहीं मिल रहा था और इसकी बड़ी वजह योगी को समझा जाता था। यहां तक की चौकी-थाने तक में बीजेपी नेताओं और पार्षदों की बात तो दूर विधायकों और सांसदों तक की नहीं सुनी जाती थी। यूपी में भाजपा के साथ-साथ उसके सहयोगी दलों को भी झटका लगता है। सुभासपा के बढ़ बोले नेता ओम प्रकाश राजभर अपने बेटे को चुनाव नहीं जिता पाये तो संजय निषाद की पार्टी का भी एक सीट पर खाता नहीं खुला। हॉं, राष्ट्रीय लोकदल अपनी दो और अपना दल एस की अनुप्रिया पटेल मिर्जापुर से चुनाव जीत गई हैं। वहीं, सुभासपा को घोसी लोकसभा सीट पर झटका लगा है। इंडिया गठबंधन प्रदेश की 80 में से 43 सीटें जीतने में सफल रहा। इसमें सपा की 37 सीटों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कांग्रेस को भी 6 सीटों पर जीत हासिल हुई, लेकिन इसका श्रेय भी अखिलेश को ही दिया जा रहा है। वहीं, भाजपा के नेतृत्व में एनडीए 36 सीटों पर ही हासिल कर पाई,जिसमें भाजपा की 33 सीटें थीं। यूपी में उसके सात केन्द्रीय मंत्री चुनाव हार गये। एक सीट पर आजाद समाज पार्टी को जीत हासिल हुई।दस वर्षो गे बाद अबकी से यूपी के वोटिंग पैटर्न में बड़ा बदलाव देखने को मिला। भाजपा बड़े स्तर पर पिछड़ी, यह तो सबने देखा, परंतु क्यों पिछड़ी इसको लेकर उसके अंदर भी दुविधा नजर आ रही है। जो बीजेपी 2019 में यूपी में 63 सीटें जीती थीं जो अबकी से वह 33 पर सिमट गई। पार्टी को 30 से सीटों का का नुकसान एठाना पड़ा। वहीं, कांग्रेस का आकड़ा एक से छह पर पहुंच गया है। 2009 के लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार कांग्रेस ने प्रदेश में बढ़त बनाई है। वहीं, समाजवादी पार्टी अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने में कामयाब रही है। 1992 में समाजवादी पार्टी के गठन के बाद से अब तक का यह उसका सबसे शानदार प्रदर्शन था। इतना बेहतर प्रदर्शन तो किसी भी लोकसभा चुनाव में स्वयं मुलायम सिंह यादव तक नहीं कर पाये थे। इससे पूर्व 2004 में सपा ने 35 सीटें जीती थीं। इससे यही लगता है कि इंडिया गठबंधन अपनी रणनीति बेहतर तरीके से जमीन पर उतरने में सफल रही। वहीं, भाजपा के पक्ष में माहौल बनता नहीं दिख पाया। ऐसे में भाजपा प्रदेश नेतृत्व में बदलाव की रणनीति पर काम कर सकता है। इस पर चर्चा शुरू हो गई है, लेकिन यह चर्चा हवा-हवाई ज्यादा लगती है।यह वह चर्चा है जिसे आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने सबसे पहले हवा दी थी। उन्होंने दावा किया था कि लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में सत्ता परिवर्तन होगा। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री पद से हटाए जाएंगे। लखनऊ में इंडिया गठबंधन के प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरविंद केजरीवाल ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर बड़ा दावा किया था। केजरीवाल ने कहा था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली



आए थे। उन्होंने मुझे गालियां दीं। योगी जी, मैं आपसे विनम्रता से कहना चाहता हूं कि आपके असली दुश्मन आपकी ही पार्टी में हैं। भाजपा में अपने दुश्मनों से लड़िए। आप केजरीवाल को गाली क्यों दे रहे हैं? अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह आपको हटाना चाहते हैं। आपको यूपी के सीएम की कुर्सी से हटाने की पूरी तैयारी चल रही है। आप उनसे निपटिए। केजरीवाल ने लोगों से कहा था कि इंडिया को बचाना है तो इंडिया गठबंधन को जिताना है।

खैर, योगी से इत्तर बात बसपा की भी जरूरी है। बीएसपी सुप्रीमो मायावती की पार्टी की कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही है। बसपा को किसी भी सीट पर जीत नहीं मिली। यूपी में बसपा की सुप्रीमों मायावती को दलितों की एकमात्र राजनीतिक मसीहा माना जाता रहा है। उनके इशारे पर दलितों का वोट पड़ता रहा है। मगर इस बार हालात इसके कुछ अलग दिखाई दिया। कभी मायावती के एक इशारे पर यूपी का 17 फीसदी दलित वोट बैंक वोटिंग के लिए तत्पर रहता था। इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि बसपा के टिकट को हासिल करने के लिए उम्मीदवारों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी। कई बार तो मायावती पर टिकट को बेचने के आरोप भी लगे। मगर इसके बावजूद बसपा के कोर वोट बैंक को कोई खास असर नहीं पड़ा। फिलहाल इस बार के नतीजों से कुछ अलग ही हालात सामने आ रहे हैं। इस बार मायावती का वोट बैंक उनके साथ नहीं रहा है। इस बार दलित वर्ग के पढ़े-लिखे नौजवानों का एक तबका इस बात से पूरी तरह सहमत था कि बीजेपी को हराने के लिए बसपा को विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होना चाहिए था. जब ऐसा नहीं हुआ तो इन लोगों ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में वोट देने का फैसला किया. इससे उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को ऐसी सफलता मिली है, जिसकी उनको उम्मीद भी नहीं थी। इस तरह देखा जाए तो मायावती की राजनीतिक पकड़ फिलहाल अपने कोर वोट बैंक पर कमजोर होती दिख रही है।

आमतौर पर बीएसपी को विपक्ष भाजपा की बी टीम कहकर टार्गेट करता रहा है पर कहानी कुछ और ही चल रही थी। पश्चिम से पूरब तक मायावती ने ऐसे कैंडिडेट खड़े किए जो एनडीए कैंडिडेट्स को ही नुकसान पहुंचा रहे थे। पश्चिमी यूपी में मेरठ में देवव्रत त्यागी, मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, खीरी सीट से बीएसपी का पंजाबी प्रत्याशी आदि बीजेपी को सीधे नुकसान पहुंचा रहे थे। इसी तरह पूर्वी यूपी में घोसी में बीएसपी ने जो कैंडिडेट दिया। वह सीधा इशारा था कि पार्टी ने एनडीए का काम खराब करने का ठेका ले लिया है। घोसी सीट पर बालकृष्ण चौहान ने एनडीए की 2 साल पुरानी तैयारी को ही पलीता लगा दिया। यहां पर बीजेपी ने स्थानीय नोनिया नेता दारा सिंह चौहान को समाजवादी पार्टी से इसलिए ही लाए गए थे कि उनका लाभ घोसी और आसपास की सीटों पर लिया जा सके. पर जब बीएसपी ने एक नोनिया जाति के कैंडिडेट बालकृष्ण चौहान का खड़ा कर दिया तो जाहिर है

कि एनडीए का काम खराब होना ही था। इसी तरह चंदौली में बीएसपी उम्मीदवार सतेंद्र कुमार मौर्या बीजेपी उम्मीदवार महेंद्रनाथ पांडेय के लिए खतरा बन गए। इसी तरह बहुजन समाज पार्टी के मनीष त्रिपाठी मिर्जापुर में अनुप्रिया पटेल को त्रिकोणीय मुकाबले में फंसा दिए.वह तो अंत समय में सीट निकालने में किसी तरह सफल हो गईं। पूरे प्रदेश में दो दर्जन ऐसी सीटें हैं जहां बीजेपी कैंडिडेट के वोट बीएसपी कैंडिडेट के चलते कम हो गये।



# साड़ी की है बात निराली

छह गज का बिना सिला कपड़ा बुनकरों और डिजाइनरों के लिए एक कैनवास की तरह होता है। साड़ी केवल एक परिधान नहीं है, बल्कि यह एक पूरा ताना-बाना है। यानी एक ऐसा धागा जो अनेक सपनों का साक्षी है। जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। सदियों से अपने रूप, डिजाइन और कढ़ाई के लिए प्रसिद्ध साड़ी के स्वरूप में भी आज के समय में परिवर्तन आ गया है। बदलती जीवनशैली और आधुनिकता ने अन्य चीजों की तरह इसके स्वरूप पर भी असर डाला है। भारी-भरकम कांजीवरम और बनारसी की जगह हल्की डिजाइनर साड़ियों ने ले ली है। पहले हर समारोह में जहां जरी के काम वाली भारी साड़ी पहनना अनिवार्य ही नहीं शुभ भी माना जाता था, वहीं आज दादी-नानी की उस धरोहर ने अपनी जगह अलग एक संदूक में बना ली है तो दूसरी ओर सिंथेटिक साड़ियां अलमारियों में पहुंच गई हैं। यहां तक कि कल की महिलाएं जो अपनी कांजीवरम की साड़ियों में अपनी खूबसूरती को निहारती थी, अब वे भी सिक्केस वर्क की जार्जेट, शिफॉन साड़ी पहनने लगी हैं। एक जमाना था जब हर स्त्री के पास कांजीवरम, बनारसी, जामावार और पैठनी की साड़ियां अवश्य हुआ करती थीं। आज ब्लाउज के फैशन में जो बदलाव आया है, उसने साड़ी को वेस्टर्न टच में बदलने को उकसाया है। सबसे ज्यादा बदलाव कढ़ाई व डिजाइन में आया है। पहले भारी कढ़ाई की साड़ियों पर ज्यादातर जरी का काम किया जाता था पर अब जरी की जगह सिक्केस, क्रिस्टल व बीड्स ने ले ली है। यही वजह है कि आज साड़ियां पांच सौ से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक में उपलब्ध हैं।

## कांफिडेंस और लुक

आप जब घर से निकलती हैं, तो क्या अपने लुक को लेकर काफी कांसस रहती हैं। ऐसे में आप चाहें तो अपने ड्रेसकोड में थोड़ा सा परिवर्तन कर अपने दोस्तों में कांफिडेंस के साथ इंज्वाय कर सकती हैं। आप अपने ड्रेस डिजाइन को परिवर्तित कर अपने को आकर्षक और ग्लैमरस बना सकती हैं। इसके लिए आपको वेस्टन ड्रेस का भी सहारा लेने की कोई जरूरत नहीं है, आप भारतीय ड्रेस से ही अपने को आकर्षक बना सकती हैं। इसके लिए आप इंडियन आर्ट, अच्छे कट्स और फिटिंग वाले कपड़े का सहारा ले सकती हैं। इसके अलावा आप ब्राइट फ्रेश टोन अजमा सकती हैं। इसके साथ ही आप अपने कपड़ों को नये लुक के अलावा इनके रंगों पर भी ध्यान दें, जिनमें आप ब्लैक, ग्रे, व्हाइट के साथ थोड़ा-सा सिल्वर कलर का यूज करें तो बेहतर होगा। ये कभी फैशन सर्किट से बाहर नहीं होते। यदि आप डेनिम जींस पहनने की शौकीन हैं, तो इसे नीचे से थोड़ा मोड़ दें। साथ में ऐसे जूते पहनें, जो सभी तरह के मौसम के लिए उपयुक्त हों।





# प्रैग्नेंसी में रखें खुद का ख्याल

**प्रैग्नेंसी में नन्हें मेहमान के आने की जितनी ज्यादा खुशी होती हैं, उससे भी ज्यादा इस बात का फिक्र सताता है कि आने वाला बच्चा हैल्दी हो। इस लिए मां का खास ख्याल रखा जाता है क्योंकि उसी से बच्चे को पूरा पोषण मिलता है।**

अगर मां में ही पोषक तत्वों की कमी होगी तो भविष्य में इसका असर बच्चे पर भी पड़ेगा। कैल्शियम, आयरन, विटामिन, खनिज पदार्थ, फाइबर, पोटाशियम आदि से भरपूर आहारों का सेवन गर्भावस्था में बहुत जरूरी है। इसी से बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास होगा और बीमारियों से भी उसका बचाव रहेगा। शरीर में इस समय हॉर्मोंस का परिवर्तन होने से मां का मूड बदलना स्वभाविक है। इससे उसे बहुत सी परेशानियों से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में प्रेग्नेंसी का समय एंज्वाय करने के लिए कुछ बातों का खास ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

## ऐसे करें स्किन केयर

गर्भावस्था में पेट और स्तन का आकार बढ़ने से स्किन पर खिंचाव के निशान पड़ जाते हैं। जिससे स्किन पर धारियां और गहरे भूरे रंग की लकीरे पड़ने का डर रहता है। इसके लिए अपनी मर्जी से दवाइयों खाने की गलती न करें। खास तरीकों से ही अपनी स्किन की केयर करें।

- प्रेग्नेंसी में त्वचा खुष्क होने लगती है इसलिए नहाने से पहले सरसो या फिर जैतून के तेल से शरीर की मसाज करें। मसाज हमेशा हल्के हाथों से करें। इससे त्वचा में नमी बरकरार रहेगी और त्वचा पर पड़े दाग-धब्बे भी दूर हो जाएंगे।
- पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना बहुत जरूरी है। इससे स्किन और सेहत दोनों अच्छी रहेंगी
- स्ट्रेच मॉस्क पर दवाइयां लगाने की बजाए नारियल का तेल लगाएं। इससे किसी तरह की एलर्जी भी नहीं होगी और दाग के निशान भी गायब हो जाएंगे।

## कपड़े पहने स्टाइलिश

गर्भावस्था के समय मां जितना खुश रहेगी बच्चा भी उतना ही हैल्दी रहेगा। गर्भवती महिला का स्मार्ट बनकर रहना बहुत जरूरी होता है। ड्रैसिंग स्टाइल भी आपकी खुशी को व्यक्त करने का काम करता है। इस समय टाइट कपड़े पहनने से परहेज करें। इससे बच्चे की ग्रोथ होने में आसानी होगी।

- स्टाइलिश मैक्सी ड्रैस पहनने में आरामदायक होती हैं।
- डार्क रंग के कपड़ें इस समय मन को खुशी देते हैं।
- फ्लोरल या फिर कॉर्टून प्रिंट के आउटफिट्स बहुत अच्छे लगते हैं।

## सेहत के रखें ख्याल

संतुलित आहार खाना इस समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। फल, सब्जियां, दूध, सूप आदि समय-समय खाना बहुत जरूरी है। एक बार खाने की बजाए 2-3 घंटे में कुछ न कुछ खाना चाहिए।

- रोटी, ब्रेड, चावल, साबुत अनाज को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। इन चीजों से आपको प्रोटीन मिलता है। इस समय प्रोटीन का सेवन बहुत जरूरी होता है।
- दूध, पनीर, अंडे, छाछ को भी आहार में शामिल करें। दूध से एलर्जी है तो छोले, राजमा, जई, बादाम, सोया दूध और सोयाबीन पनीर का भी खा सकते हैं।
- फलों का जूस पीने से साथ-साथ फल चबाकर खाने से ज्यादा फायदा मिलता है। यह शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रख सकते हैं।



# काम को आसान बना देंगे ये स्मार्ट ट्रिक्स

हाउस वाइफ ही नहीं बल्कि वर्किंग वुमन्स का भी किचन के साथ गहरा रिश्ता होता है। वैसे तो गृहणीयां खाना बनाने से लेकर किचन में हर में माहिर होती है लेकिन इसके बावजूद भी कई बार उन्हें काम करते समय कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण काम में देरी हो जाती है। किचन से जुड़ी छोटी-मोटी बातों के बारे में हर औरत को पता होना चाहिए, ताकि वो अपने काम को और भी आसान बना सके। आज हम आपको ऐसे ही कुछ टिप्स बताने जा रहें है, जिनकी मदद से आप अपने काम को और भी आसान बना सकते है। ये शानदार किचन ट्रिक्स आपका काम आसान करने के साथ-साथ खाने का स्वाद भी बढ़ जाएगा।

- बादाम या टमाटर छिलने के लिए पहले उन्हें 5-10 मिनट तक पानी में उबाले। इससे इनके छिलके आसानी से निकल जाएंगे।
- प्याज को काटने और लहसुन को छिलने से पहले उसे 10 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। इससे प्याज काटते समय आंसू नहीं आएंगे और लहसुन के छिलके भी आराम से उतर जाएंगे।
- सूखे मेवे या ड्राईफ्रूट्स को काटने से पहले 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इससे यह सॉफ्ट हो जाएंगे और आप इन्हें आसानी से काट सकेंगी।
- मशरूम को कभी भी पानी से न धाएं। क्योंकि यह पानी को सोख लेते है और कपाते समय पानी छोड़ देते है, जिससे सब्जी का टेस्ट खराब हो जाता है। इसकी बजाए आप मशरूम को गीले कपड़े से साफ करें।
- अगर आप पनीर बना रही है तो उसमें थोड़ा-सा ऑयल लगा दें। इससे यह बर्तन के साथ चिपकेंगे नहीं।
- शहद की शुद्धता पता लगाने के लिए उसकी कुछ बूंदें कांच की बोतल या गिलास में डालें। अगर शहद तले पर बैठ जाए तो शुद्ध है और अगर वो पानी में मिक्स हो जाए तो मिलावटी है।
- अगर आप बिरयानी या कोई ग्रेवी वाली डिश बना रही है तो उसमें दही डालने से पहले अच्छी तरह फेंट लें। इससे खाने का स्वाद बढ़ जाएगा। इसके अलावा सब्जियां उबालने के बाद इसके पानी को दाल बनाने में इस्तेमाल करें। इससे दाल का स्वाद दोगुना हो जाएगा।
- चावल पकाने से पहले उससे अच्छी तरह से धो लें। इससे चावल में मौजूद स्टार्च निकाल जाएगा और चावल पकने के बाद चिपचिपा नहीं होगा। इसके अलावा चावल की खीर बनाते समय बर्तन में पहले थोड़ा-सा पानी डाल दें। इससे दूध बर्तन के तले पर नहीं चिपकेगा।
- फलों को काटने के बाद उसके उपर अच्छी तरह से नींबू छिड़ककर फ्रिज में स्टोर करें। इससे फल पूरा दिन ताजे रहेंगे और इनका रंग भी खराब नहीं होगा।

# अगर आप भी अभी नया-नया रिश्ता बना रहे है...

जब कोई लड़का या लड़की नए-नए रिलेशन में पड़ते है तो वह हर वक्त एक-दूसरे से बातें करने का बहाना ढूंढते रहते है। हर वक्त मैसेज के जरिए एक-दूसरे से बातें करने लगते है लेकिन नए रिश्ते में लड़की को अधिक मैसेज करने से आपका बना हुआ रिश्ता टूट भी सकता है क्योंकि कोई भी लड़की शुरूआत में अपनी लाइफ में किसी दूसरे की दखलअंदाजी पसंद नहीं करती। इसलिए ऐसे में लड़कों को थोड़ा सावधानी बरत कर लड़की को मैसेज करने चाहिए।

### अधिक मैसेज न करें

पहली डेट के बाद लड़की के साथ बातचीत बढ़ाना अच्छी बात है लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उसके बार-बार मैसेज करके टंग करते रहे। अधिक मैसेज करने से भी रिश्ता जुड़ने से पहले ही टूट सकता है। इसलिए मैसेज करने पहले इस बात का खास ध्यान रखें।

### देर रात मैसेज न करें

दिन के समय मैसेज करके थोड़ी-बहुत बात करना तो ठीक है लेकिन देर रात तक लड़की को कभी मैसेज न करें। इससे लड़की नाराज भी हो सकती है और आपसे दूरिया भी बना सकती है।

### शराब पीने के बाद

नया रिश्ता जोड़ रहे है तो कोई भी गलती करने से पहले दस बार जरूर सोचें। इसके अलावा अगर आप ड्रिंक भी करते है तो शराब पीने के बाद लड़की को कभी मैसेज न करें क्योंकि ड्रिंक करने के बाद कोई भी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाता और कोई न कोई गलती कर बैठता है।

### क्रोधित होने भी न करें मैसेज


कहते है कि गुस्सा बहुत बुरी चीज है। गुस्सा आने पर इंसान कोई होश नहीं रहता है कि वह किसे क्या बोल रहा है। इसलिए बेहतर होगा कि जब आप गुस्से में हो तो किसी लड़की को मैसेज न करें। क्योंकि उस वक्त आपको खुद नहीं पता होता है कि आप क्या बोल रहे है।

### मैसेज में सवाल-जवाब कम करें

पहली डेट के साथ अगर लड़की के साथ मैसेज पर बात कर भी रहे है तो उसके साथ ज्यादा सवाल न करें क्योंकि इससे उसे गुस्सा भी आ सकता है और वह आपसे चिड़ भी सकती है।



**लड़के अगर कुछ फैक्टर्स के बल पर लड़कियों को पसंद करते हैं, तो इस मामले में लड़किया भी कोई कम नहीं है। लड़कों को पसंद करने के उनके अपने कायदे हैं और वे खुद से बेटर पोजिशन वाले को जल्दी पसंद कर लेती है। इसके लिए वे कुछ ऐसी बातों तक को इग्नोर कर देती हैं, जिनसे समझौता आमतौर पर मुश्किल होता है।**



# लड़का चाहिए खुद से सुपीरियर

मशहूर दार्शनिक फ्रायड ने कहा था कि उन्हें इस बात का जवाब कभी नहीं मिला कि एक औरत अपनी जिंदगी से क्या चाहती है। कुछ ऐसी ही उधेड़बुन से आपको आज की ज्यादातर महिलाएं भी जूझती दिख जाएंगी। बेशक, इस कन्फ्यूजन के केंद्र में शादी और उससे जुड़े सवाल ही अहम रहते हैं। ऐसे में यह सोचना कि महिलाएं फाइनैंशियल तौर पर पुरुषों पर निर्भर नहीं होना चाहतीं, पूरी तरह से सच नहीं है। आज की महिलाएं भी बेहतर कैरियर से ज्यादा खुशहाल परिवार का सपना देखती हैं। हालांकि, इस बात को खुले तौर पर मानने में उन्हें थोड़ी हिचक होती है। जी हां, तमाम स्टडी से यह बात साबित हुई है। अक्सर देखा भी गया है कि लड़कियां बॉयफ्रेंड को शादी के लिए मना कर देती हैं। उनका कहना होता है कि वे अपने कैरियर में आगे बढ़ना चाहती हैं और अभी सेटल होने के बारे में नहीं सोच रही हैं। लेकिन, हायर डिग्री वाले या फिर हाई इनकम वाले वेल-सेटल्ड लड़के के साथ उनका रवैया ऐसा नहीं रहता। ऐसे पुरुष के साथ शादी के प्रपोजल को वे झट मान जाती हैं। इसी तरह की एक रिसर्च से जुड़ीं लंदन स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स की रिसर्चर कैथरिन हाकिम बताती हैं, 'दुनिया भर में विमिन इम्पॉवरमेंट की बातें लगभग 40 साल से चल रही हैं। ऐसे में बस हाउसवाइफ बनने की बात को महिलाएं स्वीकार नहीं पातीं। अगर यह बात उनके मन में होगी, तो भी वे दकियानूसी कहलाए जाने के डर से यह बात नहीं कहेंगी। हालांकि, हमारे आसपास ऐसी तमाम महिलाएं हैं, जो फाइनैंशल मैटर्स के लिए अपने पार्टनर पर डिपेंड रहना चाहती हैं।' गौर करने वाली बात यह है कि उम्र ज्यादा होने पर भी महिलाएं ऐसे साथी के सपने संजोए रहती हैं, जो हर लिहाज से उनसे आगे हो। रिसर्च के दौरान देखा गया कि कई यूरोपियन देशों की उम्रदराज महिलाएं भी शादी के लिए तभी तैयार हुईं, जब उन्हें अपने से ज्यादा धनवान और पढ़े-लिखे पुरुष मिले। ब्रिटेन में लगभग 50 साल पहले हुई एक रिसर्च में 20 फीसदी महिलाएं अपने से ज्यादा पढ़े-लिखे पुरुष से शादी करना चाहती थीं, वहीं पिछले दशक में ये आंकड़े 38 फीसदी तक पहुंच चुके हैं। यही पैटर्न पूरे यूरोप, यूएस और ऑस्ट्रेलिया में भी नोट किया गया। जाहिर है, तेजी से वेस्टर्न कल्चर में ढल रहीं इंडियन मेट्रोज की महिलाएं भी इस राह पर हैं।

## सोच का रहता है असर

हालांकि इस रिसर्च को लेकर महिलाओं की राय अलग-अलग है। जहां, कुछ इससे सहमत नजर आती हैं, वहीं कुछ को इसमें दम नजर नहीं आता। एक एचआर फर्म में बतौर हेड काम कर चुकीं श्रुति सिंह कहती हैं। 'मैंने लव मैरिज की और हाल में अपनी जॉब से रिजाइन दिया है। दरअसल, मेरे पति को पांच साल के लिए लंदन की एक आईटी कंपनी में जॉब मिली है और मैं उनके साथ जाना चाहती हूं। मेरा फैसला इमोशंस और जिम्मेदारी से लिया गया है। इसमें उनके पैकेज की बात कहीं नहीं है। फिर वहां जाने पर भी मैं पढ़ाई या जॉब कर सकती हूं।' वैसे, बैंक प्रोफेशनल निहारिका जोशी ऐसे मैच को बेस्ट ऑप्शन मानती हैं। उनका कहना है, 'जिंदगी में घर और ऑफिस की दुधारी तलवार पर लटकने से क्या मिलेगा? आपको घर की जिम्मेदारी तो निभानी ही होगी, तो अच्छा है कि ज्यादा पैकेज वाले पुरुष से शादी की जाए। इस तरह न तो बॉस की धौंस सहनी पड़ेगी और एक स्टैंडर्ड के घर का आराम भी मिलेगा।' इस बात का एक और पहलू मीडिया प्रोफेशनल गौरी कपूर सामने रखती हैं। वह कहती हैं, 'हर सफल पुरुष ऐसी बीवी चाहता है, जो अपने लेवल पर सफल हो। इसलिए महिलाओं से जुड़ी इस रिसर्च में मुझे खास दम नहीं लग रहा है।' गुड़गांव की एक फूड बेवरेज फर्म में काम करने वाले गौरव कपूर की बात से यंग जेनरेशन की अप्रोच एकदम क्लीयर हो जाती है। बकौल गौरव, 'मैंने अपनी गर्लफ्रेंड से साफ कह दिया है कि जब तक मैं सीनियर मैनेजर की पोस्ट पर नहीं आ जाता, सेटल होने का सवाल ही नहीं उठता है। इससे उसे भी कोई ऐतराज नहीं है, क्योंकि उसकी फैमिली को भी तो ऊंची पोस्ट का दामाद पसंद आएगा।' उनका कहना है कि हाई सोसाइटी की तमाम महिलाएं अपने पार्टनर के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर तक को इसी वजह से इग्नोर कर देती हैं।



# ....अब तो बदल जाओ

कालांतर से वर्तमान तक मानों आरोप-प्रत्यारोप ही इसकी जीवनी हो। सबने इसके आचरण पर दाग लगाए, यहां तो एक सामान्य स्त्री क्या सीता को भी नही बख्शा गया। वाह रे दुनिया! इसकी नियति में क्या है, यह एक प्रश्न ही रहेगा? इसने सबको इज्जत दिया, सम्मान दिया और बदले में इसे मिला क्या सिर्फ और सिर्फ बदनामी, अपमान, द्वेष, ईर्ष्या। आखिर ऐसा इसी के साथ ही क्यों? अपवाद को छोड़ दिया जाए, तो असल जिंदगी में लोग बेस्ट हाफ बनाना तो चाहते हैं पर बनना नही चाहते। चाहे लव मैरिज हो या अरेंज मैरिज। अरेंज मैरिज में लड़की अपने ससुराल वालों की शर्तों पर जिंदगी गुजारती होती है। बहू पढ़ी-लिखी और नौकरी वाली चाहिए, पर जिंदगी वह जीए ससुराल वालों के मुताबिक।






कम आयुवर्ग के लोगों में दिल के रोगों का जोखिम उतना अधिक नहीं है और यह उम्रदराज लोगों को ही अधिक परेशान करता है : डॉ. उपेंद्र कौल

# भारत में दिल के रोगियों की उम्र कम होने की धारणा गलत

**नई दिल्ली।** भारत में हृदय रोग को लेकर कराए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि देश में पश्चिमी देशों के मुकाबले ''एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम' (एसीएस) के रोगियों की उम्र कम होने की धारणा मिथक है और अधिक आयु वाले लोगों को ही दिल की बीमारी का खतरा अधिक देखा गया है।फोर्टिस हेल्थकेयर ने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. उपेंद्र कौल के नेतृत्व में यह अध्ययन किया। इसके मुख्य निष्कर्षो में सामने आया है कि हृदय रोगों के तीन प्रमुख कारणों में हाई लिपिड स्तर 58.1 फीसदी, उच्च रक्तचाप 53.2 फीसदी और धूम्रपान 45 फीसदी हैं। एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम (एसीएस) से युवा आबादी के प्रभावित होने को लेकर कोई खास बात सामने नहीं आई है। फोर्टिस द्वारा जनवरी 2011 से दिसम्बर 2015 के बीच कुल 12,152 रोगियों पर अध्ययन किया गया। इसमें 18 से 100 साल तक की उम्र के मरीज शामिल रहे। इसमें 5850 रोगी ऐसे थे जिन्हें दिल का दौरा पड़ा था। इनमें हृदय रोग के जोखिम के कारकों में क्र मश- अत्यधिक कोलेस्ट्रोल 58.1 फीसदी, उच्च रक्तचाप 53.2 फीसदी, धूम्रपान 45 फीसदी, डायबिटीज 36.9 फीसद और मोटापा 33.6 फीसद बताए गए हैं। अध्ययन में शामिल मरीजों में 30 साल से कम उम्र के मरीजों की संख्या केवल 33 यानी 0.3 फीसद थी। 30 से 40 साल के बीच के 304 (2.8 फीसद), 40 से 50 साल के 1298 (10.7 फीसद), 50 से 60 साल के 3445 (28.3 फीसद) और 60 साल से अधिक उम्र के सर्वाधिक 7075 (58.2 फीसदी) मरीज थे। अध्ययन के अनुसार यह दिखाता है कि कम आयुवर्ग के लोगों में दिल के रोगों का जोखिम उतना अधिक नहीं है और यह उम्रदराज लोगों को ही अधिक परेशान करता है। डॉ. उपेंद्र कौल के अनुसार, ''आमतौर पर माना जाता है कि एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम के साथ आए भारतीय रोगियों की उम्र पश्चिमी देशों में इस रोग के मरीजों से अपेक्षाकृत कम होती है। यह मिथक है जिसे हमारे अध्ययन ने साबित किया है। हमारी जनसंख्या में आयु वर्ग और जोखिम का स्तर दोनों वैसे ही हैं जैसा पश्चिमी देशों में है। इस अध्ययन में 30 फीसद रोगी दक्षिण एशियाई देशों के भी थे।'

# लीवर का हारमोन करता है शराब व मीठा खाने की इच्छा को नियंत्रित

**न्यूयार्क।** अगर आप अपनी शराब की लत और ज्यादा मीठा खाने की आदत से परेशान हैं तो आपके लिए एक खुशखबरी है। एक शोध में लीवर के ऐसे हारमोन का पता चला है, जो सीधे मस्तिष्क के साथ संपर्क करके व्यक्ति में शराब और मीठा खाने की भूख कम करता है।टेक्सास विविद्यालय के दक्षिण पश्चिम चिकित्सा केंद्र के शोधकर्ताओं ने लीवर में एक हारमोन का पता लगाया है जिसमें लोगों में शराब और मीठे के लिए भूख कम करने की क्षमता है। इस हारमोन का नाम ''फाइब्रोब्लास्ट ग्रोथ फैक्टर 21'(एफजीएफ 21) है। यह दिमाग के रिवार्ड सिस्टम के जरिए काम करता है, जो खाने-पीने की हमारी इच्छा को कम करता है। यह हारमोन अत्यधिक ठंड, भोजन में अचानक बदलाव और काबरेहाइड्रेट का सेवन करने से शरीर में पैदा होता है।''सेल मेटाबॉलिज्म जर्नल' में प्रकाशित इस शोध के अनुसार एफजीएफ 21 हारमोन शराब की लत से छुटकारा पाने और टाइप टू मधुमेह के इलाज में मददगार साबित हो सकता है। शोध से जुड़े डॉ. स्टीवन क्लीवर ने कहा ''हमारे शोध से इस बात का पता चलता है कि एफजीएफ 21 हारमोन का प्राथमिकता के आधार पर पोषक तत्वों को ग्रहण करने की प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है। साथ ही इस हारमोन का इस्तेमाल शराब की लत छुडाने में भी हो सकता है।' शोधकर्ताओं ने चूहों पर इसका प्रयोग किया। उन्होंने पाया कि जिन चूहों में इस हारमोन की ज्यादा मात्रा थी, उन्होंने मीठा पानी और शराब मिश्रित पानी पीने की कम इच्छा जताई। साथ ही बंदरों ने भी मीठा खाने की कम इच्छा दिखाई। शोध में एफजीएफ 21 और मस्तिष्क तंत्र के बीच गहरे संबंध का पता चला। शराब और मीठा खाने की इच्छा कम करने के साथ ही इस हारमोन के महत्वपूर्ण कायरे के बारे में भी पता चला। इस हारमोन में चयापचय प्रक्रिया, महिलाओं की प्रजनन क्षमता और शरीर की नियमित प्रक्रिया को नियंत्रित करने की क्षमता भी है।






- हारमोन का नाम 'फाइब्रोब्लास्ट ग्रोथ फैक्टर 21'(एफजीएफ 21) है
- यह हारमोन अत्यधिक ठंड, भोजन में अचानक बदलाव व कार्बोहाइड्रेट का सेवन करने से पैदा होता है
- एफजीएफ 21 हारमोन टाइप टू मधुमेह के इलाज में मददगार साबित हो सकता है

# बच्चों में डायरिया के मामले काफी घटाकर पेश किए गए

**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन में बताया गया है कि भारत समेत सात एशियाई एवं अफ्रीकी देशों में बच्चों के डायरिया की चपेट में आने के मामले बहुत कम करके पेश किए गए हैं तथा पिछले आकलन की तुलना में उनकी संख्या दोगुनी हो सकती है। इन देशों में हर घंटे पांच साल की उम्र तक के 13 बच्चे डायरिया के चलते मर जाते हैं।''लांसेट' में प्रकाशित नए शोध में कहा गया है, ''बैक्टीरिया, परजीवी, विषाणु एवं अन्य संक्र मणों की वजह से बच्चों के डायरिया की चपेट में आने के मामले काफी घटाकर पेश किए गए और वह पिछले आकलन की तुलना में करीब दोगुना हो सकते हैं।''बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान, गांबिया, केन्या, माली और मोजाम्बिक के 10,000 से अधिक नमूनों के विश्लेषण से पता चलता है कि शिगेला और रोटावायरस पांच साल तक के बच्चों में सबसे आम संक्रमण है, उसके बाद एडिनोवायरस, आंत में विष पैदा करने वाले ई.कोलाई, क्रिप्टोसपोरडियम और कैंपीलोबैक्टर का नंबर आता है।' डायरिया के संक्रामक कारकों के पिछले अनुमान विभिन्न अन्वेषण पद्धतियों पर आधारित थे जबकि इस अध्ययन में पहली बार 32 रोगाणुओं का परीक्षण करने के लिए मालीक्यूलर डायगोनास्टिक पद्धति का इस्तेमाल किया गया।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंग। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिर्वतन की संभावना हैं। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-1-3-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-4-6

## लॉफिंग ज़ोन

अध्यापक- राकेश समुद्र के बीच एक नीबू का पेड लगा है, उस पर कुछ नींबू लगे है, उन्हें तुम कैसे तोडकर लाओगे ?

राकेश- चिडिया बनकर।

अध्यापक- बेवकूफकभी आदमी भी चिडिया बन सकता है।

राकेश- कहीं समुद्र में भी नीबू का पेड लगता है।

□ □ □

मिल मालिक, ''मैं तुम्हारे काम से खुश हूं। अगले महींने से तुमको मैनेकर बना रहा हूं, तुम्हारी तनख्वाह भी दोगुनी हो जाएगी।''

कर्मचारी (गिड़गड़ा कर), ''नहीं जनाब, मुझ पर यह जुल्म न करें, मुझे खजांची ही बना रहने दें।''

□ □ □

पुलिस ने एक चोर को पकडा, जब पुलिस के पास हथकडी नही थी।

चोर ने कहा- मै हथकडी लेकर आता हूं, आप वहीं रूकिए।

पुलिस वाला- मुझे बेवकूफ बनाता है, भागने की सोचता है, तू यहीं रूक मैं हथकडी लेकर आता हूं।


□ □ □

पिंटू एक लडकी को छेड रहा था।

लडकी- क्या कर रहे हो ?


पिंटू- महाराजा कॉलेज से बी.कॉम।

## काकुरो पहेली - 4077




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.


उदाहरणत:




काकुरो - 4076 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली-4077



**बायें से दायें:-**

१. शाहरूख, जूही की 'चाँद तारे तोड़ लाऊँ' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'इस दीवाने लड़के' गीत वाली नसीर, आमिर, सोनाली की फिल्म-५
६. गोविंदा, नीलम की 'मैं तो हूँ सबका मेरा ना कोई' गीत वाली फिल्म-२
७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. 'वाटर' के निर्देशिका कौन हैं-२
१०. अमिताभ, फरदीन खान, करीना कपूर की फिल्म-२
११. श्रेयस तलपदे, आयशा की 'ये हौसला कैसे झुके' गीत वाली फिल्म-२
१३. अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की 'जिस दिल में बसा था प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मुझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो मारिया, बिपाशा की फिल्म-२
१७. अमिताभ, अजय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा नीली' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में काजोल के किरदार का नाम था-३
२०. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
२१. 'दुनिया ने सुन ली है चुपके से' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, नीतूसिंह की 'कोई रोको ना दीवाने को' गीत वाली फिल्म-४
२५. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२६. राजेश खन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना गुमान' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
३०. 'ऐ लो प्यार के दिन' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना की फिल्म-२
३१. संजय, कुमार गौरव, पूनम 'अमीरों की शाम गरीबों' गीतवाली फिल्म-२
३२. 'फिर से आये बदरा' गीत वाली संजीव, शर्मिला, वहीदा की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-३
२. 'मैं शायर तो नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'तू मेरे पास भी' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-२
४. अमिताभ बच्चन, संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
५. अरविंद स्वामी, मधु की फिल्म-२
६. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेंद्र कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, बबीता की 'दांतों तले दबा कर होंठ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'अंबर हमारा रास्ता' गीत वाली अरूण, रघुवरन, बेबी शामली, श्रुति की फिल्म-३
१५. कमल हासन, शाहरूख, रानी की 'चाहे पंडित हो' गीत वाली फिल्म-१,२
१६. 'मेरे संग संग आया' गीत वाली धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, विनोद, हेमा की फिल्म-४
१७. शॉवरअली, ब्रजेश हीरजी, जूही, शिल्पा की 'मेरा मन भँवरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. प्रेमनाथ, बीना राय की फिल्म-३
२०. राजेश, फिरोजखान, शार्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
२५. 'सावन का महीना पवन करे' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मुझ से दोस्ती करोगे' में करीना कपूर के किरदार का नाम क्या था-२
२९. 'तेरी याद बिछा के सोता हूँ' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 4076**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रि | मि | न | ल | | प | र | व | रि | श |
| श | | ती | | डो | र | | र | | मा |
| | अ | जा | म | | दे | व | दा | स | |
| का | श | | ह | व | स | | न | म | क |
| ला | | ला | ल | च | | अ | | झौ | |
| पा | य | ल | | न | सी | म | | ता | ल |
| नी | | कि | ला | | आ | ला | प | | ड़ |
| | त | ला | श | | ई | | रि | हा | ई |
| तु | म | | | मं | डी | | णी | | |
| | ना | | रा | जू | | गी | ता | बा | ली |

## सूडोकु -4077


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4076 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

## शब्द पहेली - 4077



**बाएँ से दाएँ**

1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**

1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली -4076 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | र | ग | ना | | आ | म | रा | य | |
| फि | | न | ज | ला | | फि | क | र | | त |
| त | ल | | ल | य | | स | र | | ला | ल |
| र | ह | ना | | क | हा | र | | ज | ल | वा |
| त | र | सा | ना | | ति | | ज | ल | च | र |
| | | | र | ह | म | दि | ल | | | |
| ब | ग | दा | द | | ता | | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | | स | ई | स | | प | ह | रा |
| ग | ला | | स | दा | | ल | स | | त | य |
| द | | ग | ली | चा | | वा | न | र | | ण |
| | का | श्त | का | र | | र | म | जा | न | |

## आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविरों का कार्यक्रम, विकास समिति की बैठक

एजेंसी

**डूंगरपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा राजस्थान के डूंगरपुर जिले की सागवाड़ा तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति के बाहुल्य क्षेत्रों के व्यक्तियों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की दृष्टि से 18 से 22 जून तक पांच दिवसीय निःशुल्क एसटी आयुर्वेद चल चिकित्सा आयोजित किए जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार 19 जून को ग्राम पंचायत आरा, 20 जून को ग्राम पंचायत बाबा की बार, 21 जून को ग्राम पंचायत बैण तथा 22 जून को ग्राम पंचायत चितरी में चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## सहस्त्रताल से चार ट्रैकर्स के शव एयरलिफ्ट कर भटवाड़ी भेजे गए

**उत्तरकाशी।** सहस्त्रताल में रास्ता भटके ट्रैकर्स दल के लापता चार और सदस्यों के शव सुबह एयरलिफ्ट कर लिए गए। उन्हें भटवाड़ी पहुंचा दिया गया है। इनकी पहचान श्री वेंकटेश, श्री पदनाथ कुण्डपुर कृष्णामूर्ति, अनीता रंगप्पा और पद्मिनी हेगडे के रूप में हुई है। चारों बेंगलुरु के रहने वाले हैं। इस अभियान में एसडीआरएफ टीम को कड़ी मशक्त करनी पड़ी। जिलाधिकारी डाक्टर मेहरबान सिंह बिष्ट ने राहत और बचाव अभियान में मौसम ने लगातार बाधा डाली। टीम ने खराब मौसम के बावजूद रास्ता भटके ट्रैकर्स के इस दल के 13 सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया था। इसके अलावा पांच सदस्यों के शव भी रेस्क्यू किए गए थे। दल के चार ट्रैकर्स को पता नहीं चल पाया था।

## चरस तस्करी मामले में एक को दस वर्ष की कठोर कारावास

**पूर्वी चंपारण।** एनडीपीएस कोर्ट-1 के विशेष न्यायाधीश नूर सुल्ताना ने चरस तस्करी मामले में दोषी पाते हुए एक नामजद अभियुक्त को दस वर्षों का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अर्थ दंड नहीं देने पर तीन महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा नेपाल नारायणी थाना के जलेश्वर जनकपुर निवासी गुलाब बाबू मंडल को हुई है। मामले में रक्सौल पनटोका एसएसबी कैंप के अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराया था,जिसमें कहा था कि 4 अप्रैल 2019 को गुप्त सूचना के आधार पर लक्ष्मी चौक बुलेट एजेंसी के पास एक युवक को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। जांच के दौरान उसके पास से 3.500 ग्राम चरस बरामद हुआ। एनडीपीएस वाद संख्या 36/2019 विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक डा शंभू शरण सिंह ने पांच गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा।

## जनता के फैसले को खुले दिल से स्वीकार करता हूं : संतोष कुशवाहा

एजेंसी

**पूर्णिया।** लोकसभा चुनाव में अपनी हार के बाद पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा तथा एनडीए के नेताओं ने मिलकर प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि हमारा काम लगातार जारी रहेगा हम जनता की भलाई के लिए पहले से भी ज्यादा बेहतर करने का प्रयास करेंगे। संतोष कुशवाहा ने कहा कि आपके माध्यम से मैं पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के उन 5.43 लाख मतदाताओं के प्रति आभार जताना चाहता हूं जिन्होंने इस चुनाव में अपना बहुमूल्य मत देकर मुझे अंतिम समय तक प्रतिस्पर्धा में बरकरार रखा। मैं जनता के फैसले को खुले दिल से स्वीकार करता हूं। करीब 24 हजार के अंतर से हुई हार से इस बात को मुझे स्वीकारने में कोई हिचक नही कि निश्चित रूप से मेरी कोशिश और सेवा में थोड़ी कमी रह गई। जिन लोगों ने मुझे अपना आशीर्वाद नही दिया उनका भी शुक्रिया, अगली बार आपका भी आशीर्वाद मिले, इसके लिए प्रयास जारी रहेगा।उक्त बातें पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा ने चुनाव परिणाम के बाद रामबाग स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। कुशवाहा ने कहा कि इस पूर्णिया ने मुझे एक बार विधायक और दो बार सांसद बनाया ,मैं आप सबों का ताउम्र ऋणी रहूंगा।हार-जीत चुनावी प्रक्रिया है।

## प्रदेश की जनता ने नकार दी कांग्रेस की झूठी गारंटियां : जयराम ठाकुर

एजेंसी

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश की जनता ने वोट के माध्यम से कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियों की हवा निकाल दी है जबकि नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। 68 में से 63 विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं ने कांग्रेस को हराकर बता दिया है कि वे कांग्रेस पार्टी की झूठी गारंटियों में नहीं फंसने वाली है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू के नेतृत्व वाली इस सरकार ने चुनावों से पूर्व और चुनाव के दौरान झूठ बोलकर मात्र वोट हासिल करने की मंशा से माताओं और बहनों को हर माह 1500 देने के नाम पर भ्रमित करने का प्रयास किया लेकिन प्रदेश की बुद्धिजीवी महिला मतदाताओं ने उसे नकार दिया। मातृ शक्ति ने बता दिया कि सिर्फ़ चुनावी लाभ के लिए ऐसे प्रलोभन किसी काम नहीं आने वाले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज के थुनाग में कहा कि ये जीत सामान्य नहीं है। जनता ने कांग्रेस सरकार के ख़िलाफ़ अपना रोष प्रकट किया है।

## मुंबई के पवई में अवैध झुग्गियों को खाली कराने गई टीम पर पथराव, पांच पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

**मुंबई ।** मुंबई के पवई में हीरानंदानी से सटे जय भीम नगर झुग्गी बस्ती में अवैध कब्जे वाली झोपड़ियों को खाली कराने गए पुलिसकर्मियों पर पथराव हुई है। जानकारी के अनुसार जय भीम नगर झुग्गी बस्ती में नगर पालिका अवैध कब्जे को ध्वस्त करने पहुंची थी। नगर पालिका और पुलिस की टीम जैसे ही झुग्गियों को खाली कराने पहुंची बस्ती के लोगों ने उन पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। पथराव की इस घटना में पांच पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर सामने आ



रही है। बस्ती में पवई जय भीम नगर स्लम बचाओ आंदोलन तेज हो गया है। लोगों ने कार्रवाई के विरोध में जमकर नारेबाजी की है और इस कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग भी की है।

## अयोध्या में सपा की जीत पर बोले-साक्षी महाराज, दुर्भाग्य है सपा का सांसद बनाया

एजेंसी

**उन्नाव।** नव निर्वाचित सांसद साक्षी महाराज ने उन्नाव में तीसरी बार जीतने के बाद बड़ा बयान दिया है। उन्होंने समाजवादी पार्टी की जीत को लेकर कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने सपा के शासन और गुंडाराज को देखा है। समाजवादी पार्टी के शासन में किस तरह पत्रकारों पर हमले हुए थे। राममंदिर बनाने के बाद भी अयोध्या में समाजवादी पार्टी की जीत पर साक्षी महाराज बोले- कि मेरे इन हाथों ने अयोध्या की धरती को राम भक्तों के लहू से लाल होते हुए देखा है। राम भक्तों को मैंने खुद अपने हाथों से उठाया है। लेकिन,



क्या दुर्भाग्य है कि उसी अयोध्या ने समाजवादी पार्टी का सांसद बना दिया है। उन्होंने अपने कार्यालय साक्षी धाम में मीडिया से बातचीत में उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव नतीजों के बारे में भी चिंता जताई और कहा कि प्रदेश के लिए भी देश के लिए भी हमारी पार्टी के लिए भी निश्चित रूप से इतना खराब प्रदर्शन चिंताजनक है। उत्तर प्रदेश में इतनी कम सीटें क्यों मिलीं, पार्टी जल्द इसकी समीक्षा करेगी।

## दिल्ली में जल संकट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बीजेपी का 'आप' पर हमला

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में जारी जल संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। इसके बाद इस पर राजनीति शुरू हो गई है। दिल्ली बीजेपी ने फैसले के बाद आम आदमी पार्टी पर हमला बोला है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में हिमाचल प्रदेश को निर्देश दिया कि जल संकट से निपटने में मदद करने के लिए दिल्ली को 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी जारी करे।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें संकटग्रस्त राष्ट्रीय राजधानी के लिए तत्काल पानी जारी करने की मांग की गई थी। अदालत ने पहाड़ी राज्य से



कहा कि वह हरियाणा बोर्ड को पूर्व सूचना देकर कल पानी छोड़े और हरियाणा को भी ये आदेश दिया गया है कि दिल्ली को पानी की निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था की जाए।

भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत किया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश को दिल्ली को अधिक जल जारी करने के लिए कहा गया है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पिछले एक महीने से दिल्ली में जल संकट के दौरान हमने देखा कि दिल्ली की मंत्री आतिशी बीजेपी शासित हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को रोमांचक पत्र लिख रही थीं, जानते हुए कि वे पहले से ही अधिक जल दे रहे हैं। हमारे अनुरोध के बावजूद, उसने कभी अपने इंडी गठबंधन साथी कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पत्र नहीं लिखा, लेकिन आज सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा या उत्तर प्रदेश से नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश से अधिक जल जारी करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल सरकार को उनके जल संकट के बीच गंदी राजनीति के लिए कभी माफ नहीं करेंगे। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से दिल्ली में लगातार जल संकट बना हुआ है और इसके लिए दिल्ली सरकार ने हरियाणा सरकार पर अतिरिक्त पानी न देने का आरोप लगाया था।

## पप्पू यादव ने सांसद बनते ही किया अस्पताल का औचक निरीक्षण



**फतेहाबाद।**

**पूर्णिया।** सांसद बनते ही पप्पू यादव ने अपने पुराने रंग और अपने चुनावी वादे के अनुसार काम करना शुरू कर दिया है। देर रात पप्पू यादव ने पूर्णिया स्थित GMCH अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने त्रस्ष्ट॥में एडमिट मरीज और उनके परिजनों से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यहां के हालात बेहद खराब हैं। कुव्यवस्था व्याप्त है। इसको लेकर हमने त्रस्ष्ट॥के पदाधिकारी से बात की है। बेहतर व्यवस्था बहाल करते हुए गुणवत्तापूर्ण ईलाज और दवाई उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया है।

## हरियाणा ने किए लू से निपटने के लिए व्यापक उपाय : मुख्य सचिव

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने लू के प्रभाव को कम करने और आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए व्यापक उपाय किए हैं। राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी उपायुक्तों और हितधारक विभागों के प्रशासनिक सचिवों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। उन्होने बताया कि इनमें लू से निपटने के लिए प्रभावी रणनीति की आवश्यकता और कार्यों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नामित करने पर बल दिया गया है। इसके अलावा, राज्य सरकार ने जलवायु परिवर्तन पर ड्राफ्ट एक्शन प्लान भी तैयार कर लिया है, जिसे शीघ्र ही केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा। इसके अलावा, जलाशयों की गाद निकालने के लिए जल्द ही एक कार्य-योजना लागू की जाएगी।

टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने यह बात आज केंद्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में नेशनल क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी (एन.सी.एम.सी.) की बैठक में भाग लेने के बाद कही। यह बैठक देश के कई हिस्सों में चल रही लू की स्थिति से निपटने के लिए



की गई तैयारियों और प्रतिक्रिया उपायों की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। उन्होंने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। इनके माध्यम से फोन करने पर तुरंत पानी के टैंकर भेजे जाते हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि मई के मध्य से ही हरियाणा लगातार लू के कारण भीषण गर्मी की स्थिति से जूझ रहा है। कई क्षेत्रों में लोगों को लंबे समय से अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ रहा है और सिरसा में 28 मई को 50.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

आने वाले दिनों में आंधी-तूफान के कारण गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन जल्द ही तापमान में फिर से वृद्धि होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में भीषण लू के चलते स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने प्रभावी उपाय किए हैं। विभाग का लक्ष्य त्वरित चिकित्सा प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना और आमजन को इससे सुरक्षित रहने में सक्षम बनाना है।

## अमावस्या पर भस्म आरती के दौरान हुआ भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार

एजेंसी

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में गुरुवार को ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल का रजत मुकुट, रुद्राक्ष की माला से श्रृंगार किया गया। भगवान महाकाल को शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल, रुद्राक्ष की माला के साथ सुगंधित पुष्प से बनी फूलों की माला धारण कराई की और फल व मिष्ठान का भोग लगाया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के इस दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया।

परम्परा के मुताबिक गुरुवार को तड़के चार बजे महाकालेश्वर मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। भगवान महाकाल का दूध, दही, घी, शक्कर, पंचामृत और फलों के रस से जलाभिषेक किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को नवीन मुकुट, मुंड माला धारण करवाई गई। अमावस्या



तिथि पर भस्मआरती में भगवान महाकाल के शीष पर सर्प विराजमान कराकर कुछ ऐसा श्रृंगार किया गया कि सभी श्रद्धालु देखते रह गए।

भगवान महाकाल को त्रिपुंड लगाकर, रुद्राक्ष की माला पहनाकर और पूजन सामग्री से श्रृंगारित किया गया। इसके बाद महानिर्वाणी अखाड़े की और से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ लिया। लोगों ने नंदी महाराज का दर्शन कर उनके कान के समीप जाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्री महाकाल के जयकारे लगाए, जिससे पूरा परिसर गुंजायमान हो गया। गुरुवार को भस्म आरती में शामिल होने गुजरात के मेहसाणा से आए श्रद्धालु सिद्धराज सिंह चावड़ा ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। साथ ही सत्तू गुरुजी की प्रेरणा से चांदी की दो सिल्लियां (वजन लगभग एक किलोग्राम) भगवान को अर्पित की। श्रद्धालु सिद्धराज सिंह ने बताया कि वे नियमित अंतराल से भगवान के दर्शन के लिए उज्जैन आते हैं। यहां उन्हें भगवान की साक्षात अनुभूति होती है और असीम शांति मिलती है। मंदिर के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने दानदाता का विधिवत रसीद प्रदान कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिला है, तीसरी बार वह शपथ लेने जा रहे हैं : विजय सिन्हा

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान पूरे देश के अंदर प्रतिपक्ष के लोगों ने भ्रम बनाया था। संविधान के बारे में गलत बयानबाजी की। वे लोग संविधान और संवैधानिक संस्था का अपमान करते थे। संविधान के विरुद्ध कार्य करते थे। सिन्हा ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि विपक्ष की हालत चोर मचाए शोर वाली बन गई। उन्होंने जहां एक ओर वातावरण को भ्रमित करने का प्रयास किया, वहीं भाजपा और एनडीए के बारे में भी झूठ फैलाया। उन्होंने कहा कि इस सबके बाद भी देश की जनता ने जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है। सारे देश के लोगों के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं। लेकिन, इस बार ऐतिहासिक निर्णय होगा। देश की जनता यह सब महसूस भी कर रही है। एनडीए को सीटों के लॉस पर विजय कुमार सिन्हा ने कहाकि इसके कई पहलू हैं। नकारात्मक वातावरण बहुत तेजी से फैलता है।

## समाजवादी पार्टी के शानदार प्रदर्शन के बाद राधारानी की शरण में बरसाना पहुंची डिंपल यादव

एजेंसी

**बरसाना।** समाजवादी पार्टी के लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद नवनिर्वाचित सांसद डिंपल यादव अपनी बेटी अदिति के साथ गुरुवार को बरसाना पहुंचीं। वे हाल ही मैनपुरी से समाजवादी पार्टी के टिकट पर सांसद चुनी गई हैं। डिंपल यादव ने बरसाना पहुंचकर विधि विधान से राधारानी की पूजा अर्चना की। मंदिर के गोस्वामियों ने उनका माला और पटुका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर डिंपल यादव ने कहा कि हमने ब्रज में काफी विकास किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पहले ही राधारानी के दर्शन कर चुके हैं और मेरे मन में भी था कि मैं राधारानी के दर्शन करूं। राजनीति के सवालों से बचते हुए डिंपल यादव ने कहा कि भगवान के दरबार में यह सब कहना ठीक नहीं है।

लोकसभा चुनाव में मिली



शानदार बढ़त के लिए डिंपल यादव ने सभी को धन्यवाद दिया और समाजवादी पार्टी के विकास कार्यों की सराहना की। बता दें कि डिंपल यादव के इस दौरे ने समाजवादी पार्टी के समर्थकों में नया उत्साह भर दिया है और उनकी पूजा अर्चना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## मुख्यमंत्री की दो टूक- आमजन के कार्यों में अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद गुरुवार को फिर से 'जनता दर्शन' शुरू किया। मुख्यमंत्री योगी के सरकारी आवास पर बड़ी संख्या में पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हर एक फरियादी के पास पहुंचकर उनकी पीड़ा जानी। फिर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन से जुड़े कार्य निश्चित समय सीमा में हों। किसी भी कार्यों में अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। जनता से जुड़े मुद्दे सरकार की प्राथमिकता में हैं।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में युवा भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हर युवा से न सिर्फ उनकी व्यक्तिगत परेशानी पूछी, बल्कि उनसे कई मुद्दों पर वार्तालाप भी किया। युवाओं ने विभिन्न मुद्दों पर उनके साथ बातें साझा कीं। मुख्यमंत्री ने अफसरों को



निर्देश दिया कि जनता से जुड़े जो भी मुद्दे न्यायालय में लंबित हैं, उनमें अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराई जाए।

## बांग्लादेशी सांसद की हत्या का मामला, 27 दिनों बाद भी नहीं मिला शव

एजेंसी

**कोलकाता।** बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार का शव वारदात के 27 दिनों बाद भी नहीं ढूंढ़ा जा सका है। कोलकाता में अनार 12 मई को आए थे और 13 मई से लापता थे। बाद में पता चला कि उनकी हत्या कर दी गई है, लेकिन अभी तक उनका शव नहीं बरामद किया जा सका है। सांसद के शव की तलाश जारी है।

राज्य सीआईडी के एक सूत्र ने बताया कि गोताखोरों ने बागजोला नहर में खोज जारी रखा है, वहीं पुलिसकर्मियों के एक दल को जलाशय के पास झाड़ियों में शव के टुकड़े तलाश करने के काम में लगाया गया। अनार की स्थानीय न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट में कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि इस आरोपित ने बांग्लादेश के सांसद के शरीर को 80 टुकड़ों में काटा और उन्हें हल्दी के साथ मिला कर न्यू टाउन के आसपास एक नहर सहित विभिन्न स्थानों पर फेंक दिया।

राज्य सीआईडी (अपराध जांच विभाग) के एक अधिकारी ने कहा, 'तलाश आज (गुरुवार) भी जारी रहेगी। हम नहर के अन्य हिस्सों में भी तलाश जारी रखेंगे। हमारे सहकर्मियों ने नहर के किनारे झाड़ियों और अन्य इलाकों में भी तलाश की।'

उन्होंने बताया कि जांचकर्ता उस मांस की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जो न्यू टाउन स्थित फ्लैट के सेप्टिक टैंक से बरामद किया गया था। सांसद को आखिरी बार 13 मई को इसी फ्लैट में प्रवेश करते हुए देखा गया था। उन्होंने कहा, 'जांच से पता चला है कि अपराध में कई औजारों, मुख्य रूप से धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने इन्हें स्थानीय दुकानों से खरीदा था। हम गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर उनका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।'

उन्होंने बताया कि पुलिस न्यू टाउन के उस फ्लैट से प्राप्त उंगलियों के निशान का मिलान करने की योजना बना रही है, जहां बांग्लादेशी सांसद की कथित रूप से हत्या की गई थी। अधिकारी ने बताया कि अनार की बेटी संभवतः अगले सप्ताह की शुरुआत में शहर पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि वे मांस की डीएनए जांच करवा कर उसका अनार की बेटी के साथ जल्द से जल्द मिलान कराने की योजना बना रहे हैं।

## समय के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाना जरूरी : राज्यपाल

एजेंसी

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने नैनीताल राजभवन में नैनीताल नगर के होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन और नौका संचालकों के संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यपाल ने पदाधिकारियों के साथ नैनीताल में पर्यटकों के लिए सुविधाओं और अवस्थापना विकास से संबंधित चुनौतियों व समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और उनके सुझाव प्राप्त किए।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल का प्राकृतिक सौंदर्य और झील देश एवं विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहां समय के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाना जरूरी है। इस ओर सरकार की ओर से भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से पर्यटन क्षेत्र में आधुनिकीकरण व वैल्यू एडिशन यानी मूल्य संवर्धन किए जाने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि नगर में पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए छोटी-छोटी व मल्टीस्टोरी पार्किंग तथा रोप-वे आदि से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है, इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल की झील



यहां आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है जिसका रखरखाव किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेशनल हाइड्रोग्राफर ऑफिस देहरादून की ओर से नैनीताल झील का जल्द ही सर्वे किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने नैनीताल में पर्यटन व्यवसाय से संबंधित चुनौतियों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। पदाधिकारियों ने नैनीताल झील की गाद को हटाने, मुख्य रूप से शहर की पार्किंग क्षमता बढ़ाये जाने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने, नैनीताल स्थित रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग के रूप में विकसित किए जाने, पेयजल व्यवस्था के लिए वैकल्पिक समाधान खोजने, पुराने होटलों के पुनर्निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिए जाने, मानसखंड के लिए विशेष ट्रेनों के संचालन किए जाने, नैनीताल तक बड़ी बसों के संचालन, पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण किए जाने जैसे सुझाव व समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में बोट एसोसिएशन ने नैनी झील में बने बोट स्टैंड में शेल्टर यानी आश्रय स्थल बनाए जाने का सुझाव दिया जिससे बारिश के मौसम में पर्यटकों को खड़े होने की सुविधा हो सके। इसके साथ नगर पालिका द्वारा दिए जाने वाले लाइफ जैकेट विगत तीन वर्षों से नहीं दिए जाने की जानकारी देते हुये नये लाइफ जैकेट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने झील के सुन्दरीकरण व सड़कों की मरम्मत की जरूरत भी बताई।

राज्यपाल ने सभी समस्याओं के लिए उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन के अलावा मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री से वार्ता कर सुझावों पर अमल किया जाएगा। बैठक में होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट, बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष राम सिंह बिष्ट सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दांपत्य के वास्तविक गहने



स्त्री के सौंदर्य गहने

प्राचीन काल से ही स्त्री के सौंदर्य को बढ़ाने में गहनों का अभूतपूर्व योगदान रहा है। बिना साज-श्रृंगार और आभूषणों के स्त्री सौंदर्य की कल्पना ही नहीं की जा सकती। पर उन गहनों से अलग भी कुछ गहने ऐसे है जो सोने-चांदी या हीरे-मोती से बने तो नहीं होते पर उन गहनों से ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है वे।

**खोते नहीं अपनी चमक**

ये गहने ऐसे होते है जिनकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ती और जिनका चलन भी नहीं बदलता, जबकि बाह्य आभूषणों का चलन हमेशा बदलता रहता है। उन गहनों में से ही एक है- स्त्री का शालीन व्यवहार। जी हां, अच्छा व्यवहार और सलीका एक ऐसा अद्भुत अलंकरण होता है जो साधारण-सी स्त्री को भी असाधारण और आकर्षक बना देता है।

**शालीन व्यवहार एक अहम गहना**

आप कितनी भी फैशनेबल गहनों से लकदक हों लेकिन आपके बोलने, उठने-बैठने के अंदाज में शालीनता का अभाव हो तो आपके पहने गहने व्यक्तित्व में चार चांद लगाने के बजाय चांद उतारते नजर आएंगे। यूं तो सलीका और शिष्टता किसी भी इंसान के व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है, किंतु किसी भी स्त्री के लिए अपने पति के दिल की चिरस्थाई साम्राज्ञी बनने के लिए शालीनता एक अहम गहना होता है। पति और पूरे परिवार की दुलारी बनने में सलीका और शालीनता बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है।

कोर्टशिप के दौरान अथवा विवाह के आरंभिक दौर में तो आपकी हर अदा अपने प्रियतम को दीवाना बनाने के लिए काफी होती है। उन दिनों आप अपने जीवनसाथी को रिझाने और सम्मोहित करने के लिए उर्वशी, मेनका और रम्भा के सारे हथकंडे अपनाने से नहीं चूकतीं। आपकी मनमोहक अदाओं का जादू उन पर सर चढ़ कर बोलने लगता है। लेकिन धीरे-धीरे समय के साथ आपके हाव-भाव और स्टाइल में अनजाने ही ऐसे परिवर्तन आने लगते है कि शुरुआती दिनों की वह खुमारी ताजिंदगी एक 'हैंगओवर' बन कर रह जाती है। ऐसा सबके साथ नहीं होता। विशेषकर आज के युग में जब मीडिया के माध्यम से इतने तरह-तरह के नुस्खे परोसे जा रहे है तो कोई भी जागरूक स्त्री भला उन्हे आजमाने से क्यों चूकेंगी। फिर भी यदि आप से कहीं भी कुछ चूक हो गई है तो आज से ही संभल जाइए। फायदे की सलाह हो तो लेने में क्या हर्ज है।

**ऐसा भी न करें**

बहुत सी स्त्रियां उम्र ढलने के साथ 'एजिंग सिन्ड्रोम' से पीड़ित होने लगती है। उन्हे लगता है कि अब हमारे नाज-नखरे दिखाने के दिन लद गए। लेकिन वे भूल जाती है कि उम्र बढ़ना एक स्वाभाविक शारीरिक प्रक्रिया है। आपका शरीर बूढ़ा हो रहा है लेकिन निगाहे कभी बूढ़ी नहीं होतीं। कहते है न सौंदर्य किसी व्यक्ति या चीज में नहीं देखने वाले की आंखों में होता है। अतः आपके प्रिय की आंखें अभी भी आपमें वही सौंदर्य तलाश कर रही होती है जो आपमें कभी था। जिसे आपने वक्त की चपेट में आकर अपनी लापरवाही और केयरलेसनेस की वजह से बहुत पीछे ढकेल दिया। अपनी रोज की दिनचर्या पर आप एक नजर डाल कर देखेंगी तो आप पाएंगी कि पिछले कुछ सालों में आपमें अनजाने में ही कुछ बुरी आदतें पनपने लगी है जो आपके पति को बहुत नागवार लगती है, पर वे शिष्टतावश आपको टोकते नहीं होंगे। आज आप गौर कीजिए कि इनमें से कौन सी खराब आदतें आपके आकर्षण को निरंतर कम करती जा रही है।

याद कीजिए वे दिन जब आप सुबह सज-संवर कर हाथ में चाय की प्याली थामे चूड़ियां खनकाती हुई अपने पति को जगाती थीं। तब वे अलसाई आंखों से आपकी अदाओं पर रीझते हुए अखबार व चाय की चुस्कियों का आनंद लेते थे।

अब आप सुबह उठती है, उलझे और बेतरतीब बालों का घोंसला बनाए, आंखों को मिचमिचाते हुए पति को चाय पकड़ाती है। पति आप पर उचटती नजर डालकर अखबार में सिर गड़ा लेते है। आप बेडरूम से अटैच्ड बाथरूम में ब्रश करती है और ब्रश करते-करते मुंह पर झाग लपेटे पति के पास आकर कोई जरूरी बात करने लगती है। खाने की टेबल पर समय की कमी के कारण ताबड़तोड़ खाना ठूंसती है। मुंह से खाने की आवाज निकालती है। खाने के बाद जोर-जोर से डकार लेने लगती है।

जम्हाई आने पर आस-पास बैठे लोगों का ध्यान रखे बिना मुंह फाड़कर बिना हाथ या रूमाल रखे जम्हाई लेती है।

उम्र का ध्यान रखते हुए परिधानों का चयन करिए। षोडशी बाला की तरह चुस्त व तड़क-भड़क के रंगीन कपड़े कहीं आपको मजाक का पात्र न बना दें।

यह ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि जैसे पहले आप अपने पहनावे को लेकर सजग थीं वैसी ही अब भी रहिए। पहनावे का सलीका उम्र का मोहताज नहीं है।

वजन बढ़ जाने पर भी नाभि-दर्शना साड़ी का मोह नहीं त्याग पा रही हैं तो देखने में अच्छा नहीं लगेगा।

आपको शर्ट और मिनी ड्रेसेज पहनने का शौक है भले ही वे आपके शरीर पर फब नहीं रही हों।

अगर आप इनमें से कोई भी बात अमल में ला रही हों तो कृपया आज ही से उन पर विराम लगा दें। इस बात का इंतजार न करे कि पति ने तो कुछ टोका ही नहीं फिर लोगों की चिंता क्यों करे।

**बनाए रखें बेडरूम की गरिमा**

उम्र बढ़ने के साथ अधिकांश महिलाएं शयन कक्ष की संवेदनशीलता का अर्थ खोने लगती है। उन्हे लगता है कि अब बच्चे बड़े हो गए, इतनी उम्र हो गई, अब क्या शयनकक्ष और क्या उसकी प्राइवेसी ?

लेकिन वे भूल जाती है कि हमारे शास्त्रों में भी स्त्री के पांच प्रमुख गुणों में एक गुण 'शयनेषु रम्या' पर बहुत जोर दिया है। शयन कक्ष ही वह मनोरम कक्ष है जहां दंपती अपने प्रारंभिक दिनों को बार-बार जीने के लिए प्रयास करते है।

कुछ स्त्रियां समय के साथ-साथ बाहरी कपड़ों और एक्सेसरीज पर तो ध्यान देती है लेकिन अपने इनरवेयर और नाइटी वगैरह में कटौती करने लगती है। लेकिन अब इन नुस्खों को भी अपना कर देखिए। आज भी आप वैसे ही इनरवेयर पहन कर देखिए जैसे आप पहले पहनती थीं। तितली के पंखों से नाजुक और खूबसूरत अंतःवस्त्र निश्चय ही आपके पति के मूड को बदल देंगे।

अगर नाइटी पुरानी है तो बदल दें। उसकी जगह मुलायम झीने कपड़ों की फिल लगी मुलायम नाइटी पहन कर देखिए। आप अपने को तरोताजा महसूस करने लगेंगी। आपके पहनावे पर आपका ही नहीं आपके पति का मूड भी निर्भर करता है, न यकीन हो तो हमारी सलाह अपना कर देखिए।

वजन बढ़ने पर आप अकसर पैर फैलाकर नब्बे डिग्री का कोण बनाकर सोती है। आपको तो निःसंदेह आराम मिलता होगा लेकिन देखने वालों को आपकी यह मुद्रा बहुत बेआरामी में डाल सकती है। सिर्फ बैठते-चलते समय ही नहीं बल्कि सोते समय भी पोस्चर पर ध्यान दें।

यूं तो खर्राटों पर किसी का भी वश नहीं है किंतु कोशिश कर के करवट बदल कर कुछ हद तक इन पर काबू पाया जा सकता है।

**अपनाएं अरोमाथेरेपी को**


शरीर की स्वच्छता के साथ-साथ उसे सुगंधित रखने की अपनी पुरानी आदत को बनाए रखें। अरोमाथेरेपी का दांपत्य जीवन में चामत्कारिक असर होता है। न हो तो अपना कर देखें।

यह ध्यान रखें कि अपनी कुछ आदतों में बदलाव लाकर, अपनी खूबियों को बरकरार रख कर आप अपने वास्तविक आभूषणों को धारण कर सकती है। ये गहने ऐसे होते है जिनके न खोने का डर रहता है न ही फीके पड़ने का। पहनने वाले आभूषण रहे या न रहे लेकिन इन वास्तविक आभूषणों के न रहने पर आप वास्तव में आभूषणविहीन हो जाएंगी।

# 11 टिप्स जिससे घर का हर कोना रहे रोशन

घर में प्राकृतिक रोशनी, ताजी हवा और धूप का सही ढंग से आना बहुत जरूरी है। यह तभी संभव है, जब मकान बनवाते समय सही ढंग से प्लानिंग की जाए। आपकी इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए इंटीरियर डिजाइनर एस. शर्मा दे रहे हैं कुछ खास सुझाव

1. मकान में अच्छी रोशनी हो, इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि प्लॉट खरीदते समय आप इस बात का ध्यान रखें वह कम से कम तीन तरफ से खुला हो।
2. हर कमरे में बड़ी खिड़किया और इनके ऊपर ओवर हेड वेंटिलेटर होना चाहिए, जिनके ऊपर ग्लास लगा हो। इससे घर में प्राकृतिक रूप से रोशनी आती रहेगी।
3. डाइनिंग स्पेस, लिविंग एरिया या लॉबी के पिछले हिस्से में स्लाइडिंग ग्लेज डोर लगवाना भी बेहतर विकल्प है। इसे बंद करने के बाद भी घर के भीतर हल्की रोशनी आती रहती है।
4. किचन में भी ऐसी बड़ी खिड़की होनी चाहिए, जिसमें शीशे के अलावा जाली के दरवाजे की भी व्यवस्था हो।
5. बेडरूम के लिए वे विंडो सबसे अच्छी रहती है, इसमें खिड़की के ऊपर छज्जा होता है और खिड़कियां बाहर की ओर खुलती हैं। इससे कमरे में बारिश का पानी नहीं आता और खिड़की से पर्याप्त हवा और रोशनी आती है।
6. बाथरूम में भी दो से सवा दो फुट की टिंटेड ग्लास वाली खिड़की एग्जॉस्ट फैन के साथ होनी चाहिए।
7. बेसमेंट में प्राकृतिक रोशनी पहुंचाने की सही तरीका यह है कि भूतल से चार फुट ऊपर जाकर वहीं वेंटीलेटर की व्यवस्था की जाए। इससे पूरे बेसमेंट एरिया में रोशनी के साथ सांस लेने के लिए पर्याप्त हवा भी मिलती है।
8. बेसमेंट एरिया में सन पाइप के जरिए भी प्राकृतिक रोशनी पहुंचाने की व्यवस्था की जाती है। इसमें रिफ्लेक्टिव पाइप द्वारा छत से कमरे तक प्राकृतिक रोशनी पहुंचाई जाती है, लेकिन काफी महंगी होने के कारण भारत में इस तकनीक का ज्यादा इस्तेमाल नहीं होता।
9. घर के पैसेज एरिया में ट्रांसपेरेंट एस्बेस्टस शीट लगवा कर ग्लेज रूफ की व्यवस्था भी करवा सकती हैं, इससे आपके घर का यह हिस्सा खुला और हवादार दिखाई देगा।
10. अगर आपके घर में कोई ऐसा कमरा है, जिसकी दीवार की तरफ खिड़की बनाने की जगह नहीं है तो इसकी बीच की दीवार को हटाकर वहीं आप वुडन फ्रेम से बना ब्लॉक ग्लास वाला पार्टीशन वॉल लगवा दें। इससे आपके कमरे में पर्याप्त रोशनी पहुंच जाएगी।
11. रोशनी सभी को अच्छी लगती है, लेकिन मई-जून की तपती दुपहरी में यही रोशनी आंखों को चुभने लगती है। इससे बचने के लिए आप खिड़कियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगवाएं। इसके अलावा आप लाइनिंग वाली कर्टन्स या मोटी ब्लाइंड्स की व्यवस्था कर सकती हैं।



## किश्तवाड़ में निवासियों के साथ दोस्ताना वॉलीबॉल मैच आयोजित

**किश्तवाड़।** स्थानीय निवासी युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने और युवा दिमागों को रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयासों को जारी रखते हुए दुल में भारतीय सेना ने सोंदर, किश्तवाड़ में निवासी युवाओं के लिए एक दोस्ताना वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया। वॉलीबॉल मैच देखने वाले लोगों ने भारतीय सेना की इस पहल की सराहना की और आभार व्यक्त किया कि भारतीय सेना की ऐसी पहल युवाओं में खेल भावना विकसित करने में सहायता करेगी और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों में शामिल करके राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल करेगी जिससे सौहार्दपूर्ण संबंध विकसित होंगे। मैच में कुल 45 युवा शामिल हुए।

## रेल अधिकारी और प्रसिद्ध सर्जन डॉ. बीएन तिवारी को तीसरी बार मिला आयरनमैन खिताब

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल नई दिल्ली के प्रसिद्ध अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/जीआई और एचपीबी ऑको सर्जन डॉ. बिश्वनाथ तिवारी को आयरनमैन खिताब मिला है। तीसरी बार यह खिताब हासिल कर उन्होंने एक रिकार्ड कायम कर दिया है। यह जानकारी उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी। मुख्य जनसंपर्क ने बताया कि डॉ. बीएन तिवारी ने पहले भी दो बार आयरनमैन चैंपियनशिप पूरी की है और अब तीसरी बार आयरनमैन चैंपियनशिप पूरी करके उन्होंने एक और शानदार उपलब्धि हासिल की है। डॉ. तिवारी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने उन्हें पहले भारतीय रेल अधिकारी और भारत के ऐसे पहले सर्जन हैं, जिन्होंने तीन बार आयरनमैन खिताब हासिल किया है। आयरनमैन चैंपियनशिप में 3.8 किलोमीटर समुद्र में तैराकी, 180 किलोमीटर साइकिलिंग और 42 किलोमीटर की दौड़ शामिल होती हैं। डॉ. तिवारी ने अपने पिछले व्यक्तिगत रिकॉर्ड में सुधार करते हुए इस स्पर्धा को मात्र 12 घंटे और 58 मिनट में पूरा किया। उन्होंने यह कारनामा डेनमार्क में आयोजित पहली आयरनमैन चैंपियनशिप में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड से 7 मिनट कम समय में पूरा किया। अपनी उपलब्धि पर डॉ. बीएन तिवारी ने बताया कि इस चैंपियनशिप में समुद्र की लहरों और ठंडे पानी के विपरीत तैरना और हवा की गति के विपरीत साइकिल चलाना बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन उन्होंने दृढ़ता से इस चैपियनशिप को पूरा किया। उन्होंने अपनी आयरनमैन उपलब्धि भारतीय रेल और भारत के लोगों को समर्पित की है।

## आयरलैंड पर भारत की जीत के बाद मैदान पर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मोहम्मद सिराज को 'फील्डर ऑफ द मैच' का पदक मिला

**न्यूयॉर्क।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को 'फील्डर ऑफ द मैच' का पदक मिला, जब मेन इन ब्लू ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम Nassau County International Cricket Stadium में आईसीसी टी20 विश्व कप T20 World Cup अभियान की शुरुआत करते हुए आयरलैंड को आठ विकेट से हराया। हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह ने आयरलैंड के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, जिसके कारण सिराज को अपने पूरे चार ओवर गेंदबाजी करने की जरूरत नहीं पड़ी। हार्दिक ने तीन विकेट लिए, जबकि बुमराह ने अपने तीन ओवर के प्रदर्शन के दौरान दो विकेट लिए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने गुरुवार को एक वीडियो में विजेता की घोषणा करने के लिए ङ्ग का सहारा लिया। वीडियो में, युवा भारतीय प्रशंसक मेन इन ब्लू खिलाड़ियों से मिलते हुए दिखाई दे रहे थे और उन्होंने सिराज को 'फील्डर ऑफ द मैच' का पदक प्रदान किया, जिसे सिराज ने बहुत ही प्यारे अंदाज में समर्थक के साथ गर्मजोशी से गले लगाकर स्वीकार किया।

## पाकिस्तानी तेज गेंदबाज आमिर ने खराब फॉर्म से जूझ रही जोड़ी को फिर से फॉर्म में लाने का किया समर्थन

**डलास।** पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अपने हमवतन शादाब खान और आजम खान का समर्थन किया है, जो खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। पाकिस्तान Pakistan चल रहे ICC पुरुष टी20 विश्व कप 2024 T20 World Cup 2024में डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सह-मेजबान यूएसए के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार है। ग्रीन में मेन इन टीम सही संतुलन और संयोजन खोजने के लिए संघर्ष कर रही है। टूर्नामेंट के पहले मैच से पहले कुछ खिलाड़ी अपनी शानदार फॉर्म हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। शादाब और आजम पाकिस्तान के दो प्रमुख मध्यक्रम के खिलाड़ी हैं, जो फॉर्म हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गुरुवार को अपने शुरुआती मुकाबले से पहले, आमिर ने खराब फॉर्म में चल रही जोड़ी का समर्थन किया और उनका मानना ??है कि वे अपनी फॉर्म हासिल करने से सिर्फ एक गेम दूर हैं। आमिर ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ÷मैं हमेशा कहता हूं कि जिस खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया है और खुद को साबित किया है, उसे अपनी क्षमता पर कभी संदेह नहीं होता। हां, क्रिकेट में एक बुरा दौर आता है। और ऐसा हर क्रिकेटर के साथ होता है। अगर आप अतीत को देखें, तो सभी दिग्गज भी कभी-कभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते। इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान की हाल ही में समाप्त हुई सीरीज के दौरान, आजम ने दो मैचों में 5.50 की औसत से सिर्फ 11 रन बनाए।

# भारत ने आयरलैंड को आठ विकेट से हराया

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी के कप्तान रोहित शर्मा की (52) रनों की अर्धशतकीय तथा ऋषभ पंत के नाबाद (36) की पारियों के दम पर भारत ने टी-20 विश्वकप के आठवें मुकाबले में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया है।

रोहित शर्मा और विराट कोहली की सलामी जोड़ी ने 97 रनों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तेज शुरुआत की, इसी दौरान तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर विराट कोहली (1) मार्क ऐडेयर ने आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने अच्छी साझेदारी करते हुए टीम के स्कोर 76 रन तक पहुंचा था कि 10वें ओवर में रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गये। रोहित ने 37 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुये 52 रनों की पारी खोली। सूर्यकुमार यादव दो रन बनाकर आउट हुये। ऋषभ पंत ने



26 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुये नाबाद 36 रन बनाये। भारत ने 12.2 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। आयरलैंड की ओर से मार्क ऐडेयर और बेन व्हाइट ने एक-एक विकेट लिये।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने आयरलैंड की पूरी टीम को 96 के स्कोर समेट दिया था।

आज यहां नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे ग्रुप ए के मुकाबले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर की पहली गेंदबाज पर अर्शदीप सिंह ने आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग (2) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

इसी ओवर में अर्शदीप ने एंडी बैलबर्नी (5) को बोल्ड कर अपने खाते में एक और विकेट का इजाफा कर लिया। सातवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने लोर्कान टकर (10) को बोल्ड कर दिया। हैरी टेक्टर (4) जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। कर्टिस कैमफर (12), जॉर्ज डॉकरेल (3), मार्क ऐडेयर (3), जॉश लिटिल (14) और गैरेथ डेलेनी 14 गेंद पर (26) रन बनाकर रनआउट हुये। आयरलैंड की पूरी टीम 16 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट मिले। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किए 600 छक्के

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 600 छक्के पूरे कर लिए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि आईसीसी टी 20 विश्व कप 2024 में आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान हासिल की।

रोहित ने 140.54 की स्ट्राइक रेट से 37 गेंदों पर 52 रन बनाए। उन्होंने न्यूयॉर्क में 4 चौके और 3 छक्के लगाए, इन तीन छक्कों के साथ ही रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 छक्के पूरे कर लिए। हालांकि, चोट लगने के कारण उनकी पारी छोटी रह गई और 10वें ओवर के बाद उन्हें क्रीज छोड़नी पड़ी। इस मैच के दौरान, सलामी बल्लेबाज विराट कोहली के बाद तीनों प्रारूपों में 4000 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बने।

37 वर्षीय ने टी 20 विश्व कप 2024 में आयरलैंड के खिलाफ अपनी शानदार पारी के बाद टी 20 आई में 4000 रन भी पूरे किए। वर्तमान में, टी 20 आई में, उनके नाम 144 मैचों में 32.20 की औसत और 139.98 की स्ट्राइक रेट से 4026 रन हैं। उन्होंने 20 ओवर के प्रारूप में पांच शतक और 30 अर्द्धशतक भी लगाए। रोहित के नाम टेस्ट में 4137 रन, वनडे में 10, 709 रन और टी 20 आई में 4001 रन हैं। दूसरी ओर, कोहली के नाम टेस्ट में 8848 रन, वनडे में 13, 848 रन और टी 20 आई में 4038 रन हैं।

इस मैच में रोहित ने टी20 विश्व कप में 1000 रन भी पूरे किए। फिलहाल, टी20 विश्व कप में रोहित ने 40 मैचों और 37 पारियों में 36.25 की औसत और 128.48 की स्ट्राइक रेट से 1015 रन बनाए हैं। वह इस बड़े इवेंट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं।

## युगांडा ने पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराया

**एजेंसी**

**प्रॉविडेंस।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद रियाजत अली शाह (33) रनों की धैर्यपूर्ण पारी के दम पर युगांडा ने टी-20 विश्वकप के नौवें मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की है। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में युगांडा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। युगांडा के गेंदबाजों ने कप्तान ब्रायन मसाबा के फैसले को सही साबित करते हुए पापुआ न्यू गिनी के किसी भी बल्लेबाज को टिकने नहीं दिया। पापुआ न्यू गिनी के बल्लेबाज एक के बाद एक लगातार अंतराल पर पवेलियन लौट गये। कप्तान असद वाला (एक), टोनी ऊरा (शून्य), सेसे बाऊ (5), लेगा सियाका (12), हिरी हिरी (15), चार्ल्स अमिनी (5), किप्लिन डोरिगा (12), चैड सोपर (4), नॉर्मन वानुआ (5) आलेई नाओ (5) रन बनाकर आउट हुये। पापुआ न्यू गिनी की पूरी टीम 19.1 ओवर में 77 के न्यूनतम स्कोर पर ढेर हो गई।

युगांडा की ओर से अल्पेश रामजनी, कॉसमास क्येवूता, जुमा मियाजी और फ्रैंक नसूबूगा ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। ब्रायन मसाबा को एक विकेट मिला। धीमी पिच पर 78 रनों के




छोटे लक्ष्य युगांडा के लिए आसान नहीं था। युगांडा की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पावरप्ले में ही अपने चार विकेट गंवा दिये थे। छठे ओवर अल्पेश रामजनी (8) रन बनाकर और उसके बाद दिनेश नकरानी (शून्य) पर पवेलियन लौट गये। रियाजत अली ने पारी को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने जुमा मियागी के साथ मिलकर 35 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। जुमा मियागी उस समय रनआउट हुए तब टीम का स्कोर 13.5 ओवर में 6 विकेट पर 61 रन था और टीम को जीत के लिए 17 रनों की दरकार थी। युगांडा को जीत के लिए तीन रनों की आवश्यकता थी इस दौरान रियाजत अली को नॉर्मन वानुआ की गेंद पर जॉन कारिको ने थर्ड मैन के पास लपक लिया। रियाजत अली ने 33 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। केनेथ वैसवा (7) रन बनाकर नाबाद रहे। युगांडा ने 18.2 ओवर में सात विकेट पर 78 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। पापुआ न्यू गिनी की ओर से आलेई नाओ और नॉर्मन वानुआ ने दो-दो विकेट लिये। चैड सोपर और असद वाला ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## फ्रेंच ओपन: अलेक्जेंडर ज्वेरेव लगातार चौथे साल सेमीफाइनल में

**एजेंसी**

**पेरिस।** विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 11वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर पर 6-4, 7-6(5), 6-4 से जीत के बाद लगातार चौथे साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पहले सेट में ब्रेक एडवांटेज गंवाने के बाद ज्वेरेव ने वापसी की और पहला सेट जीत लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच पर नियंत्रण कर लिया। इसके बाद ज्वेरेव ने तीसरे सेट में फ्रंट-फुट टेनिस खेला, 5-3 पर मैच में सर्विस गंवाने के बाद वापसी की और अगले गेम में डी मिनौर की सर्विस तोड़कर दो घंटे और 59 मिनट के बाद जीत हासिल की।

एटीपी के हवाले से ज्वेरेव ने कहा, मेरी सोच है कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के लिए आपको बाकी सभी से ज़्यादा मेहनत करनी होगी और मुझे लगता है कि सभी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ऐसा ही कर रहे हैं।

एटीपी रैंकिंग में चौथे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव ने अपने पिछले 11 मैच जीते हैं, जिसमें पिछले महीने रोम में उनका छठा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब भी शामिल है। ज्वेरेव शुक्रवार को सेमीफाइनल में कैस्पर रूड का सामना करेंगे, जहाँ वे अपनी 33-8 का रिकॉर्ड है, जहाँ वह लगातार अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। हालाँकि, 27 वर्षीय ज्वेरेव कभी भी इस इवेंट में खिताबी मुकाबले



जीत की लय को 12 मैचों तक बढ़ाना चाहेंगे। रूड को अपने क्वार्टर-फ़ाइनल मैच के लिए नोवाक जोकोविच से वॉकओवर मिला। ज्वेरेव ने कहा, मेरे लिए, मैं अपनी सीमा तक काम करना पसंद करता हूँ और अगर मैं ऐसा करता हूँ, तो पाँच सेट खेलना इतना मुश्किल नहीं है। मैं पिछले कई सालों से ऐसा कर रहा हूँ और मुझे खुशी है कि इसका फ़ायदा मिल रहा है। मैं एक और सेमीफाइनल में पहुँचकर खुश हूँ। ज्वेरेव का रोलांड गैरोस में तक नहीं पहुँच पाए और 2022 में पेरिस में उन्हें एक भयावह झटका लगा, जब राफेल नडाल के खिलाफ़ अपने सेमीफाइनल में उन्हें टखने में लंबे समय तक चोट लगी। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ने इस सप्ताह की शुरुआत में टैलोन ग्रीक्सपूर और होल्गर रून को पाँच सेटों में हराया। उन्होंने पहले दौर में 14 बार के रिकॉर्ड धारक राफेल नडाल और दूसरे दौर में पूर्व विश्व नंबर 7 डेविड गोफ़िन को भी हराया।

## इंग्लैंड दौरे के लिए लॉरेन डाउन की न्यूजीलैंड टीम में वापसी

**एजेंसी**

**वेलिंगटन।** पहली बार मां बनने के कारण क्रिकेट से ब्रेक लेने के बाद लॉरेन डाउन की न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम में वापसी हो गई है। फरवरी 2023 में टी20 विश्व कप में आखिरी बार खेलने वाली डाउन को न्यूजीलैंड के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है। मिकाएला ग्रेग को वनडे और टी20 दोनों मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है, जबकि तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड ए के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, दोनों प्रारूपों में शामिल हैं।

इस बीच, तेज गेंदबाज रोजमेरी मैयर पीठ की समस्या के कारण सीरीज से बाहर हो गई हैं, जिसके कारण उन्हें अप्रैल में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर होना पड़ा था। हेले जेन्सन को भी चयन के लिए नहीं चुना गया क्योंकि वह पिंडली की चोट के लिए पुनर्वास से गुजर रही हैं। ली ताहुहु, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए न्यूजीलैंड में होंगी, टी20आई श्रृंखला के लिए टीम में शामिल होंगी। हेड कोच बेन सॉयर ने एक आधिकारिक बयीन में कहा, हम लॉरेन को व्हाइट फर्न्स में वापस पाकर बहुत खुश हैं। वह पिछले चार महीनों से खुद को ऐसी स्थिति में लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, जहाँ वह खेलने के लिए आत्मविश्वास महसूस करती है, और यह दौरा उसे वापस लाने का सही समय लगता है। हर सीरीज़ हमारी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग इलेवन को परखने का एक अवसर है, और टी20 और वन डे विश्व कप के साथ यह देखना अच्छा होगा कि लॉरेन और मिकेला कहाँ फिट बैठती हैं। सॉयर ने कहा, खिलाड़ियों ने पिछले छह सप्ताह अविश्वसनीय रूप से कठिन प्रशिक्षण में बिताए हैं और हम तैयारी के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जब हमने घर पर इंग्लैंड का सामना किया तो हमें वह परिणाम नहीं मिले जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे, लेकिन हमने कई खिलाड़ियों से साहसी प्रदर्शन देखा, जो वास्तव में आशाजनक था। जब भी आप इंग्लैंड जैसी विश्व स्तरीय टीम के साथ उनके ही घर में खेलते हैं तो यह एक चुनौती होती है। लेकिन जो मेहनत की गई है, उसके साथ हम सफल होने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में ले आए हैं। यह सीरीज जून के आखिर में वनडे चरण के साथ शुरू होगी।

## भारत के प्रमुख ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंडिया सीमेंट्स समूह में फिर से शामिल हुए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली एक महत्वपूर्ण पुनर्मिलन में, भारत के प्रमुख Off-spinner Ravichandran Ashwin India Cements ग्रुप में फिर से शामिल हुए जिससे आईपीएल 2025 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स में उनकी वापसी का रास्ता लगभग साफ हो गया है। Ashwin is currently a part of Rajasthan Royals, लेकिन सीएसके में उनकी वापसी प्रशासनिक स्तर पर हुई है, लेकिन इस कदम से अगले आईपीएल में पीली जर्सी पहनने के लिए संभावित वापसी की अटकलें शुरू हो गई हैं। सौदे के हिस्से के रूप में, 37 वर्षीय अश्विन चेन्नई सुपर किंग्स हाई परफॉरमेंस सेंटर की कमान संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो चेन्नई के बाहरी इलाके नवलूर में बन रहा है, और उम्मीद है कि आईपीएल 2025 सीज़न की शुरुआत से पहले इसके पूरी तरह चालू हो जाने की उम्मीद है। इंडिया सीमेंट्स में वापसी पर अश्विन ने कहा, खेल को आगे बढ़ाना और क्रिकेट जगत में योगदान देना मेरा प्राथमिक ध्यान है।

# एंड्रीवा ने किया उलटफेर, सबालेंका को हराया

**एजेंसी**

**पेरिस।** रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा ने दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इसी के साथ वह 1997 के बाद से सबसे कम उम्र की ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट बन गई हैं। हालांकि मैच के दौरान सबालेंका अस्वस्थ थीं, बावजूद इसके उन्होंने मैच में कड़ी चुनौती पेश की। 17 वर्षीय एंड्रीवा ने सबालेंका के खिलाफ एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दो घंटे 29 मिनट तक चले मुकाबले में 6-7 (5/7), 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की और अंतिम चार में जगह बनाई जहां उनका सामना इटली की जैस्मीन पाओलिनी से होगा।

17 वर्ष और 29 दिन की एंड्रीवा, 27 वर्ष पहले यूएस ओपन में मार्टिना हिंगिस के बाद किसी प्रमुख प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला हैं। इसके अलावा वह 1997 में हिंगिस के बाद रोलांड गैरोस में



पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला भी हैं। मैच जीतने के बाद अपने ऑनकोर्ट साक्षात्कार में एंड्रीवा ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं मैच से पहले बहुत घबराई हुई थी, मुझे पता था कि सबालेंका को फायदा होगा। इससे पहले एंड्रीवा दो बार सबालेंका से भिड़ी थीं और दोनों ही बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। एंड्रीवा ने कहा,मैं खेल देखती हूँ, जब भी चाहती हूँ खेलती हूँ, मेरे पास वास्तव में कोई योजना नहीं है। जब मैं कोर्ट पर कोई खाली जगह देखती हूँ तो मैं खेलने की कोशिश करती हूँ, मैं और मेरे कोच के पास हालांकि इस मैच को लेकर एक योजना थी, लेकिन फिर से मुझे कुछ याद नहीं आया। मैं बस वैसा ही खेलने की कोशिश करती हूँ जैसा मैं महसूस करती हूँ।

मैच में सबालेंका ने कई बार मेडिकल टाइम-आउट के लिए कहा क्योंकि उन्होंने अच्छा महसूस नहीं करने की शिकायत की थी, और अपने पहले स्लैम क्वार्टर फ़ाइनल में खेल रही एंड्रीवा ने अंततः संयमित प्रदर्शन करके इसका फ़ायदा उठाया।

दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सबालेंका ने पहले चार राउंड में अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन उन्हें स्पष्ट रूप से कठिनाई हो रही थी, क्योंकि मैच के दौरान उनकी सांस फूल रही थी। वर्तमान में 38वें स्थान पर काबिज एंड्रीवा ने अंतिम आठ में जगह बनाकर पहले ही दुनिया की शीर्ष 30 में जगह बना ली थी, लेकिन अब वह और आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

# फ्रेंच ओपन 2024: बोपन्ना–एबडेन की जोड़ी पुरुष युगल के सेमीफाइनल में

**एजेंसी**

**पेरिस।** रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन 2024 के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कोर्ट सुज़ैन लेंग्लेन में बोपन्ना-एबडेन ने सैंडर गिल और जोरन व्लिगेन की बेल्जियम की जोड़ी के खिलाफ 7-6(3), 5-7, 6-1 से जीत दर्ज की।

बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट 7-6 से जीता लेकिन इसके बाद गिल और जोरन ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 7-5 से जीत लिया और मैच को तीसरे सेट में ले गए। हालांकि, तीसरे सेट में बोपन्ना-एबडेन ने अपना जादू चलाया और जल्दी ही ब्रेक-अप कर दिया तथा तीसरा सेट 6-1 से जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सेमीफाइनल में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी का सामना 11वीं वरीयता प्राप्त इतालवी जोड़ी सिमोन



बोलेली और एंड्रिया वावसोरी से होगा। बोपन्ना-एबडेन ने इससे पहले इस वर्ष के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में भी बोलेली और एंड्रिया का सामना किया था। ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल मुकाबले में रोहन-एबडेन की जोड़ी ने बोलेली और वावसोरी को 7-6 (0), 7-5 से हराकर खिताब अपने नाम किया था।

## पाकिस्तान के आज़म खान ने ऑनलाइन गालियों से खुद को प्रेरित किया

नई दिल्ली Form, potato, fat, recommendation, nepotism, rhinoceros, baby elephant...ये कुछ ऐसे शब्द हैं जो पाकिस्तान के आज़म खान का उनके कमरे में स्वागत करने वाले पोस्टर पर लिखे हैं। ये शब्द अपमानजनक लग सकते हैं, लेकिन पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर मोइन खान के 25 वर्षीय बेटे के लिए ये शब्द उन्हें कड़ी मेहनत करने और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। आज़म के भारी-भरकम शरीर का सोशल मीडिया पर मज़ाक उड़ाया जा रहा है, और इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ मार्क वुड की बाउंसर पर आउट होने और फिर स्टंप के पीछे सिटर छोड़ने के बाद विल जैक्स को जीवनदान देने के बाद ये मज़ाक और भी तेज़ हो गए। इन दोनों घटनाओं की क्लिपिंग वायरल हो गई है, जिससे क्रिकेट पंडित पाकिस्तान की टी20 विश्व कप टीम में उनके स्थान को लेकर विभाजित राय रख रहे हैं। हालाँकि आज़म को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाना कोई नई बात नहीं है, लेकिन वास्तव में, वह अपनी प्रेरणा को बढ़ाने के लिए गाली-गलौज का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं।

# इंग्लैंड की यूरो 2024 टीम से बाहर हुए जेम्स मैडिसन

**लंदन।** जेम्स मैडिसन को जर्मनी में होने वाले आगामी यूरो 2024 के लिए इंग्लैंड की टीम से बाहर कर दिया गया है। हेड कोच गैरेथ साउथगेट अपनी 33 खिलाड़ियों वाली प्रोविजनल टीम को घटाकर 26 करेंगे। इन 26 खिलाड़ियों के चयन के लिए इंग्लैंड के पास शुक्रवार तक का समय है। स्काई स्पोर्ट्स के अनुसार 27 वर्षीय मैडिसन टीम से बाहर किए जाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कतर में होने वाले 2022 विश्व कप में वह इंग्लैंड की 26 खिलाड़ियों वाली टीम का हिस्सा थे।

हालांकि, मैडिसन ने टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल चरण तक इंग्लैंड के सफर के दौरान एक भी मैच नहीं खेला। वह पिछले महीने के अंत में घोषित की गई 33 खिलाड़ियों की प्रारंभिक अनंतिम टीम का हिस्सा थे। मैडिसन इंग्लैंड की टीम में जगह बनाने से चूकने वाले एकमात्र स्टार खिलाड़ी नहीं हैं। कुशल फॉरवर्ड मार्कस रैशफोर्ड और साउथगेट के भरोसेमंद मिडफील्डर जॉर्डन हेंडरसन भी इंग्लैंड की



टीम में जगह नहीं बना पाए। रैशफोर्ड साउथगेट के नेतृत्व में इंग्लैंड के एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें 2018 और 2022 में दो पिछले विश्व कप टीमों में नामित किया गया है। वह 2021 में इंग्लैंड की आखिरी यूरो टीम का भी हिस्सा थे।

हालाँकि, हाल ही में समाप्त हुए प्रीमियर लीग सीज़न में, 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सिर्फ़ सात गोल किए। रैशफोर्ड के साथ, हेंडरसन ने भी उपरोक्त तीन टूर्नामेंटों में भाग लिया। हालाँकि, उनका एक ऐसा सीज़न था जिसमें लिवरपूल से सऊदी प्रो लीग की टीम अल एत्तिफ़ाक में जाने के बाद उनकी काफ़ी आलोचना हुई थी।

यूरो 2024 के लिए इंग्लैंड की 32 खिलाड़ियों वाली अनंतिम टीमः

गोलकीपरः जॉर्डन पिकफोर्ड, डीन हेंडरसन, आरोन रामस्डेल, जेम्स ट्रैफर्ड।

डिफेंडरः जेरार्ड ब्रैथवेट, लुईस डंक, जो गोमेज़, मार्क गुएही, एज़री कोंसा, हैरी मैगुएर, जेरेल क्वांसाह, ल्यूक शॉ, जॉन स्टोन्स, कीरन ट्रिप्पियर, काइल वॉकर।



# दिशा पाटनी

## ने एक्स ब्वॉयफ्रेंड टाइगर की मां को दी जन्मदिन की बधाई, Ayesha Shroff पर यूं लुटाया प्यार

जैकी श्रॉफ की वाइफ और टाइगर श्रॉफ की मां आयशा श्रॉफ आज अपना 64वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर पूरे टाइग फैमिली ने उन्हें विश किया है। वैसे न सिर्फ टाइगर फैमिली ने बल्कि एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपने फेवरेट पर्सन को जन्मदिन की बधाई दी है।

वैसे बता दें, इस फैमिली में आज डबल सेलिब्रेशन होने वाला है। एक तरफ आयशा श्रॉफ अपना जन्मदिन मना रही हैं। तो वहीं, दूसरी तरफ उनकी और अभिनेता जैकी श्रॉफ की आज वेडिंग एनिवर्सरी भी है। इस कपल को एक साथ 47 साल हो चुके हैं।

**दिशा पाटनी का पोस्ट**

भले ही दिशा और टाइगर के अपने रास्ते अलग कर लिए हो, लेकिन एक्ट्रेस की दोस्ती उनके परिवार वालों के साथ आज भी वैसी ही हैं, जैसी पहले थी। आयशा श्रॉफ के जन्मदिन पर दिशा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर आयशा की एक प्यारी सी तस्वीर पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, हैप्पी बर्थडे मेरी खूबसूरत आंटी, लव यू।



**जैकी श्रॉफ ने भी किया विश**

इसके अलावा अभिनेता जैकी श्रॉफ ने पत्नी के साथ पुरानी तस्वीर शेयर की है, जिसमें दोनों एक दूजे को हग करते नजर आ रहे हैं और उन्होंने बैकग्राउंड में हैप्पी बर्थडे गाना लगाया हुआ है।

**सलमान के साथ काम कर चुकी हैं आयशा श्रॉफ**

बता दें, आयशा श्रॉफ अपने जमाने की मॉडल रह चुकी हैं। उन्होंने सलमान खान के साथ एक ड्रिंक एड में भी काम किया था। उन्होंने बॉलीवुड फिल्म तेरी बांहों में काम किया था। हालांकि जैकी से शादी के बाद उन्होंने एक्टिंग का अलविदा कह दिया। अब वह फिल्मों को प्रोड्यूस करती हैं।

**आयशा और जैकी के 47 साल**

बता दें, जैकी श्रॉफ ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी पत्नी को सालगिरह की भी बधाई देते नजर आ रहे हैं और कैप्शन में लिखा है, हमें शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं!!! 47 साल!!! दोस्ती और दुनिया के सबसे अच्छे दो बच्चों के लिए।

## 'कोई आलिया भट्ट बनने के लिएः', जयदीप अहलावत ने किया स्टारकिड्स का बचाव



गैंग ऑफ वासेपुर', 'पाताल लोक' जैसी सीरीज से दर्शकों का दिल जीतने वाले जयदीप अहलावत उनके टैलेंट के लिए जाने जाते हैं. हाल ही में करीना कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले जयदीप ने इंडस्ट्री में अपने टैलेंट के दम पर सफलता का ये मुकाम हासिल किया है. मिस मालिनी को दिए इंटरव्यू में जयदीप ने नेपोटिज्म के मुद्दे पर बात की. उन्होंने कहा,मैंने कभी ये नहीं सोचा कि रणबीर कपूर मेरा रोल ले जाएगा, या फिर वरुण धवन मेरा रोल छीन लेगा और रणबीर कपूर तो रणबीर कपूर है. किसी को लगता है कि वो स्टार किड है, इसलिए यहां है, तो इस भ्रम में मत रहना. वो बाहर से भी आता तब भी वो स्टार बनता.आगे जयदीप अहलावत बोले कि ड्ड मैं मजाक नहीं कर रहा हूं. मैं ये सच में मानता हूं. रणबीर कपूर हो वरुण धवन हो या फिर और किसी का भी आप नाम लीजिए, वो किसी के बेटे हैं, जिन्होंने पिछले 20 -25 साल से इस फील्ड में मेहनत की है. मैं उनके जितना स्ट्रगल किए बिना अपना काम करू? मैं तो रणबीर कपूर बनने वैसे भी यहां नहीं आया था. कोई लड़की अगर यहां आलिया भट्ट बनने के लिए आ रही है, तो वो गलत बात है. मैं दूसरा रणबीर कपूर नहीं हूं, मैं पहला जयदीप अहलावत हूं, और ये बात हर किसी को समझनी जरूरी है. नहीं तो इरफान साहब नहीं बनते, मनोज बाजपेयी नहीं बनते.

**गलत नहीं है नेपोटिज्म**

नेपोटिज्म के मुद्दे पर अपनी राय रखते हुए जयदीप अहलावत ने आगे कहा कि इस बात को सच मान लो कि सामने वाला उस परिवार का हिस्सा है, जिन्हें सिनेमा की पहली फैमिली माना जाता है. जब हम कंचे खेल रहे होंगे, तब वो फिल्मों के बारे में बात करते थे. अगर 10 साल बाद मेरे परिवार का कोई सदस्य अगर इस इंडस्ट्री में आना चाहेगा तो क्या उसे भी नेपोटिज्म कहेंगे? हमें अपना मुकाम यहां खुद हासिल करना पड़ता है. हमारी असफलता के लिए हम दूसरों को दोष नहीं दे सकते.

## दलजीत कौर के खिलाफ लीगल एक्शन लेंगे उनके दूसरे पति, कहा- सामान लेकर जाएं वरना...



दलजीत कौर इन दिनों उनके पति निखिल पटेल के साथ चल रहे उनके झगड़ों के कारण सुर्खियों में बनी हुई हैं. दरअसल केन्या से भारत आईं दलजीत ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर अपने दूसरे पति पर कई इल्जाम लगाए थे. उन्होंने एक पोस्ट में निखिल को टैग करते हुए ये तक कह डाला था कि उनका किसी औरत के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर है. दलजीत ने कहा था कि निखिल मुझे अपनी पत्नी ही नहीं मानते, वो कहते है कि उन्होंने कभी मुझ से शादी ही नहीं की थी.

इस दौरान दलजीत ये भी बोली थीं कि उनके बेटे की किताबें, उनके खुद के कपड़े, पेंटिंग सब कुछ उनके दूसरे पति के घर केन्या में ही है. इस पूरे मामले में अब अपना पक्ष सब के सामने रखते हुए निखिल पटेल ने उनपर गलत आरोप लगाने के लिए दलजीत के खिलाफ एक नोटिस जारी किया है.दलजीत को भेजे गए नोटिस में निखिल ने लिखा है कि दलजीत ने उनपर लगाए हुए आरोप पूरी तरह से गलत हैं. और इस तरह से झूठे इल्जाम लगाने के लिए वो दलजीत पर कानूनी कार्रवाई भी कर सकते हैं. आगे से वो दलजीत की तरफ से होने वाले किसी भी उत्पीड़न (हरासमेंट) को बर्दाश्त नहीं करेंगे. और उन्हें उम्मीद है कि इस नोटिस के बाद दलजीत ये तमाशा यही खत्म दें. और अपनी जिंदगी में आगे बढ़ जाए.

**अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं निखिल**

दरअसल दलजीत ने लगाए हुए आरोपों के बाद भी निखिल की तरफ से भी एक स्टेटमेंट जारी किया गया था. इस स्टेटमेंट में निखिल ने कहा था कि उन्होंने दलजीत के पेरेंट्स का सम्मान करते हुए इंडियन रीति रिवाजों के साथ उनसे मुंबई में शादी की थी. लेकिन उनकी शादी केन्या या कही पर भी रजिस्टर नहीं है, जिसके चलते कानूनी तौर पर वे दोनों पति-पत्नी नहीं है.

साथ ही निखिल पटेल की तरफ से ये भी कहा गया था कि दलजीत के साथ उनका रिश्ता उस समय ही खत्म हुआ था, जब वो अपना सामान पैक करके केन्या से मुंबई आई थीं. और अब वो अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए हैं. रही बात दलजीत के बचे हुए सामान की तो उन्होंने फिलहाल वो सामान अपने स्टोर रूम में संभालकर रखा है, दलजीत जून तक वो सब आकर ले जा सकती हैं. वरना वो उसे किसी चैरिटी में दे देंगे.

## पहली बार एक ही फिल्म के हीरो-हीरोइन साथ जीते चुनाव, 13 साल बाद संसद में होगी कंगना रनौत-चिराग पासवान की मुलाकात

लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम 4 जून को आ चुके हैं. इन चुनावों को लेकर फिल्मी गलियारों में भी काफी हलचल रही. कई शोबिज सितारे चुनावी मैदान में उतरे थे. हेमा मालिनी, कंगना रनौत सहित अरुण गोविल ने अपनी सीट से बड़ी जीत दर्ज की. कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश के मंडी से जीत हासिल कर राजनीति में धमाकेदार एंट्री कर ली है. जहां एक ओर जीत के बाद से ही कंगना खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, तो वहीं 13 साल पहले आई उनकी फिल्म का हीरो भी अपनी सीट से जीत चुका है. यह कोई और नहीं बल्कि चिराग पासवान हैं.

लोक जन शक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान की पार्टी ने 5 सीटों पर चुनाव लड़ा और सभी पर जीत गए. दरअसल चिराग पासवान ने इस बार बिहार के हाजीपुर से चुनाव लड़ा था, जहां उनकी धमाकेदार जीत हुई. अब आप सोच रहे होंगे कि, कई और सितारे भी अपनी-अपनी सीट से चुनाव लड़कर जीते हैं, तो हम बस कंगना रनौत और चिराग पासवान का ही जिक्र क्यों कर रहे हैं. इसकी वजह है- फिल्म.

**अब संसद में मिलेंगे कंगना रनौत और चिराग पासवान**

कंगना रनौत और चिराग पासवान दोनों ही फिल्मी जगत से आते हैं. वहीं 13 साल पहले एक ही फिल्म में काम भी कर चुके हैं. फिल्म का नाम था- 'मिले न मिले हम'. यह चिराग पासवान की पहली फिल्म थी. फिल्म को तनवीर खान ने डायरेक्ट किया था. इसमें कंगना रनौत और चिराग पासवास के अलावा नीरू बाजवा और सागरिका घाटगे भी नजर आई थी. चिराग पासवान की डेब्यू फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से पिट गई थी.

इसके बाद उन्होंने पॉलिटिक्स की ओर रुख किया. साल 2014 के लोकसभा चुनाव में बिहार की जमुई से चुनाव लड़े और जीत हासिल की. बेशक चिराग पासवान की बॉलीवुड में एंट्री फ्लॉप रही हो, पर उनकी और कंगना रनौत की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था. दरअसल ऐसा पहली बार हो रहा है, जब एक ही फिल्म के दोनों हीरो-हीरोइन अपनी सीट से साथ में चुनाव जीत गए हों.



**क्या थी फिल्म की कहानी ?**

2013 में रिलीज हुई 'मिले न मिले हम' की कहानी चिराग के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है. जो टेनिस प्लेयर बनना चाहता है. वहीं फिल्म में उनकी मां को टेनिस से नफरत थी. माता-पिता का तलाक हो जाता है. वहीं, उन्हें फैमिली का कोई सपोर्ट नहीं मिलता. फिर उनकी जिंदगी में अनिशका (कंगना रनौत) की एंट्री होती है. प्यार और करियर के बीच ही फिल्म की कहानी दिखाई गई है.यह चिराग पासवान के करियर की पहली और आखिरी फिल्म साबित हुई. इसके बाद वो पूरी तरह से राजनीति में आ गए. वहीं कंगना रनौत ने कई फिल्मों में काम किया. इस बार उन्होंने राजनीति में अपनी किस्मत आजमाई और मंडी से चुनाव जीत लिया. वहीं, 13 साल बाद कंगना रनौत और चिराग पासवान फिर एक ही छतरी के नीचे नजर आ रहे हैं. बेशक 13 सालों में दोनों के बीच कोई बातचीत न हुई हो, पर अब संसद में मुलाकात होना तय है, इसकी वजह है राजनीति.